खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 30°C
न्यूनतम : 18°C

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

मुरादाबाद, रविवार 31 मई 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 284 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2083 13 जिलहिज्जा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




**देश को अब एक शिक्षित प्रधानमंत्री की जरूरत: केजरीवाल** पेज 2



**विनेश फोगाट एशियन गेम्स ट्रायल्स में हारीं** खेल टाइम्स



**ट्रम्प की ईरान बैठक रही बेनतीजा, नहीं हो सका कोई फैसला या समझौता** पेज 2



**श्रद्धा कपूर का माइकल जैक्सन के गाने पर फनी डांस वायरल** बॉलीवुड

# राजस्थान के 5 जिलों में रेतीला बवंडर, दिन में छाया अंधेरा

## यूपी-बिहार में आंधी-तूफान से अब तक 48 लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** राजस्थान के 5 जिलों श्रीगंगानगर, बीकानेर, चूरू, हनुमानगढ़ और सीकर में शनिवार दोपहर रेतीला तूफान आया है। इसके कारण करीब 200 वर्ग किलोमीटर एरिया प्रभावित हुआ।

हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर के रेतीले तूफान की शुरुआत हुई। इस दौरान 60 से 80 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से आंधी चली। रेतीले तूफान के कारण दिन में ही अंधेरा छा गया। तूफान के कारण दिन में लोगों को वाहनों की हेडलाइट जलानी पड़ गई। इसके कई वीडियो सामने आए हैं। इनमें लोग भागकर घरों में जाते दिखे और घरों को बंद कर लिया। स्थानीय लोगों ने कहा कि ऐसा रेतीला तूफान पहले कभी नहीं देखा। धूल का गुबार 80-100 फीट ऊंचा था। हालांकि तूफान की ऊंचाई का आधिकारिक आंकड़ा सामने नहीं आया है। इधर तूफान के असर से कई पेड़ उखड़ गए, लाइट पोल टूट गए। फिलहाल किसी की मौत की जानकारी सामने नहीं आई है। दरअसल पाकिस्तान से उठे तूफान का असर राजस्थान के बॉर्डर वाले जिलों पर हुआ है। उप्र में पिछले 24 घंटों में छह और लोगों की मौत के बाद आंधी-तूफान से मरने वालों की संख्या 31 हो गई है। उधर बिहार में आंधी-तूफान से अब तक 17 लोगों की जान चली गई है। यूपी के 46 जिलों में आंधी-तूफान का अलर्ट जारी किया गया है।



**■ पाकिस्तान से उठे तूफान ने बदला मौसम, 60 से 80 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से चली आंधी, करीब 200 वर्ग किलोमीटर का एरिया हुआ प्रभावित**


# उप्र में महंगी बिजली का करंट

## जून के बिल में लगेगा 10 प्रतिशत ईंधन अधिभार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के करोड़ों बिजली उपभोक्ताओं को जून माह में अधिक बिजली बिल का सामना करना पड़ सकता है। उत्तर प्रदेश पॉवर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) ने वितरण कंपनियों को मार्च 2026 के बढ़े हुए विद्युत खरीद और पारेषण व्यय की भरपाई के लिए जून 2026 के बिलों में 10 प्रतिशत ईंधन एवं विद्युत क्रय समायोजन अधिभार (फ्यूल सरचार्ज) वसूलने के निर्देश दिए हैं।

शुक्रवार देर रात जारी आदेश के अनुसार मार्च 2026 के लिए निर्धारित यह अधिभार जून के बिजली बिलों में जोड़ा जाएगा। सूत्रों के अनुसार जुलाई माह में भी इसी प्रकार का 10 प्रतिशत अधिभार वसूला जा सकता है, जिससे उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ने की आशंका है। प्रदेश में लगभग 3.73 करोड़ बिजली उपभोक्ता हैं और इस निर्णय का सीधा असर घरेलू, व्यावसायिक तथा अन्य श्रेणी के उपभोक्ताओं पर पड़ेगा। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष तथा राज्य सलाहकार समिति के सदस्य



**■ इसी प्रकार का 10 प्रतिशत अधिभार जुलाई में भी वसूला जाएगा!**

अवधेश कुमार वर्मा ने इस निर्णय का विरोध करते हुए कहा कि फरवरी 2026 में भी 10 प्रतिशत फ्यूल सरचार्ज लगाया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि भीषण गर्मी, बिजली संकट, महंगाई तथा पेट्रोल-डीजल और दैनिक उपभोग की वस्तुओं की बढ़ती कीमतों के बीच बिजली दरों में यह अतिरिक्त वृद्धि आम उपभोक्ताओं के लिए बड़ी परेशानी साबित होगी। वर्मा ने दावा किया कि विद्युत नियामक आयोग (यूपीईआरसी) के टैरिफ आदेश में स्वीकृत वास्तविक विद्युत क्रय लागत 4.94 रुपये प्रति यूनिट थी, जबकि मार्च 2026 में बिजली खरीद की कीमत लगभग 5.86 रुपये प्रति यूनिट दर्शाकर उपभोक्ताओं पर करीब 1,610 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ डाला गया है। उन्होंने मांग की कि मार्च 2026 में महंगी बिजली किन निजी विद्युत उत्पादक कंपनियों से खरीदी गई और किन परिस्थितियों में खरीदी गई, इसकी निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए। उपभोक्ता परिषद का आरोप है कि मार्च माह के फ्यूल सरचार्ज में पूर्व अवधि के लगभग 1,400 करोड़ रुपये के दावों को भी शामिल किया गया है, जिससे उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त भार बढ़ा है। उपभोक्ता परिषद ने यह भी दावा किया कि प्रदेश की बिजली कंपनियों के पास पहले से ही 51,000 करोड़ रुपये से अधिक का उपभोक्ता अधिशेष (कंज्यूमर सरप्लस) उपलब्ध है। ऐसे में अतिरिक्त अधिभार लगाने से पहले मामले को उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग के समक्ष रखा जाना चाहिए था।

## संक्षिप्त समाचार

### बंगाल में टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी से मारपीट



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के सोनारपुर दक्षिण में टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी से शनिवार शाम को मारपीट हुई है। वे यहां चुनावी हिंसा के पीड़ित टीएमसी कार्यकर्ताओं से मिलने पहुंचे थे। आरोप है कि वहां पहुंचते ही भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें घेर लिया और नारेबाजी करते हुए उनके साथ मारपीट कर दी। लोगों ने उन पर पत्थर, जूते और अंडे फेंके, उनकी शर्ट फाड़ दी। अभिषेक को हेलमेट पहनाकर वहां से निकाला गया। पूर्व सीएम ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक ने कहा कि देखो उन्होंने मेरे साथ क्या किया है। यह पहले से प्लान था। इलाके में कोई पुलिस नहीं है। वे मुझे मारना चाहते हैं। हेलमेट की वजह से सिर बच गया। ऐसे हमलों से हम डरेंगे नहीं। पूरी घटना कैमरे में कैद हो गई है।

### नीट व सीबीएसई के बाद सीयूईटी एग्जाम में भी गड़बड़ी

**नई दिल्ली।** 30 मई को तकनीकी गड़बड़ी की वजह से कामन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट-अंडरग्रेजुएट यानी सीयूईटी-यूजी की पहली शिफ्ट की परीक्षा दो घंटे देर से शुरू हुई। परीक्षा सुबह 9 बजे शुरू होनी थी, लेकिन ये बाद में दिन में 11 बजे से शुरू हो सकी। देश के कई परीक्षा केंद्रों पर सर्वर और सिस्टम में आई दिक्कतों की वजह से पेपर टाइम पर शुरू नहीं हो सका। कई जगह छात्रों को घंटों इंतजार करना पड़ा, जबकि कुछ केंद्रों पर छात्रों का दावा है कि 4 घंटे इंतजार के बाद परीक्षा रद्द कर दी गई है। सीयूईटी एक कंप्यूटर बेस्ड एग्जाम है, जिसे नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए कराती है। एनटीए के मुताबिक, टीसीएस यानी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज की ओर से तकनीकी गड़बड़ी के चलते एग्जाम देर से शुरू हुआ।

# राजीव कृष्ण ही होंगे यूपी के परमानेंट DGP

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** यूपी को 4 साल के इंतजार के बाद परमानेंट (स्थायी) पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) मिलने जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, मौजूदा कार्यवाहक डीजीपी राजीव कृष्ण ही यूपी के नए परमानेंट डीजीपी होंगे।

राज्य सरकार जल्द ही इसका आदेश जारी कर सकती है। यूपीएससी की गाइडलाइन और सुप्रीम कोर्ट के नियमों के मुताबिक, वह कम से कम 2 साल तक यूपी के डीजीपी रहेंगे। राजीव कृष्ण एक जून, 2025 से कार्यवाहक डीजीपी की कमान संभाल रहे हैं। दरअसल, यूपी सरकार ने परमानेंट डीजीपी को लेकर यूपीएससी को 19 आईपीएस के नाम भेजे थे।



**■ रेणुका मिश्रा व पीयूष आनंद को छोड़ा पीछे**

**■ चार साल इंतजार करने के बाद नाम हुआ फाइनल**

### डीके शिवकुमार होंगे कर्नाटक के 24वें मुख्यमंत्री

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार अब राज्य के 24वें मुख्यमंत्री बनेंगे। बेंगलुरु में शनिवार को कांग्रेस विधायक दल की बैठक में उन्हें विधायक दल का नेता चुना गया। 28 मई को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने वाले सिद्धारमैया ने उनके नाम प्रस्ताव रखा। इसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। कांग्रेस नेता चंद्रशेखर के मुताबिक, शपथ ग्रहण 3 जून को लोक भवन के ग्लास हाउस में होगा। सूत्रों के मुताबिक सीएम के साथ-साथ कैबिनेट भी बदलेगी। मौजूदा कैबिनेट से 10 मंत्री हटाए जा सकते हैं। इसमें सिद्धारमैया व मल्लिकार्जुन खड़गे के बेटे भी शामिल होंगे। 4 डिप्टी सीएम भी बनाए जा सकते हैं। शिवकुमार सीएम रोटेशनल फॉर्मूला के तहत मुख्यमंत्री बनाए गए हैं।




# फर्जी मुकदमों पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने वैवाहिक विवादों में झूठे और दुर्भावनापूर्ण आपराधिक मामलों के बढ़ते चलन पर कड़ी चिंता जताई। अदालत ने कहा कि अदालतों और वकीलों दोनों की जिम्मेदारी है कि वे व्यक्तिगत रंजिश निकालने के लिए आपराधिक कानून के दुरुपयोग को हतोत्साहित करें।

न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने पति और उसके परिवार के सदस्यों के खिलाफ दर्ज 10 से अधिक आपराधिक मामलों को रद्द करते हुए यह टिप्पणी की। इन मामलों में पोक्सो कानून और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत दुष्कर्म के आरोप भी शामिल थे। अदालत ने टिप्पणी की कि, वैवाहिक विवादों के क्षेत्र में तुच्छ और झूठे आरोपों पर आधारित दुर्भावनापूर्ण मुकदमों को न्यायालयों और बार के सदस्यों द्वारा हतोत्साहित किया जाना चाहिए। अधिवक्ताओं को अपने मुवक्किलों को जीवनसाथी के खिलाफ तुच्छ आपराधिक कार्यवाही शुरू करने के लिए प्रोत्साहित करने के बजाय ऐसा न करने की सलाह देनी चाहिए। पीठ ने अचिन गुप्ता बनाम हरियाणा सरकार के एक मामले में की गई टिप्पणी का भी जिक्र किया। उस फैसले में कहा गया था कि वकीलों पर सामाजिक जिम्मेदारी है कि वे पारिवारिक जीवन के सामाजिक ताने-बाने को टूटने से बचाएं। अदालत ने कहा था कि छोटे-छोटे विवादों को बढ़ा-चढ़ाकर आपराधिक शिकायतों का रूप नहीं दिया जाना चाहिए।



**■ कोर्ट ने पति पर लगे दुष्कर्म समेत 10 केस किए खारिज**



## संक्षिप्त समाचार

### कपास के अक्टूबर तक आयात पर सीमा शुल्क में पूरी तरह छूट

**नई दिल्ली।** घरेलू कपड़ा उद्योग के लिए कपास की उपलब्धता बढ़ाने के उद्देश्य से, केंद्र ने कपास के आयात पर लगने वाले सभी सीमा शुल्कों से अस्थाई रूप से छूट दे दी है। शनिवार को जारी एक सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार यह छूट 1 जून, 2026 से 30 अक्टूबर, 2026 तक लागू रहेगी। सरकार का कहना है कि इस अस्थाई शुल्क छूट से कपड़ा और परिधान क्षेत्र में कच्चे माल की लागत कम होने की उम्मीद है, जिससे निर्माताओं और उपभोक्ताओं को लक्षित राहत मिलेगी और साथ ही घरेलू किसानों के हितों का भी ध्यान रखा जाएगा।

### अफगानिस्तान में शरणार्थियों का ट्रक पलटा, 22 की मौत

**काबुल।** अफगानिस्तान के लघमान प्रांत के सोरखाकन इलाके में अफगान शरणार्थियों को ले जा रहा एक ट्रक शनिवार सुबह पलट गया, जिसमें कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में 36 अन्य घायल हो गए। नांगरहार के सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रमुख, मौलवी अमीनउल्लाह शरीफ ने पज्वोक समाचार एजेंसी को यह जानक. ारी दी। एक प्रवासी वाहन के पलटने से महिलाओं एवं बच्चों सहित 22 लोगों की मौत हो गई।

### पूर्व सांसद नीलम सोनकर को राहत

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश में आजमगढ़ जिले की एक अदालत ने भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व सांसद नीलम सोनकर को दो पुराने चुनावी मामलों में बड़ी कानूनी राहत प्रदान की है। अदालत ने दोनों मामलों में अभियोजन पक्ष की ओर से मुकदमे वापस लेने की अनुमति देते हुए नीलम सोनकर सहित सभी आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया।

# चार शांतिरक्षकों को सम्मानित करेगा यूएन

## इनमें भारतीय मेजर अभिलाषा बराक भी शामिल

**संयुक्त राष्ट्र, वार्ता**



संयुक्त राष्ट्र(यूएन) ने 'अंतर्राष्ट्रीय संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षक दिवस' के अवसर पर सेवा, साहस और बलिदान के लिए भारत की मेजर अभिलाषा बराक सहित चार यूएन शांतिरक्षकों को सम्मानित करने की घोषणा की है।

यह पुरस्कार आगामी पांच जून को न्यूयॉर्क में आयोजित एक विशेष समारोह में प्रदान किए जाएंगे। भारतीय सेना की मेजर अभिलाषा बराक को उनके असाधारण कार्य और अनुकरणीय नेतृत्व के लिए यूएन मिलिट्री जेंडर एडवोकेट ऑफ द ईयर पुरस्कार से नवाजा जाएगा। उन्होंने शांति मिशन के दौरान महिलाओं के अधिकारों और उनकी सुरक्षा की पुरजोर वकालत करते हुए जमीनी स्तर पर अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वैश्विक मंच पर उनके इस अद्वितीय योगदान को सराहते हुए ही उन्हें इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए चुना गया है।

वर्तमान में मेजर अभिलाषा बराक दक्षिणी लेबनान में तैनात संयुक्त राष्ट्र मिशन की भारतीय बटालियन में सामुदायिक संपर्क टीम की कमांडर और लैंगिक समन्वय अधिकारी के रूप में अपनी सेवाएं दे रही हैं। उन्होंने वहां व्यापक जनसंपर्क अभियानों का सफल नेतृत्व करते हुए पांच हजार से अधिक महिलाओं और लड़कियों तक अपनी पहुंच बनाई है। मेजर बराक ने विपरीत परिस्थितियों में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कई नवाचार-आधारित उपाय भी शुरू किए हैं। इस वर्ष तीन अन्य अंतर्राष्ट्रीय शांतिरक्षकों को भी सम्मानित किया जा रहा है। इनमें यूक्रेन के सर्गेई प्रिखोदको को मरणोपरांत प्रतिष्ठित 'कैप्टन म्बाए डियान पदक' से सम्मानित किया जाएगा।

वहीं उरुग्वे के सार्जेंट मातियास रेएस को भी 'कैप्टन म्बाए डियान पदक' प्रदान किया जाएगा, जबकि जर्मनी की इंस्पेक्टर स्टेफनी कोनिग्स को सर्वश्रेष्ठ महिला पुलिस अधिकारी के पुरस्कार से विभूषित किया जाएगा।

# ट्रम्प की ईरान के साथ बैठक बेनतीजा खत्म

**वाशिंगटन, वार्ता**

ईरान अमेरिका समझौते को लेकर विशेष कक्ष में हुई एक उच्च स्तरीय बैठक के दो घंटे लंबी चलने के बाद भी दुनिया को सिर्फ इंतजार ही हाथ लगा है।

इस बैठक में खाड़ी में चल रही जंग को लेकर आखिरी फैसले पर बातचीत हुई और अंतिम फैसले का भरोसा दिया गया, लेकिन यह बैठक आखिरकार बेनतीजा खत्म हो गई। जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को व्हाइट हाउस के खास कमरे, सिचुएशन रूम में अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा टीम की बैठक बुलाई, तो बनाए गए माहौल से यह उम्मीद की जा रही थी कि वे किसी फैसले के साथ बाहर आएंगे। उन्होंने दिन की शुरुआत में ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर इसके संकेत भी दिए थे कि ईरान के साथ एक अस्थाई व नाजुक समझौते पर अंतिम फैसला होने वाला है, लेकिन दो घंटे बाद वे बिना कुछ बोले बाहर निकल गए और दुनिया इंतजार करती रह गई। बैठक के बाद कोई घोषणा नहीं की गई और न ही किसी समझौते की पुष्टि हुई। व्हाइट हाउस के एक



■ नहीं हो सका कोई फैसला या समझौता, दुनिया को सिर्फ इंतजार

अधिकारी ने केवल इतना संक्षिप्त आश्वासन दिया कि ट्रम्प केवल वही समझौता करेंगे, जो अमेरिका के लिए अच्छा हो और उनकी शर्तों को पूरा करता हो, जो कि तथ्य से ज्यादा एक रणनीतिक रुख को दर्शाता है।

राष्ट्रपति ट्रम्प ने बाद में ट्रुथ सोशल के जरिए कहा कि अगले नोटिस तक कोई धनरा. शि ली या दी नहीं जाएगी और बहुत कम महत्व की अन्य वस्तुओं पर सहमति बन गई है। हालांकि यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि क्या वे होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने और परमाणु वार्ता शुरू करने के लिए ईरान के साथ उभर रहे समझौते पर हस्ताक्षर करने की योजना बना रहे हैं। इस बैठक में विदेश मंत्री मार्को रुबियो और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए, जिसका मुख्य फोकस दो जुड़े हुए लक्ष्यों पर था, रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलना और ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर औपचारिक बातचीत की दोबारा शुरुआत करना। ट्रम्प ने अपने शुरुआती पोस्ट में जलमार्ग को खोलने के साथ-साथ कई कड़ी मांगें रखी थीं। ईरान ने अमेरिका की इन मौजूदा शर्तों पर किसी भी समझौते को सार्वजनिक रूप से खारिज कर दिया है। ईरानी अधिकारियों का कड़ा रुख है कि जब तक विदेशी बैंकों में जब्त पड़ी उनकी लगभग बारह बिलियन डॉलर की संपत्ति को जारी नहीं किया जाता, तब तक कोई सार्थक बातचीत शुरू नहीं हो सकती। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने स्पष्ट किया कि किसी भी सहमति पत्र को अंतिम रूप नहीं दिया गया है और न ही इस बात की कोई पुष्टि है कि निचले स्तर के वार्ताकारों द्वारा चर्चा किए जा रहे इस मसौदे को ईरान के सर्वोच्च नेतृत्व ने मंजूरी दी है।

## यूपी के 46 जिलों में आंधी-तूफान का अलर्ट, 14 जिलों में होगी भारी बारिश

# बारिश व आंधी से 31 लोगों की मौत, परिंदे भी मरे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** नौतपा की भीषण गर्मी के बीच उत्तर प्रदेश में मौसम ने अचानक करवट ले ली है। मौसम विभाग ने शनिवार के लिए प्रदेश के 46 जिलों में तेज आंधी, मेघगर्जन और वज्रपात का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जबकि 14 जिलों में भारी वर्षा की चेतावनी दी गई है।

गुरुवार देर रात से सक्रिय हुए पश्चिमी विक्षोभ तथा बंगाल की खाड़ी एवं अरब सागर से आ रही नम हवाओं के प्रभाव से प्रदेष्ठा के अनेक हिस्सों में तेज हवाएं, गरज-चमक और बारिश हुई। राजधानी लखनऊ सहित पश्चिमी एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में मौसम सुहावना हो गया। तराई क्षेत्र में भी अच्छी वर्षा दर्ज की गई,



■ मुजफ्फरनगर समेत 46 जिलों में हवाओं के साथ वज्रपात का औरेंज अलर्ट जारी, चित्रकूट में पेड़ गिरने से 500 तोते मरे

जबकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों में ओलावृष्टि हुई। मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार को प्रदेश के कई जिलों में अधिकतम तापमान सामान्य से आठ डिग्री सेल्सियस तक नीचे दर्ज किया गया। पिछले 24 घंटों में छह और लोगों की मौत के बाद आंधी-तूफान से मरने वालों की संख्या बढ़कर 31 हो गई है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सहारनपुर सबसे अधिक वर्षा वाला जिला रहा, जहां 32 मिमी बारिश हुई। हाथरस में 30 मिमी तथा बिजनौर, हमीरपुर और जालौन में 20-20 मिमी वर्षा दर्ज की गई। सीतापुर, बदायूं और झांसी समेत कई जिलों में ओलावृष्टि भी हुई। मौसम विभाग ने शनिवार के लिए बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, सोनभद्र, मिर्जापुर, संत रविदास नगर (भदोही), देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीता. पुर, कानपुर देहात, कानपुर नगर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, मेरठ, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी और ललितपुर जिलों में 50 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाओं, मेघगर्जन और वज्रपात का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा बांदा, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहज. हांपुर, संभल, बदायूं, हमीरपुर, महोबा, झांसी और ललितपुर जिलों में भारी वर्ज़ा की चेतावनी जारी की गई है। चित्रकूट में आंधी-बारिश की चपेट में आकर करीब 500 तोते मारे गए हैं। पेड़ों के गिरने और तेज हवाओं से पक्षियों के झुंड बुरी तरह प्रभावित हुए हैं।

### मानसून में 35 करोड़ पौधे लगाएगी योगी सरकार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में हरित आवरण बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से योगी सरकार ने पौधरोपण महाभियान-2026 की तैयारियां तेज कर दी हैं। मानसून सत्र के दौरान जनसहभागिता के माध्यम से प्रदेश में 35 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए 1900 से अधिक नर्सरियों में 52.44 करोड़ पौधे तैयार किए जा रहे हैं। वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अधिकारियों के अनुसार पिछले नौ वर्षों में प्रदेश में 242 करोड़ से अधिक पौधों का रोपण किया जा चुका है।

# सूर्या चौहान हत्याकांड के दोषियों को सजा मिले

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने गाजियाबाद जिले के खोड़ा क्षेत्र में नौजवान सूर्या चौहान के हत्यारों को कड़ी सजा देने की मांग की है। सुश्री मायावती ने हत्या की घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए इसे अति दुखद और चिंताजनक बताया और प्रदेश सरकार से त्वरित कार्रवाई की मांग की।

सोशल मीडिया पर जारी बयान में मायावती ने कहा कि यूपी के जिला गाजियाबाद में खोड़ा के एक नौजवान युवक सूर्या चौहान की हुई हत्या की घटना अति दुखद व चिंताजनक है। इस तरह की घटनाएं आएदिन सामने आ रही हैं, जिनकी रोकथाम के लिए शासन और प्रशासन को ठोस कदम उठाने की जरूरत है। उन्होंने मांग की कि इस हत्याकांड में



■ मायावती ने चौहान की हत्या को बताया दुखद

शामिल अपराधियों की पहचान कर उन्हें कानूनी रूप से कड़ी सजा दी जाए। उन्होंने यह भी चेताया कि जैसे-जैसे चुनाव का समय नजदीक आता जाएगा, ऐसी घटनाओं के व्यापक दुष्परिणाम होंगे। अत: सरकार पूरी तरह सतर्क रहे।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## बिज़नेस-टाइम्स

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 75867.80 | |
| निफ्टी | 23907.15 | |
| सोना | 156000 | प्रति 10 ग्राम |
| चांदी | 263000 | प्रति किलो |

# भारतीय अर्थव्यवस्था का परिदृश्य मजबूत सतर्कता की जरूरत: वित्त मंत्रालय

**नई दिल्ली, वार्ता**

वित्त मंत्रालय ने विभिन्न संकेतकों के हवाले से भारतीय अर्थव्यवस्था के परिदृश्य को मजबूत बताया, लेकिन साथ ही पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर सतर्कता की आवश्यकता पर भी जोर दिया। वित्त मंत्रालय की शनिवार को जारी मासिक रिपोर्ट के अनुसार सेवा क्षेत्र का निर्यात मजबूत है, देश के पास विदेशी मुद्रा भंडार का पर्याप्त भंडार है और बाजार में स्थिरता है, जो एक मजबूत आधार प्रदान करता है। रिपोर्ट में कहा गया है, निकट भविष्य में देश का (आर्थिक) परिदृश्य मजबूत है, लेकिन सतर्कता की जरूरत है।

वैश्विक माहौल में चुनौतियां बढ़ने का जिक्र करते हुए मंत्रालय ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतें ऊंची बनी हुई हैं, वित्तीय परिस्थितियां प्रतिकूल हो रही हैं और दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में वृद्धि की रफ्तार सुस्त पर रही है। ये सभी कारक भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए नकारात्मक हैं। रिपोर्ट में पश्चिम एशिया संकट शुरू होने के बाद घरेलू उद्योगों,



■ कच्चे तेल की कीमतें ऊंची बनी हुई हैं, वित्तीय परिस्थितियां प्रतिकूल हो रही हैं

विषेशकर निर्यातकों की मदद के लिए सरकार द्वारा किए गए उपायों का भी जिक्र किया गया है। इनमें एमएसएमई के लिए 2.55 लाख करोड़ की इमरजेंसी क्रेडिट लाइन गारंटी स्कीम 5.0 और कोल/लिगनाइट गैसीफिकेशन स्कीम शामिल हैं। मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर रिपोर्ट की मुख्य बातें साझा करते हुए सिर्फ मार्च तक के आंकड़ों का उल्लेख किया है। औद्योगिक उत्पादन के अप्रैल के आंकड़े महीने के अंतिम कार्यदिवस पर 29 मई को जारी किए जाने थे, लेकिन ये अभी जारी नहीं हुए हैं। खुदरा और थोक मुद्रास्फीति के अप्रैल के आंकड़े जारी हो चुके हैं, लेकिन मुख्य बातों में मार्च के आंकड़ों को रखा गया है।

### इस हफ्ते सोने-चांदी में गिरावट रही


**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में इस हफ्ते गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 1,654 रुपए गिरकर 1.56 लाख रुपए हो गया है। इससे पहले ये बीते सप्ताह यानी 23 मई को 1. 58 लाख रुपए पर था। वहीं चांदी 2.66 लाख रुपए किलो से गिरकर 2.63 लाख रुपए पर आ गई है। यानी इसकी कीमत 2,650 रुपए कम हुई। सोने में इस साल की शुरुआत में तेजी दिखी थी, लेकिन पिछले कुछ हफ्तों में मुनाफावसूली और वैश्विक कारणों से इसमें गिरावट आई है। चांदी में सोने के मुकाबले ज्यादा उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। यह अपने ऑलटाइम हाई से काफी नीचे आई है। आमतौर पर जंग के माहौल में सोने-चांदी के दाम बढ़ते हैं, लेकिन इस बार स्थिति थोड़ी अलग है।

# उप्र के 1.40 लाख से अधिक स्कूलों का होगा सेफ्टी ऑडिट

**लखनऊ, वार्ता**

उत्तर प्रदेश सरकार ने स्कूली बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रदेश के सभी सरकारी और सहायता प्राप्त विद्यालयों में व्यापक सुरक्षा ऑडिट एवं जोखिम आकलन (रिस्क असेसमेंट) कराने का निर्णय लिया है। इस पहल के तहत राज्य के 1,40,555 से अधिक शैक्षणिक संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्थाओं का मूल्यांकन किया जाएगा।

अधिकारियों के अनुसार इस अभियान में प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, कंपोजिट, माध्यमिक विद्यालयों तथा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों को शामिल किया गया है। सरकार का उद्देश्य लाखों विद्यार्थियों को



अधिक सुरक्षित और संरक्षित शिक्षण वातावरण उपलब्ध कराना है। योजना के तहत प्रदेश के सभी जिलों में विद्यालयों का वैज्ञानिक एवं तकनीकी मानकों के आधार पर निरीक्षण किया जाएगा। इस दौरान विद्यालय भवनों की संरचनात्मक स्थिति, अग्नि सुरक्षा, विद्युत सुरक्षा, आपदा प्रबंधन की तैयारी, स्वच्छता सुविधाएं, प्रवेश एवं निकास व्यवस्था तथा परिसर की समग्र सुरक्षा व्यवस्था का विस्तृत परीक्षण किया जाएगा। साथ ही संभावित जोखिमों की पहचान कर उनके निवारण के लिए विस्तृत सुझाव भी तैयार किए जाएंगे। इस परियोजना के क्रियान्वयन के लिए बेसिक शिक्षा विभाग और माध्यमिक शिक्षा विभाग ने शुक्रवार को केंद्र सरकार के गवर्नमेंट ई- मार्केटप्लेस (जेम) पोर्टल के माध्यम से चयनित एजेंसी बेनेट कोलमैन एंड कंपनी लिमिटेड (बीसीसीएल) के साथ समझौता किया। महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी, प्रभारी निदेशक माध्यमिक शिक्षा सुरेंद्र कुमार तिवारी, निदेशक बेसिक शिक्षा प्रताप सिंह बघेल तथा बीसीसीएल के मुख्य व्यवसाय अधिकारी कुलदीप पाठक और मुख्य प्रबंधक एवं क्षेत्रीय प्रमुख बृजेश कुमार मिश्रा उपस्थित रहे।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# देश को अब एक शिक्षित प्रधानमंत्री की जरूरत : केजरीवाल

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने राष्ट्रीप पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) पेपर लीक पर रोक लगाने के लिए उठाए जा रहे निष्प्रभावी कदमों के लिए केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि निश्चित रूप से अब देश को एक शिक्षित प्रधानमंत्री की जरूरत है।

आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविद केजरीवाल ने पेपर लीक और इसे रोकने के लिए उठाए जा रहे निष्प्रभावी कदमों के लिए केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि निश्चित रूप से अब देश को एक शिक्षित प्रधानमंत्री की जरूरत है। मौजूदा केंद्र सरकार नीट पेपर लीक की जड़ तक पहुं. चने के बजाय अनपढ़ों जैसी बात कर रही है। सरकार कह रही है कि नीट में पेपर लीक रोकने के लिए वायु सेना के जहाज इस्तेमाल किए जाएंगे। क्या इससे पेपर लीक रूकेगा? उन्होंने कहा



■ पेपर लीक मामले पर आप ने पीएम को घेरा

कि वास्तविकता तो यह है कि पेपर लीक रोकने की सरकार की नीयत ही नहीं है। आज देश की शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह माफिया के चंगुल में आ चुकी है। अगर व्यवस्था को ठीक करना है, तो सबको मिलकर कुछ करना होगा। अकेले किसी के कुछ करने से नहीं होगा। केजरीवाल ने शनिवार को एक वीडियो संदेश जारी कर कहा कि मैं खुद आईआईटी से इंजीनियर हूं, पढ़ा-लिखा हूं। इसलिए शिक्षा के महत्व को समझता हूं। उन्होंने कहा कि मैं मानता हूं कि जब तक हर बच्चे को अच्छी शिक्षा नहीं मिलेगी, तब तक देश तरक्की नहीं कर सकता। शुक्रवार को हमारे देश की सरकार ने एलान किया है कि अब नीट के पेपर को लीक होने से बचाने के लिए एयरफोर्स के जहाज और एयरफोर्स के बुलेट प्रूफ ट्रकों से उसे ट्रांसपोर्ट करेंगे। यह क्या मजाक बना रखा है? क्या हमें बेवकूफ समझा जा रहा है? केजरीवाल ने कहा कि पूरी दुनिया में इतने बड़े-बड़ पेपर होते हैं, लेकिन क्या कहीं सुना है कि एयरफोर्स से उन्हें ट्रांसपोर्ट किया जाता है? क्या कहीं इस किस्म की नौटंकी सुनी है? केवल और केवल इस सरकार को नौटंकी करनी आती है। यह दिखाने के लिए कि हमने कितना बड़ा कदम ले लिया। पेपर लीक होने से बचाने के लिए हम यह सब कर रहे हैं। सिस्टम को ठीक करने का सरकार का कोई इरादा नहीं है।

# खेत बचाओ अभियान एक जून से 30 तक देशभर में चलेगा: शिवराज चौहान

**नई दिल्ली, वार्ता**

उर्वरकों के संतुलित इस्तेमाल, मिट्टी की जांच, जैविक खाद को बढ़ावा देने के मकसद से केंद्रीय कृषि मंत्रालय का 'खेत बचाओ अभियान' एक जून से 30 जून तक देशभर में चलेगा। अभियान का लक्ष्य है कि खेत बचे, लागत संभले, मिट्टी सुधरे, किसान जागरूक बने और गांव स्तर पर कृषि प्रबंधन की नई संस्कृति विकसित हो।

एक सरकारी विज्ञप्ति में शनिवार को यह जानकारी दी गई। इसमें बताया गया है कि केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 'खेत बचाओ अभियान' को खेत, किसान और गांव को जोड़ने वाला व्यापक राष्ट्रीय अभियान बनाने का संदेश दिया है। इस अभियान की तैयारी के संबंध में चौहन ने यहां एक उच्चस्तरीय बैठक लेकर अभियान का फोकस संतुलित एवं विवेकपूर्ण उर्वरक उपयोग, मौसम की चुनौती के मद्देनजर समय पर किसान सलाह, पंचायत स्तर पर सक्रिय



■ खेत में जाकर किसान का दी जाएगी स्थिति विशेष की सलाह

भागीदारी और योजनाओं के लाभ को सीधे गांव तक पहुंचाने पर रखने की बात कही। श्री चौहान ने कहा कि जून महीने भर चलने वाले 'खेत बचाओ अभियान' को प्रभावी और परिणामकारी बनाने के लिए इसका फोकस खेत बचाने, लागत संतुलित करने और किसान को सही समय पर सही मार्गदर्शन देने पर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह अभियान ऊपर से नीचे तक नहीं, बल्कि पंचायत से लेकर राज्य और केंद्र तक साझी भागीदारी के मॉडल पर चलेगा। उन्होंने सबसे खास बल इस बात पर दिया कि रासायनिक उर्वरकों के असंतुलित उपयोग को कम करना अभियान का प्रमुख उद्देश्य होगा। किसानों को मिट्टी की जांच, संतुलित और सही मात्रा में खाद तथा अन्य कृषि आगतों के उपयोग के बारे में जागरूक करने, हरी खाद, जैविक और जैव- उत्पादों के उपयोग को बढ़ाने तथा एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन के बारे में बताने का लक्ष्य रखा गया है। कृषि मंत्री ने कहा कि आने वाले समय को लेकर जो मौसम संबंधी चिंता जताई जा रही है, उसके मद्देनजर किसानों को व्यावहारिक सलाह दी जाएगी कि वे क्या करें, क्या न करें, कौन-सी फसल लें, कहां फसल विविधीकरण अपनाएं और कम पानी या जोखिम की स्थिति में कौन-से विकल्प बेहतर रहेंगे। अभियान का उद्देश्य केवल संदेश देना नहीं, बल्कि खेत-स्तर पर किसान को स्थिति-विशेष के अनुरूप सलाह देना होगा। बैठक में यह भी कहा कि पंचायत स्तर पर इस अभियान को मजबूत आधार दिया जाएगा। पंचायत स्तर पर मशीनों का वितरण, योजनाओं का लाभ और जहां संभव हो वहां सरकारी कार्यक्रमों का प्रत्यक्ष लाभ भी इसी अभियान के अंतर्गत जोड़ा जाएगा। चौहान ने यह भी कहा कि अभियान को केवल विभागीय दायरे में सीमित नहीं रखा जाएगा।

### बीजेपी अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष से मांगे एक करोड़

**नागपुर।** भारतीय जनता पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी को व्हाट्सएप मैसेज के जरिए से जान से मारने की धमकी दी गई है। अज्ञात व्यक्ति ने उनसे 1 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी है। शुरुआती जांच में यह नंबर जम्मू-कश्मीर का बताया जा रहा है, हालांकि साइबर टीम की मदद से आरोपियों की तलाश जारी है। सिद्दीकी को 25 से 27 मई के बीच मोबाइल नंबर 8899162823 से धमकी भरे संदेश आए। आरोपी ने यूपीआई और बैंक ट्रांसफर के जरिए 50 लाख से 1 करोड़ रुपये तक की मांग की। उसी संदेश में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, सचिन पायलट और उदय भानु चिब को बम से उड़ाने की भी बात कही गई है। आरोपी ने दावा किया कि इन नेताओं ने उसका अपमान कर पार्टी से निकाल दिया, जिसका बदला वह लेना चाहता है।

# कोमल हत्याकांड में शादीपुर के प्रशांत को आजीवन कारावास





## साठ हजार रुपए का अर्थदण्ड

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** न्यायालय एडीजे ने एक तरफा प्रेम में दुस्साहस करते हुए दिनदहाड़े शिक्षिका कोमल को गोली मार कर मौत के घाट उतारने वाले कम्प्यूटर आपरेटर प्रशांत को आजीवन कारावास एवं साठ हजार रुपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। इस चर्चित हत्याकांड से छात्राओं व शिक्षिकाओं में दहशत फैल गई थी।

प्राप्त समाचार के अनुसार तीन मई, 2024 को दिनदहाड़े इस दुस्साहसिक वारदात को कम्प्यूटर आपरेटर प्रशांत पुत्र लवकुश निवासी ग्राम शादीपुर, थाना कोतवाली देहात ने अंजाम दिया था। स्थानीय बुखारा रोड पर खान कम्प्यूटर सेंटर के नाम से विख्यात एमयू खान का रूहेलखण्ड ऑल इण्डिया कम्प्यूटर एजुकेशन सैंटर है। यहां पर कोमल पुत्री सुरेश निवासी मौहल्ला चौधरियान नाम की युवती शिक्षिका थी। जो विद्यार्थियों को कम्प्यूटर के बारे में शिक्षा देती थी। पिछले लगभग 24 साल से यह प्रतिष्ठित कम्प्यूटर सैंटर हजारों युवाओं का भविष्य उज्जवल बना चुका था। यहां पर ग्राम शादीपुर, थाना कोतवाली देहात का रहने वाला प्रशांत पुत्र लवकुश भी कम्प्यूटर का कोर्स कर चुका था। वारदात के वक्त वह एक समाचार पत्र में कम्प्यूटर आपरेटर का काम करता था। सूत्रों का कहना है कि वह शिक्षिका से एक तरफा प्यार करने लगा था। उसके दिमाग पर आशिकी का भूत सवार हो गया था। वह पिछले कई दिनों से शिक्षिका के एक तरफा प्यार में पागल होकर कम्प्यूटर सेंटर के आसपास मंडराता रहता था। लेकिन सभ्य परिवार की संस्कारवान कोमल ने उसे कोई लिफ्ट नहीं दी। जिससे नाराज होकर उसने कोमल को जान से मारने का फैसला कर लिया था। वह पिछले कई दिनों से सही मौके की तलाश में था।

सूत्रों का कहना है कि दो मई को भी उसने कोमल का पीछा किया था और कम्प्यूटर सेंटर तक पहुंच गया था। लेकिन उसे मौका नहीं मिल पाया था। तीन मई की सुबह लगभग दस बजे प्रशांत उनकी क्लास में पहुंचा और पेट से तमंचा सटाकर गोली मार दी थी। गोली चलने की आवाज से कम्प्यूटर सेंटर में खलबली मच गई थी। सभी दहशत जदा हो गए थे। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी कम्प्यूटर आपरेटर वहां से फरार हो गया। घायल छात्रा को तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया था। लेकिन हालत गंभीर होने की वजह से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हायर सैंटर रैफर कर दिया गया। लेकिन शिक्षिका कोमल को बचाया नहीं जा सका था। मेरठ में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई थी। इस संबंध में शहर कोतवाली में शिक्षिका की मां संगीता की तरफ से मुकदमा अपराध संख्या 374/2024 धारा 302 आईपीसी एवं धारा 3/25/27 आयुद्ध अधिनियम में अभियोग पंजीकृत किया गया था। विवेचना पूर्ण कर पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित कर दिया था। न्यायालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने आज दोष सिद्ध अभियुक्त प्रशांत को आजीवन कारावास एवं साठ हजार रुपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

# बिजली घर पर किसानों का धरना

## मांगें पूरी न होने पर आंदोलन तेज



**मुसिफुल हक**

**भागूवाला।** विभिन्न मांगों को लेकर किसानों का बिजली घर पर चल रहा धरना आज भी जारी रहा। चेतावनी दी गई है कि अगर मांगें पूरी नहीं की गई, तो आंदोलन तेज किया जाएगा।

थाना मंडावली क्षेत्र के भागूवाला स्थित बिजली घर पर विभिन्न विद्युत समस्याओं को लेकर चल रहा किसानों का आंदोलन दूसरे दिन और तेज हो गया। विशाल भारतीय किसान यूनियन के नेतृत्व में चल रहे धरने के दौरान संगठन के एक पदाधिकारी ने भूख हड़ताल शुरू कर दी है। यूनियन ने चेतावनी दी है कि जब तक किसानों की मांगों का समाधान नहीं होता, तब तक धरना और अनिश्चितकालीन अनशन जारी रहेगा। किसान नेताओं का कहना है कि एक दिन पूर्व अधिकारियों के आश्वासन के बाद धरना समाप्त कर दिया गया था, लेकिन समस्याओं के समाधान की दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इससे किसानों में भारी रोष व्याप्त है। किसानों का आरोप है कि क्षेत्र में बिजली आपूर्ति, बार-बार ट्रिपिंग, लोवोल्टेज तथा अन्य विद्युत समस्याओं को लेकर लगातार शिकायतें की जा रही हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं। विशाल भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय संगठन महासचिव एम. अहमद ने कहा कि किसानों की समस्याओं का समाधान कराने और उच्च अधिकारियों से वार्ता कराने की मांग को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जब तक किसानों को न्याय नहीं मिलता, तब तक आंदोलन किसी भी कीमत पर समाप्त नहीं किया जाएगा। धरना स्थल पर मौजूद किसानों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए कहा कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ, तो आंदोलन को व्यापक रूप दिया जाएगा। किसानों ने चेतावनी दी कि समस्याओं के समाधान में हो रही देरी के लिए प्रशासन स्वयं जिम्मेदार होगा। क्षेत्र में चल रहे इस आंदोलन को लेकर ग्रामीणों और किसानों की नजरें अब प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी हुई हैं। वहीं भूख हड़ताल शुरू होने के बाद मामले ने और अधिक गंभीर रूप धारण कर लिया है।

## अकबराबाद बिजली घर में धरना



**बिजनौर।** अकबराबाद बिजली घर पर भारतीय किसान यूनियन का धरना दूसरे दिन भी जारी रहा। अकबराबाद बिजली घर के अंतर्गत ग्राम पित्तनहेड़ी में किसान मुनेंद्र सिंह काकरान ने 460 मी. लंबी ग्यारह हजार की लाइन का इस्टीमेट विभाग में जमा किया था। लेकिन सप्लाई चालू नहीं की गई और रात में लाइन चोरी हो गई। किसानों ने बिजली विभाग के अधिकारियों पर तार चोरी कराने का आरोप लगाया। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक बिजली विभाग लाइन नहीं चालू करता है, तब तक धरना जारी रहेगा। आज धरने पर जिला उपाध्यक्ष मुनेंद्र सिंह काकरान, ऋषि पाल सिंह, शुभम चौधरी, अतुल कुमार, शीशपाल सिंह, राजेंद्र कुमार, विपिन कुमार, राहुल कुमार आदि मौजूद रहे।

# सड़क किनारे घायल मिला फोटोग्राफर

**अफजलगढ़।** नगर के मौहल्ला किला निवासी सूरज अग्रवाल (27 वर्ष) पुत्र श्याम अग्रवाल फोटोग्राफी का का करता है। परिजनों ने बताया कि सूरज बीती रात एक कार्यक्रम में फोटोग्राफी करने के लिए घर से निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। आज सुबह उसके कालागढ़ मार्ग ग्राम अगवानपुर के निकट सड़क किनारे घायल हालत में पड़े होने की सूचना मिली, जिसके बाद परिजन और पुलिस मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अफजलगढ़ पहुंचाया। चिकित्सक के अनुसार युवक के सिर में गंभीर चोट होने की आशंका है। अस्पताल सूत्रों के मुताबिक घायल को अभी तक होश नहीं आया है तथा उसकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। चिकित्सकों का कहना है कि सीटी स्कैन रिपोर्ट आने के बाद ही चोटों की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। घटना को लेकर क्षेत्र में विभिन्न चर्चाएं हो रही हैं। परिजन भी युवक के घायल होने की परिस्थितियों को लेकर चिंतित हैं। वहीं पुलिस सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है। थानाध्यक्ष बिजेंद्र सिंह राठी ने बताया कि घायल युवक के मिलने की सूचना पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। मामले की जांच की जा रही है। परिजनों की ओर से तहरीर मिलने पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# सीएम के कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण



**अफजलगढ़।** ग्राम आलमपुर गावड़ी में एक जून को प्रस्तावित सीएम योगी के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर प्रशासनिक अमला पूरी तरह सक्रिय हो गया है। आज डीएम जसजीत कौर एवं एसपी अभिषेक झा ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण से पूर्व डीएम व एसपी ने विधायक कुंवर सुशांत सिंह के आवास पर कार्यक्रम को लेकर चर्चा की। इसके बाद कार्यक्रम स्थल का दौरा कर व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान एडीएम अंशिका दीक्षित, एसडीएम धामपुर स्मृति मिश्रा, एसपी पूर्वी अमित किशोर श्रीवास्तव, सीओ अफजलगढ़ आलोक सिंह, थानाध्यक्ष बिजेंद्र सिंह राठी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अरविंद कुमार गहलौत, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष सरदार मलकीत सिंह, मंडल अध्यक्ष जयप्रकाश बंजारा, युवा नेता भीम सिंह रावत, भाजपा नेता मुकेश शर्मा, विनय कुमार गहलौत, विधायक प्रतिनिधि नितिन चौहान, प्रधान मनित प्रताप सिंह, पूर्व चेयरपर्सन पति सलीम अंसारी एड., कौशल चौहान, मेम्बर कलवा कुरैशी, राहुल ठाकुर, सर्वजीत सिंह हुंदल सहित प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कैंटर और गोदाम में भीषण आग

## खुर्शीद मंसूरी ने जताई सहानुभूति



**सोनू आदित्य**

**नजीबाबाद।** स्थानीय पालोमल कॉलोनी स्थित कबाड़ी मार्केट में आज तड़के शॉर्ट सर्किट के चलते हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर नीचे खड़े कैंटर पर गिर गया, जिससे गाड़ी में आग लग गई। आग ने देखते ही देखते पास के प्लास्टिक गोदाम को भी चपेट में ले लिया। हादसे में लाखों का सामान जलकर राख हो गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार आग की चपेट में आने से असलम के गोदाम में रखा प्लास्टिक का सामान और पुराने टायर जल गए। वहीं रफीक अहमद की 407 कैंटर गाड़ी बुरी तरह जल गई तथा तसलीम की पिकअप गाड़ी भी आग से जल गई। लोड ट्रक भी माल सहित जलकर राख हो गए। घटना से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर फायर ब्रिगेड और चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। एसआई विनोद कुमार पांडे व विरेंद्र गुर्जर ने दमकल कर्मियों के साथ मिलकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना की जानकारी मिलते ही सुबह करीब सात बजे साहनपुर नगर पंचायत अध्यक्ष एवं आजाद समाज पार्टी कांशीराम के मुरादाबाद मंडल प्रभारी खुर्शीद मंसूरी मौके पर पहुंचे। उन्होंने विद्युत विभाग के एसडीओ शंभूनाथ को बुलाकर घटनास्थल का निरीक्षण कराया और प्रभावित व्यापारियों को मुआवजा दिलाने के लिए फॉर्म-44 भरवाने की प्रक्रिया शुरू कराई। चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने आम जनता से अपील की है कि विद्युत तारों के नीचे किसी प्रकार का सामान न रखें और ट्रांसफार्मरों से सुरक्षित दूरी बनाए रखें। उन्होंने कहा कि वर्तमान में विद्युत लोड सामान्य क्षमता से लगभग तीन गुना अधिक चल रहा है, जिससे ऐसी घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन और विद्युत विभाग से प्रभावित व्यापारियों को शीघ्र मुआवजा देने और क्षेत्र की जर्जर विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग की है। सपा विधायक तसलीम अहमद ने भी मौके का दौरा कर प्रभावितों के साथ सहानुभूति जताई।

# ऑपरेशन के बाद पेट में प्लास्टिक की पत्ती छोड़ने के मामले में जांच शुरू

## अस्पताल का लाइसेंस जब्त करने की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** ऑपरेशन के बाद मरीज के पेट में प्लास्टिक की पत्ती छोड़ने के मामले में जांच शुरू हो गयी है। पीड़ित ने डीएम से इस मामले में कार्यवाही की मांग की थी। जिसके बाद जिला अस्पताल के सर्जन डॉ. नरेश जोहरी ने पीड़ित के बयान दर्ज किए और उससे मामले की जानकारी हासिल की।

प्राप्त समाचार के अनुसार शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम शादीपुर डल्ला निवासी अजीम ने डीएम को दिए शिकायती पत्र में बताया था कि उसके पिता इब्राहीम को पित्त में पथरी का ऑपरेशन कराने के लिए कैलाशवती हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। जहां उनका ऑपरेशन डॉ. वीरेंद्र सिंह ने किया था। ऑपरेशन के बाद पेट में जमा गंदा पानी व खून को निकालने के लिए लगाई गयी प्लास्टिक की पत्ती को डॉक्टर व उनका स्टाफ निकालना भूल गया। जिससे मरीज के पेट से लगातार खून का रिसाव होता रहा और उसकी हालत बिगड़ती रही। जिसके बारे में डॉक्टर से कहा, तो उन्होंने हायर सेंटर ले जाने की सलाह दी। करीब एक माह तक मरीज के परिजन उन्हें कई हॉस्पिटल में इलाज कराते रहें। लेकिन आराम नहीं मिला। फिर जाकर मेरठ के एक अस्पताल में कराये गए सिटी स्केन रिपोर्ट से पता चला की मरीज के पेट में पत्ती है। पीड़ित अजीम का कहना है कि डॉ. की लापरवाही से उसके पिता की जान खतरे में पहुंची और इलाज में लाखों रुपए खर्च हुए। इसलिए अस्पताल पर कार्यवाई की जाए।

# ईद पर टोटियों से आया रक्तयुक्त पानी

## पूर्व आशंका का पत्र सोशल मीडिया पर वायरल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** ईद-उल-अजहा के पावन अवसर पर नगर में उस समय भारी जनाक्रोश और सनसनी फैल गई, जब नगर पालिका व जल संस्थान की टोटियों से कथित तौर पर रक्तयुक्त और अत्यधिक दूषित पानी की आपूर्ति होने लगी। इस गंभीर लापरवाही को लेकर वार्ड संख्या 22 के सभासद मौहम्मद उस्मान जैदी ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। खास बात यह है कि सभासद ने इस भयावह स्थिति की आशंका जताते हुए त्योहार से पूर्व ही 23 मई को डीएम को पत्र सौंपकर आगाह किया था, लेकिन प्रशासन द्वारा समय रहते कोई कदम नहीं उठाया गया।

नगर में ईद-उल-अजहा के पावन अवसर पर उस समय भारी जनाक्रोश और सनसनी फैल गई, जब नगर के विभिन्न घरों में स्थापित जल संस्थान की टोटियों से कथित तौर पर रक्तयुक्त एवं अत्यधिक गंदा पानी आपूर्ति होने लगा, जिसके विचलित करने वाले फोटोग्राफ्स क्षेत्रीय सभासद द्वारा सोशल मीडिया पर सार्वजनिक किए गए हैं। इस गंभीर मामले को लेकर वार्ड संख्या 22 (मौहल्ला अकाबरान/पंजाबियान) के सभासद मौ. उस्मान जैदी ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए शासन-प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। सभासद द्वारा साझा किए गए साक्ष्यों के अनुसार, उन्होंने इस अप्रिय स्थिति की आशंका के चलते ईद के त्योहार से पूर्व ही, 23 मई डीएम को एक आधिकारिक लिखित शिकायत पत्र सौंपकर आगाह किया था। पत्र में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया था कि नगर में जल निगम द्वारा लगभग 86 करोड़ रुपए की भारी-भरकम लागत से कराए गए पाइपलाइन और कनेक्शन के कार्य अधूरे एवं दोषपूर्ण हैं, जिसके कारण अधिकांश वाटर कनेक्शनों में भारी लीकेज की समस्या बनी हुई है। पत्र में चेतावनी दी गई थी कि लीकेज के कारण न केवल घरों में दूषित पानी पहुंच रहा है, बल्कि आगामी त्योहार बकरा ईद के दौरान गलियों व नालियों में बहने वाला कुर्बानी के पशुओं का रक्त इन क्षतिग्रस्त भूमिगत पाइप लाइनों में रिसकर समाहित हो सकता है, जिससे पेयजल में रक्त मिश्रित होने की प्रबल आशंका है।

सभासद का आरोप है कि नगर पालिका और जल निगम के अधिकारियों को बार-बार अवगत कराने तथा डीएम से त्योहार से पूर्व लीकेज ठीक कराने के पुरजोर अनुरोध के बावजूद प्रशासनिक स्तर पर कोई ठोस सुधारात्मक कार्रवाई नहीं की गई।

लापरवाही के कारण त्योहार के दिन वही भयावह स्थिति उत्पन्न हो गई, जिससे स्थानीय जनता का स्वास्थ्य अत्यंत गंभीर खतरे में पड़ गया है और नागरिकों में प्रशासन के प्रति भारी रोष व्याप्त है।

## एक नजर

### चाचा पर जानलेवा हमला



**राजा का ताजपुर।** स्थानीय मौहल्ला जामा मस्जिद निवासी स्व. इशहाक अंसारी का पुत्र जुनैद अंसारी अपने घर पर विधवा मां से बातचीत कर रहा था। अचानक जुनैद अंसारी का बड़े भाई असलम अंसारी के बेटों साहिल व सुहैल अहमद अंसारी ने घर के बंटवारे को लेकर बातचीत कर रहे चाचा पर जानलेवा हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। चीख-पुकार सुनकर पड़ोसियों ने उसे बचाया। जुनैद अंसारी के सिर में चोट लगने से वह खून में लथपथ हो गया। परिवार के सदस्यों ने तुरंत पड़ौसियों की मदद से उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। घटना की खबर मिलते ही चौकी प्रभारी राजवीर सिंह ने भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच कर पीड़ित जुनैद अंसारी से जानकारी ली। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। चौकी प्रभारी राजवीर सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले को दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### हाथियों की गणना जारी



**कालागढ़।** कार्बेट वन्य जीव प्रशिक्षण केंद्र में हाथियों की आबादी एवं उनके आवागमन क्षेत्रों के वैज्ञानिक आकलन हेतु वन विभाग एवं भारतीय वन्य जीव संस्थान वाइल्ड लाइफ इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया द्वारा 20 मई से पांच जून तक राज्यव्यापी हाथी गणना कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण कार्य के सफल क्रियान्वयन हेतु कार्बेट टाइगर रिजर्व में भारतीय वन्य जीव संस्थान द्वारा कार्बेट टाइगर रिजर्व के प्रत्येक रेंज में शोधकर्ताओं की टीम द्वारा वन कर्मियों का उक्त गणना कार्य में सहयोग किया जा रहा है। हाथी गणना कार्य की प्रगति एवं गुणवत्ता की समीक्षा तथा गणना प्रक्रिया के वैज्ञानिक एवं मानक अनुरूप संचालन के विश्लेषण के उद्देश्य से आज विवेक पाण्डे प्रमुख वन संरक्षक वन्यजीव उत्तराखण्ड की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। विभिन्न वन प्रभाग के साथ बैठक में वर्तमान हाथी गणना की प्रगति एवं फील्ड स्तर पर किए जा रहे कार्यों का विस्तृत परीक्षण किया गया। बैठक के दौरान पूर्व में सम्पन्न हाथी गणना के आंकड़ों एवं अभिलेखों का भी अवलो. कन किया गया तथा उन क्षेत्रों की समीक्षा की गई, जहां पिछली गणना के दौरान हाथियों की उपस्थिति दर्ज की गई थी। साथ ही वर्तमान गणना में हाथियों के देखे जाने वाले क्षेत्रों उनके आवागमन मार्गों एवं गणना की प्रगति की विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई। विवेक पाण्डे द्वारा गणना कार्य में संलग्न अधिकारियों कर्मचारियों एवं शोधकर्ताओं को गणना कार्य को निर्धारित वैज्ञानिक मानकों एवं प्रोटोकॉल के अनुसार निष्पादित किए जाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। बैठक के उपरांत विवेक पाण्डे, प्रमुख वन संरक्षक वन्यजीव द्वारा कार्बेट टाइगर रिजर्व के बिजरानी रेंज अन्तर्गत वन क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण भी किया गया। भ्रमण के दौरान उन्होंने फील्ड में तैनात वन अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा संपादित किए जा रहे हाथी गणना कार्य का प्रत्यक्ष अवलोकन किया तथा गणना पद्धति, डेटा संकलन एवं फील्ड मॉनिटरिंग कार्य की समीक्षा की गयी। उन्होंने गणना कार्य में पारदर्शिता, शुद्धता एवं वैज्ञानिकता बनाए रखने पर विशेष बल दिया। बैठक में राहुल मिश्रा उप निदेशक कार्बेट टाइगर रिजर्व, प्रकाश चन्द्र आर्या प्रभागीय वनाधिकारी तराई पश्चिमी वन प्रभाग रामनगर ध्रुव सिंह मर्तोलिया प्रभागीय वनाधिकारी, रामनगर वन प्रभाग बिन्दर पाल पार्क वार्डन कार्बेट टाइगर रिजर्व, अमित कुमार ग्वासीकोटी, श्रीमती कामिनी आर्या, मुकेश चन्द आदि वन अधिकारी मौजूद थे।

### पत्रकार फिरोज बेग की सराहना



**रेहड़।** मृत अवस्था में सड़क किनारे पड़े गौवंश को स्थानीय पुलिस ने जेसीबी की मदद से उसे मिट्टी में दबा दिया। देर रात्रि किसी समय एक बेसहारा गौवंश की अज्ञात वाहन से टकरा कर मौत हो गई थी। आज तड़के किसी राहगीर द्वारा स्थानीय पुलिस टीम को इसकी सूचना दी गई। थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार वर्मा के निर्देशानुसार मौके पर पहुंची उपनिरीक्षक सोनू साधना आदि ने जेसीबी मंगवा कर हाईवे किनारे गहरा गड्ढा खुदवाते हुए मृत गौवंश को दबा दिया। गौवंश के लिए पुलिस द्वारा किए गए इस कार्य में रेहड़ निवासी युवा समाजसेवी एवं पत्रकार फिरोज बेग की भी अहम भूमिका रही। ग्रामीण एवं खासतौर पर हिंदू समाज पत्रकार फिरोज बेग की सराहना कर रहे है। वह समाजसेवा के क्षेत्र में लगातार सक्रिय हैं। ग्रामीणों की परेशानियों का वह समाधान करा रहे हैं।

### जन चौपाल में समस्याओं का समाधान

**चांदपुर।** सीओ देश दीपक के नेतृत्व में अलग-अलग दो स्थानों पर जन चौपाल का आयोजन किया गया। सीओ ने कहा कि ऐसे आयोजनों के माध्यम छोटी-छोटी समस्याओं को मिल बैठकर निपटाया जा सकता हैं। उन्होंने ग्राम स्याऊ एवं फीना कॉलोनी में जन चौपाल आयोजित कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी तथा उनके शीघ्र निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान आमजन को महिला सुरक्षा, मौसम विभाग द्वारा जारी अलर्ट, साइबर अपराधों से बचाव एवं कानून व्यवस्था के संबंध में जागरूक करते हुए सतर्क रहने की अपील की गई। साथ ही किसी भी आपात स्थिति अथवा संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने हेतु प्रेरित किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में फीना बस्ती के लोग एवं सभासद उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# तेज हवाओं के साथ जनपद में बारिश

## भीषण गर्मी से मिली थोड़ी राहत, विद्युत आपूर्ति हुई प्रभावित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जनपद में आज दोपहर मौसम का मिजाज अचानक बदल गया। तेज हवा के साथ हुई बारिश से लोगों को भीषण गर्मी और लू से थोड़ राहत मिली। वहीं कई स्थानों पर पेड़ गिरने से विद्युत आपूर्ति व यातायात प्रभावित हुआ।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज दोपहर करीब करीब साढ़े तीन बजे घने काले बादल घिर आए और तेज हवा के साथ बारिश शुरू हो गई। इससे पिछले कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी व लू से नागरिकों को राहत मिली। हालांकि, बारिश के कारण शहर के कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।





बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। यह बारिश कई फसलों के लिए भी फायदेमंद बताई जा रही है। दरअसल, मई की शुरुआत से ही जनपद में भीषण गर्मी पड़ रही थी और पिछले कई दिनों से पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार बना हुआ था। बीच-बीच में हल्की बारिश और हवा से थोड़ी राहत मिली थी, लेकिन गर्मी लगातार बनी हुई थी। इस बारिश से किसानों को भी लाभ होने की उम्मीद है। जनपद में कहीं ज्यादा कुछ हिस्सों में काफी तेज बारिश हुई। नहटौर में तेज बारिश और आंधी से जनजीवन प्रभावित हुआ। बारिश और काले बादलों की वजह से दोपहर में ही देर शाम जैसी स्थिति बन गई। वाहन चालकों को हेड लाइटे जलाकर सड़कों पर सफर करते देखा गया। बारिश और ठंडी हवाओं से मौसम खुशगवार हो गया। नागरिकों ने भीषण गर्मी से काफी राहत महसूस की।

## अबरार आलम को मंडल संगठन मंत्री बनाने पर आसपा को मिली युवा शक्ति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** आजाद समाज पार्टी कांशीराम ने संगठन विस्तार अभियान के तहत युवा मोर्चा में नई जिम्मेदारी सौंपते हुए बिजनौर के भागूवाला निवासी एड. अबरार आलम को मुरादाबाद मंडल का संगठन मंत्री नियुक्त किया है। पार्टी नेतृत्व ने उम्मीद जताई है कि वह संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और युवाओं को पार्टी से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एड. चन्द्रशेखर आजाद एवं प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार चित्तौड़ पूर्व विधायक के निर्देशानुसार यह नियुक्ति की गई। नियुक्ति पत्र में कहा गया है कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर एवं मान्यवर कांशीराम साहब की विचारधारा बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय को मजबूत करने तथा संगठन को और अधिक सक्रिय एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से यह जिम्मेदारी सौंपी गई है।

ग्राम भागूवाला, जिला बिजनौर निवासी एड. अबरार आलम को युवा मोर्चा में मंडल स्तर की जिम्मेदारी मिलने पर कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा गया। पार्टी पदाधिकारियों का कहना है



कि अबरार आलम लंबे समय से सामाजिक एवं संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय रहे हैं। उनके अनुभव का लाभ पार्टी को मुरादाबाद मंडल में मिलेगा। नियुक्ति पत्र में यह भी उल्लेख किया गया कि संगठन को मजबूत करने, युवाओं को जोड़ने और पार्टी की विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाने की उनसे अपेक्षा की गई है।

मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा एड. धडेदार सचिन चौधरी ने नियुक्ति पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पार्टी लगातार युवाओं को नेतृत्व में आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि अबरार आलम अपने दायित्वों को निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करेंगे और बहुजन समाज के उत्थान के लिए निरंतर कार्य करेंगे।

## तीरंदाजी संघ के संयुक्त सचिव का स्वागत



**कोतवाली देहात।** उत्तर प्रदेश तीरंदाजी संघ के संयुक्त सचिव योगेंद्र सिंह राणा ने कहा कि उत्तर प्रदेश में तीरंदाजी खिलाड़ी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। बिजनौर के कई खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर खेल रहे हैं और पदक जीत रहे हैं। ग्राम शादीपुर में आए योगेन्द्र सिंह राणा ने कहा कि हाल ही में उत्तर प्रदेश के रिकर्व तीरंदाज खिलाड़ी नीरज चौहान का एशियन गेम्स के लिए चयन भारतीय टीम में हुआ है। पैरा खिलाड़ियों में स्वाति चौधरी तथा ज्योति बालियान ने पैरा एशियाई गेम्स के लिए क्वालीफाई किया है। बिजनौर की निष्ठा गुप्ता का चयन इंडिया कैंप के लिए हुआ था। बिजनौर के कई खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर खेल रहे हैं। बिजनौर में दर्जन भर स्कूलों में तीरंदाजी खेल का प्रशिक्षण खिलाड़ी ले रहे हैं। बिजनौर में तीरंदाजी के लिए काफी संभावनाएं हैं। जनपद के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं। जल्द ही बिजनौर में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता आयोजित कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा खिलाड़ियों को बेहतर प्रोत्साहन दिया जा रहा है। खेलो इंडिया स्कीम में काफी खिलाड़ी लाभान्वित हो रहे हैं। उत्तर प्रदेश तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष अवनीश कुमार अवस्थी और सचिव अजय गुप्ता के नेतृत्व में तीरंदाजी खेल निरन्तर प्रगति पर है। ग्राम शादीपुर पहुंचने पर संयुक्त सचिव योगेंद्र सिंह राणा को सम्मानित किया गया। इस दौरान अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी वरेन्या राणा, अंकिता शर्मा, भावना, इशिका, उत्तम सिंह, दीपक कुमार आदि मौजूद रहे।

# नैनी झील पर टिकट विवाद में मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** थाने में दी गई तहरीर के अनुसार ग्राम चांडक तुर्क निवासी मौहम्मद सलीम ने नैनी झील संचालक एवं उसके साथियों पर मारपीट का आरोप लगाया है।

शिकायत में बताया गया कि शुक्रवार को उसके भाई मौहम्मद कलीम, मौहम्मद अदनान, मौहम्मद अरसलान तथा परिवार के अन्य सदस्य बच्चों के साथ नैनी झील पर नहाने के लिए पहुंचे थे।

आरोप है कि दो वर्षीय बच्चे के टिकट को लेकर स्विमिंग पूल संचालक बदर से कहासुनी हो गई, जिसके बाद विवाद बढ़ गया। तहरीर के अनुसार बदर ने अपने साथ कई लोगों को बुला लिया और शिकायतकर्ता के भाइयों के साथ लोहे की रॉड, चेन एवं डंडों से मारपीट की। आरोप है कि उन्हें एक कमरे में बंद भी कर दिया गया शोर-शराबा होने पर गांव के लोगों को सूचना दी गई, जिसके





बाद ग्राम प्रधान सहित कई लोग मौके पर पहुंचे। शिकायतकर्ता का आरोप है कि बीच-बचाव करने पहुंचे तसलीम पर धारदार हथियार से हमला किया गया, जिससे उसके सिर पर गंभीर चोट आई। वहीं कलीम, अदनान और अरसलान भी घायल हो गए। पीड़ित पक्ष ने पुलिस को सूचना देकर घायलों का चिकित्सीय परीक्षण कराया। तहरीर में बदर, शुऐब, नौशाद और शहरयान समेत अन्य अज्ञात लोगों को नामजद करते हुए कार्रवाई की मांग की गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

ताजा विवाद के बाद नैनी झील की व्यवस्थाओं को लेकर भी चर्चाएं तेज हो गई हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां समय-समय पर विवाद और झगड़े की घटनाएं सामने आती रही हैं। कुछ लोगों ने परिसर में संदिग्ध युवकों के जमावड़े और सुरक्षा व्यवस्था की कमी को लेकर भी चिंता जताई है।

क्षेत्रवासियों ने संबंधित अधिकारियों से नैनी झील परिसर की व्यवस्थाओं, सुरक्षा इंतजामों तथा संचालन व्यवस्था की जांच कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो और परिवारों व बच्चों के लिए सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित किया जा सके।

# मॉडर्न एरा में समर कैंप का समापन

### बच्चों ने दिखाए अपने हुनर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल में 20 मई से चल रहे 10 दिवसीय भव्य समर कैंप (ग्रीष्मकालीन शिविर) का आज समापन हो गया। समर कैंप का आयोजन स्कूल प्रांगण में विद्यालय की डायरेक्टर प्रिंसिपल डा. सीमा बिस्वास की उपस्थिति व देखरेख में किया गया।



इस वर्ष समर कैंप में बच्चों का भारी उत्साह देखने को मिला, जिसमें लगभग 350 विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कैंप के दौरान बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए खेलकूद और रचनात्मक गति. विधियों की एक विस्तृत श्रृंखला आयोजित की गई थी। खेल और रचनात्मक गतिविधियों का अनूठा संगम 10 दिनों तक चले इस कैंप में विद्यार्थियों को विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा निखारने का मौका मिला। खेलकूद बच्चों ने फुटबॉल, क्रिकेट, वॉलीबॉल, स्केटिंग, शतरंज, एथलेटिक्स और कबड्डी जैसे खेलों में जमकर पसीना बहाया और खेल भावना की बारीकियों को सीखा। रचनात्मक गतिविधियों में कला और कौशल को बढ़ावा देने के लिए क्ले मोल्डिंग (मिट्टी के खिलौने बनाना), आर्ट एंड क्राफ्ट, कैलीग्राफी (सुंदर लेखन), संगीत, नृत्य, पेंटिंग, फ्लॉवर मेकिंग (फूल बनाना) और 'कुकिंग विदाउट फायर' (बिना आग के खाना पकाना) जैसी मजेदार गतिविधियां सिखाई गईं। आधुनिक तकनीक में इस बार कैंप का मुख्य आकर्षण 'एआई रोबोट मेकिंग' (AI Robot Making) रहा, जहां बच्चों ने भविष्य की तकनीक से रूबरू होते हुए खुद रोबोट बनाना सीखा। अंतिम दिन पैरेंट्स के सामने दी प्रस्तुति आज समर कैंप के आखिरी दिन सभी छात्र बेहद खुश और उत्साहित नजर आए। शिविर के समापन के अवसर पर स्कूल में एक विशेष प्रस्तुति व प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों के माता-पिता को आमंत्रित किया गया था। बच्चों ने कैंप के दौरान सीखे गए नृत्य, संगीत और खेलों का प्रदर्शन किया। साथ ही, उनके द्वारा बनाई गई पेंटिंग्स, क्राफ्ट और रोबोट्स की प्रदर्शनी को देखकर अभिभावक मंत्रमुग्ध हो गए और बच्चों के हुनर की जमकर तारीफ की।

इस अवसर पर विद्यालय की डायरेक्टर प्रिंसिपल डा. सीमा बिस्वास ने सभी प्रतिभागी बच्चों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि ऐसे शिविर बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए बेहद जरूरी हैं, जिससे उनकी छिपी हुई प्रतिभा सामने आती है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, नजीबाबाद**
**अधिसूचना अन्तर्गत धारा -147 (2) यू.पी.म्यू एक्ट 1916**

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है **श्री मौ. शहजाद पुत्र श्री मौ. अशलम मौहल्ला वाहिदनगर** तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर में नगर पालिका परिषद के कर सम्बंधी अभिलेखों/ अनुसूची में अंकित सम्पत्ति में **श्री मौ. आरिफ पुत्र श्री हबीब अहमद** नजीबाबाद, जिला बिजनौर के नाम के बजाये अपना नाम अंकित किये जाने हेतु रजिस्टर्ड बैनामा व शपथ-पत्र सहित आवेदन-पत्र दिया है।

अत: प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत पर विचार नहीं किया जायेगा।

विवरण सम्पत्ति सं.: **वाहिदनगर** नगर व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर।

**अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद नहटौर, जनपद-बिजनौर**

पत्रांक:-509/न.पा.परि.नह./2026-27 दिनांक-29/05/2026

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद नहटौर क्षेत्रान्तर्गत स्थित 18 पुराने, जर्जर एवं गिराऊ वृक्षों की कटाई की सार्वजनिक नीलामी की जानी प्रस्तावित है। इच्छुक व्यक्ति/फर्म/ ठेकेदार निर्धारित तिथि 05.06.2026 समय सायं 03:00 बजे से पूर्व किसी भी कार्यदिवस में नगर पालिका कार्यालय से 1000.00 (एक हजार रु.) की धनराशि जमा कर नीलामी प्रपत्र प्राप्त कर सकते है। नीलामी में प्रतिभाग किये जाने हेतु आवश्यक शर्ते नीलामी प्रपत्र में उल्लिखित है।

**(ओम गिरि)**
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद नहटौर
जनपद-बिजनौर

**(अनस इकरार)**
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद नहटौर
जनपद-बिजनौर

**कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स मुरादाबाद मण्डल, मुरादाबाद**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **श्री मौ. उमर द्वारा संस्था नूर मस्जिद इन्तजामिया कमेटी मौहल्ला खुराडा रोगनग्रान, पोस्ट शेरकोट, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर** का **अध्यक्ष/सदर** दर्शाते हुए संस्था के पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। प्राप्त अभिलेखों के अनुसार सर्वश्री 1. मौ. उमर-अध्यक्ष/ सदर, 2. मौहम्मद राशिद- उपाध्यक्ष/ नायब सदर, 3. खुर्शीद अहमद- प्रबंधक/ मुतवल्ली, 4. नसीम अहमद- उपप्रबंधक/नायब मुतवल्ली 5. मौहम्मद हनीफ- कोषाध्यक्ष/ खजांची, 6. मौ. मुन्ना, 7. मौहम्मद शाहिद- सदस्य दर्शाये गये है।

अत: यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा और गुण-दोष के आधार पर संस्था के पंजीकरण सम्बंधी कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी।

विदित हो कि उक्त नोटिस सो.रजि.एक्ट 1860 की धारा 3(1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है।

**आज्ञा से**
**(आनन्द विक्रम सिंह)**
**सहायक निबन्धक**

### एक नजर

## विधायक ने सड़क का शिलान्यास किया



**नगीना।** विधायक मनोज पारस ने आज सुबह नौ बजे ग्राम हरबंशपुर धारम पहुंचकर एक नए संपर्क मार्ग का विधिवत पूजा-अर्चना कर शिलान्यास किया। लोक निर्माण विभाग द्वारा स्वीकृत सीसी मार्ग हरबंशपुर धारम से मौजा गांवडी खुशहालपुर मठेरी तक बनाया जा रहा है, जिसकी लंबाई लगभग 850 मीटर और अनुमानित लागत 64 लाख 35 हजार रुपए है। इस मार्ग के बनने से स्थानीय ग्रामीणों को कीचड़ और जर्जर रास्ते से मुक्ति मिलेगी और आवागमन सुगम हो जाएगा। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान विधायक ने ग्रामीणों को विकास कार्यों का भरोसा दिलाया, जिस पर ग्रामीणों ने उनका आभार व्यक्त किया।

## पूर्व पीएम को श्रद्धांजलि अर्पित



**हल्दौर।** राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। नगर अध्यक्ष राजेंद्र सिंह चौहान के आवास पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में कार्यकर्ताओं ने चौधरी चरण सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके योगदान को याद किया। सभा को संबोधित करते हुए नगर अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह चौहान ने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने किसानों, मजदूरों और ग्रामीण वर्ग के अधिकारों की लड़ाई जीवनभर मजबूती से लड़ी। उन्होंने देश की राजनीति में गांव, खेत और किसान की आवाज को प्रमुखता दिलाने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि चौधरी चरण सिंह के आदर्श, सादगीपूर्ण जीवन और किसान हित में लिए गए निर्णय आज भी समाज के लिए प्रेरणादायी हैं। वक्ताओं ने कहा कि चौधरी चरण सिंह का पूरा जीवन जनसेवा और ग्रामीण विकास को समर्पित रहा। उनके विचार वर्तमान समय में भी प्रासंगिक हैं और नई पीढ़ी को उनसे प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता पवन चौहान ने की, जबकि संचालन बहार आलम ने किया। इस अवसर पर संजीव चौहान, सोनू चौहान, मनीष चौहान, हुकम सिंह प्रजापति, चंद्रपाल सिंह, मंगत सिंह, ब्रजवीर सिंह, पुनीत कुमार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## चौ.चरण को श्रद्धासुमन अर्पित



**अफजलगढ़।** भाकियू (सामाजिक) के राष्ट्रीय सचिव ज्ञानचंद प्रजापति के वादीगढ़ स्थित आवास पर पूर्व प्रधानमंत्री एवं किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में किसान और संगठन से जुड़े कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने चौधरी चरण सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी तथा उनके आदर्शों और सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय सचिव एवं किसान नेता ज्ञानचंद प्रजापति ने की। उन्होंने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने अपना संपूर्ण जीवन किसानों, मजदूरों और गरीब वर्ग के अधिकारों की लड़ाई लड़ने में समर्पित कर दिया। उन्होंने देश की राजनीति में गांव, किसान और खेती को केंद्र में रखकर कार्य किया। उनके द्वारा किसानों के हित में किए गए कार्यों और नीतियों को आज भी किसान समाज सम्मान के साथ याद करता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में किसानों को अपने अधिकारों की रक्षा के लिए संगठित होकर आवाज उठाने की आवश्यकता है। वक्ताओं ने कहा कि चौधरी चरण सिंह हमेशा गांव और किसान की मजबूती को देश की प्रगति का आधार मानते थे। उनकी सोच और सिद्धांत आज भी किसानों के लिए प्रेरणास्रोत बने हुए हैं। इस दौरान किसानों की विभिन्न समस्याओं पर भी चर्चा की गई तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में प्रधान डा. राजेश सिंह, सुनील कुमार, अशोक कुमार, महेंद्र सिंह, सुशील कुमार चौहान, श्याम सिंह, बाबू सिंह, गौरव कुमार, गजराम सिंह, सचिन गौला, रवि कुमार सहित बड़ी संख्या में किसान एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स मुरादाबाद मण्डल, मुरादाबाद**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **श्री रहिस** द्वारा **संस्था मदीना मस्जिद अब्दुल्लापुर दहाना अराकीने कमेटी, ग्राम अब्दुल्लापुर दहाना, पो. नंगली पथवारी, तह. चांदपुर, जिला बिजनौर** का **मुतवल्ली/सचिव,** दर्शाते हुए संस्था के पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। प्राप्त अभिलेखों के अनुसार सर्वश्री 1.जाकिर-सदर/अध्यक्ष, 2. अकबर अली- नायब सदर/ उपाध्यक्ष. 3, रहिस- मुतवल्ली/ सचिव, 4. मौहम्मद आरिफ- नायब मुतवल्ली/ उप सचिव, 5. खुर्शीद-खजान्ची/ कोषाध्यक्ष, 6. शमशाद, 7. तहसीन-मेम्बर/सदस्य दर्शाये गये है।

अत: यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा और गुण-दोष के आधार पर संस्था के पंजीकरण सम्बंधी कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी।

विदित हो कि उक्त नोटिस सो.रजि.एक्ट 1860 की धारा 3(1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है।

**आज्ञा से**
**(आनन्द विक्रम सिंह)**
**सहायक निबन्धक**

# अवैध प्लाटिंग पर चला बुलडोजर

## रास्ता बंद करने पर तहसील, राजस्व और विनियमित विभाग की संयुक्त कार्रवाई





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** क्षेत्र के गांव मोहड़ा में अवैध प्लाटिंग के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए विकसित की जा रही कॉलोनी के निर्माण को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया। तहसील प्रशासन, राजस्व विभाग और विनियमित क्षेत्र विभाग की संयुक्त कार्रवाई से भूमाफियाओं में हड़कंप मच गया। कार्रवाई के दौरान भारी पुलिस बल भी मौके पर मौजूद रहा।

जानकारी के अनुसार गांव मोहड़ा निवासी पल्लवी पत्नी राहुल कुमार ने उपजिलाधिकारी धामपुर स्मृति मिश्रा को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया था कि उसके पुश्तैनी खेत पर जाने का रास्ता कॉलोनी विकसित कर रहे कुछ लोगों ने अवैध रूप से रास्ता बंद कर दिया है। पीड़िता का आरोप था कि जब वह अपने खेत पर जाने का प्रयास करती है तो संबंधित लोग उसे धमकाते हैं और आने-जाने से रोकते हैं।

मामले को गंभीरता से लेते हुए उप जिलाधिकारी ने राजस्व विभाग की टीम को जांच के निर्देश दिए। जांच टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया तथा अपनी रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को सौंप दी। जांच में शिकायत सही पाए जाने के बाद प्रशासन ने कार्रवाई का निर्णय लिया।

शनिवार को नायब तहसीलदार कपिल आजाद के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम जेसीबी मशीन के साथ मौके पर पहुंची और अवैध रूप से किए जा रहे निर्माण को ध्वस्त कर दिया। प्रशासनिक कार्रवाई शुरू होते ही संबंधित लोग मौके से फरार हो गए। जेसीबी द्वारा दीवारों और अन्य अवैध निर्माणों को हटाकर बंद किया गया रास्ता खुलवाया गया।

प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अवैध प्लाटिंग और भू-माफियाओं के खिलाफ इस प्रकार की कार्रवाई से कानून का संदेश गया है। वहीं प्रशासन ने स्पष्ट किया कि बिना अनुमति प्लाटिंग और सार्वजनिक अथवा वैध रास्तों पर अतिक्रमण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कार्रवाई के दौरान नायब तहसीलदार कपिल आजाद, विनियमित क्षेत्र विभाग के योगेंद्र कुमार, लेखपाल प्रभात कुमार, छत्रपाल सिंह, राकेश कुमार, संध्या राजपूत सहित राजस्व विभाग की टीम और पुलिस बल मौजूद रहा।

### एक माह पहले प्रमुखता से उठाया गया था मामला

महिला द्वारा रास्ता बंद किए जाने का मामला शाह टाइम्स में प्रमुखता से उठाया गया था। लगातार शिकायतों और समाचार प्रकाशित होने के बाद प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कराई और अंततः अवैध निर्माण पर कार्रवाई की।

## केएस चिल्ड्रंस एकेडमी में अभिभावक-अध्यापक गोष्ठी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोतवाली देहात।** केएस चिल्ड्रंस एकेडमी में अभिभावक-अध्यापक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों की शिक्षा, व्यवहार एवं आवधिक आकलन पर विस्तृत चर्चा की गई।

विद्यालय के प्रधानाचार्य इंद्रपाल सिंह ने कहा कि आज के बदलते समय में अभिभावकों और अध्यापकों के बीच निरंतर संवाद अत्यंत आवश्यक है। प्रत्येक बच्चा अलग-अलग परिस्थितियों में अलग व्यवहार करता है। घर पर अभिभावकों के साथ उसका व्यवहार अलग होता है। विद्यालय में अध्यापकों के साथ अलग तथा मित्रों के बीच अलग। ऐसे में बच्चों को सही दिशा देने के लिए अभिभावकों और शिक्षकों का आपसी संवाद बहुत जरूरी हो जाता है। समय-समय पर बच्चों की गतिविधियों, व्यवहार एवं अध्ययन के बारे में जानकारी लेते रहना चाहिए, जिससे बच्चों को बेहतर ढंग से समझा जा सके और उनके सर्वांगीण विकास में सहयोग मिल सके। उन्होंने वर्तमान समय में मोबाइल के बढ़ते प्रभाव पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज बच्चे मोबाइल में अधिक व्यस्त रहते हैं, इसलिए यह हम सभी की जिम्मेदारी है कि हम बच्चों की गतिविधियों पर ध्यान रखें तथा उन्हें सही और गलत का अंतर समय-समय पर समझाते रहें।

# ऑक्सफोर्ड में अलंकरण समारोह

### 10वीं व 12वीं के टॉपर्स सम्मानित




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सीबीएसई, नई दिल्ली द्वारा 10वीं व 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित होने के उपरांत विद्यालय में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में कक्षा 10वीं में 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली छात्रा जौहरा अंसारी व कक्षा 12वीं मानविकी में 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली स्कूल टॉपर विदिशा गेहरवार को उनके माता-पिता व अभिभावकों सहित मंच पर बुलाकर माला पहनाकर व बुके, प्रशस्ति पत्र आदि देकर धामपुर की पूर्व चेयरपर्सन एवं विद्यालय की प्रबंध निदेशक लीना सिंघल, प्रधानाचार्य इदरीस अहमद ने संयुक्त रूप से सम्मानित किया। साथ ही कक्षा 10वीं के वैभव कुमार 94.4 प्रतिशत व वंशिका चौधरी 94.2 प्रतिशत तथा कक्षा 12वीं से वंशिका पाल 91.8 प्रतिशत व इशिता सिंह 89.6 प्रतिशत तथा वंशिका राजपूत 89.2 प्रतिशत व अन्य मेधावी विद्यार्थियों को भी प्रशस्ति पत्र देकर व माला पहनाकर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर लीना सिंघल ने कहा कि विद्यालय में व्यतीत किया हुआ समय प्रत्येक विद्यार्थी के जीवन की नींव की ईंट की तरह होता है। क्योंकि हम अपने अध्यापकों तथा साथियों से प्रतिदिन कुछ न कुछ नया अनुभव सिखते हैं तथा भविष्य का निर्माण भी विद्यालय की शिक्षा पर निर्भर होता है। प्रतिभा किसी जाति, धर्म अथवा क्षेत्र की मोहताज नही होती है आज गांव-गांव से बच्चे बिना किसी ट्यूशन आदि सहयोग के केवल विद्यालय में लगातार उपस्थित रहकर तथा ईमानदारी से कड़ी मेहनत करके सफलता प्राप्त कर रहे हैं तथा नहटौर का ऑक्सफोर्ड स्कूल लगातार पिछले 22 वर्षों से क्षेत्र को टॉपर तथा शानदार परीक्षा परिणाम देकर अपना सर्वोच स्थान बनाए हुए है जिसके लिए विद्यार्थी, अभिभावक तथा शिक्षक बधाई के पात्र हैं। लीना सिंघल ने कहा यही बच्चे आगे चलकर प्रशासनिक अधिकारी, इंजीनियर, चार्टर्ड एकाउटेंट, डॉक्टर आदि बनकर क्षेत्र और समाज की सेवा करेंगे इसी कामना और आर्शीवाद से उनके उज्जवल भविष्य की प्रार्थना करती हूं। इस मौके पर प्रधानाचार्य इदरीस अहमद एवं अध्यापक अमित कुमार, महबूब आलम, अनुज कुमार, त्रिमोहन गंगोत्री, सचिन कुमार, पवन सैनी, निशात मिर्जा, नेहा वर्मा, तब्बसुम जैदी, नाजिया सलमानी तथा अभिभावक एवं सीनियर विंग के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहें। कार्यक्रम का सफल संचालन अध्यापक ललित कुमार व बिंसी चौधरी ने संयुक्त रूप से किया।

## ट्रांसफार्मर में आग लगने से विद्युतापूर्ति ठप

### ग्रामीणों की सतर्कता से हादसा होने से टला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** सैदपुरी में रखे ट्रांसफार्मर में आग लगने से गांव की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ग्रामीणों की सतर्कता से हादसा होने से टल गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम सैदपुरी में राजपुर नवादा बिजली घर से विद्युत आपूर्ति की जाती है। गांव में बिजली आपूर्ति के लिए 100 केवीए का ट्रांसफार्मर रखा है। जिससे 100 से अधिक विद्युत कनेक्शन जुड़े हैं। बीती देर शाम बिजली आपूर्ति के दौरान ट्रांसफार्मर में आग लग गई। आग लगने की सूचना पर पुलिस व ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बिजली घर पर सूचना देकर विद्युत आपूर्ति बंद कराई।

थाना अध्यक्ष अमर सिंह राठौर ने आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड को दी। लेकिन मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंचने से पहले ही ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया। ट्रांसफार्मर में आग लगने से कई घंटे गांव की विद्युत आपूर्ति बाधित रही। जिससे ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

उधर बिजली घर के जेई अखिलेश श्रीवास्तव ने बताया कि ट्रांसफार्मर के नीचे पड़े कूड़े के ढेर से चिंगारी निकलने के कारण ट्रांसफार्मर में आग लगी थी। ट्रांसफार्मर में कोई तकनीकी खराबी नहीं आई है। आग बुझाने के बाद गांव की विद्युत आपूर्ति सुचारू कर दी गई है।

## आंधी-बारिश से जनजीवन प्रभावित आम उत्पादकों को भारी नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** आज दोपहर बाद अचानक बदले मौसम ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया। तेज आंधी और बारिश के चलते कई स्थानों पर बिजली आपूर्ति बाधित हो गई, जबकि सड़कों पर पेड़ गिरने से आवागमन भी प्रभावित रहा। दूसरी ओर आम के बागों में भारी नुकसान होने से बाग स्वामियों की चिंता बढ़ गई है।

दोपहर बाद तेज हवाओं के साथ शुरू हुई आंधी ने कई स्थानों पर बिजली व्यवस्था को प्रभावित कर दिया। हवा की तीव्रता के कारण बिजली के तार क्षतिग्रस्त हो गए तथा कुछ स्थानों पर खंभों को भी नुकसान पहुंचा, जिससे कई क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। बिजली गुल होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

### बिजली आपूर्ति ठप होने से परेशानी

हालांकि बारिश के कारण भीषण गर्मी से राहत मिली और मौसम सुहावना हो गया। पिछले कई दिनों से पड़ रही तेज गर्मी और उमस से परेशान लोगों ने राहत की सांस ली। विशेष रूप से बुजुर्गों, बच्चों और मरीजों को मौसम में आए बदलाव से काफी राहत महसूस हुई। जहां एक ओर बारिश गन्ना और अन्य फसलों के लिए लाभदायक मानी जा रही है, वहीं आम उत्पादकों के लिए यह मौसम भारी नुकसान लेकर आया। तेज हवाओं के कारण बड़ी संख्या में कच्चे और तैयार आम जमीन पर गिर गए, जिससे बाग स्वामियों को आर्थिक क्षति उठानी पड़ी। किसानों का कहना है कि इस समय आम की फसल तैयार होने की स्थिति में थी, लेकिन आंधी ने उनकी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। तेज हवाओं के चलते कई स्थानों पर पेड़ और टहनियां सड़कों पर गिर गई, जिससे कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित रहा। स्थानीय लोगों ने स्वयं तथा प्रशासन की मदद से मार्गों को साफ कर आवागमन सुचारु कराया।

मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में भी मौसम में बदलाव की संभावना बनी हुई है। प्रशासन ने लोगों से खराब मौसम के दौरान सावधानी बरतने की अपील की है।

# जबरन ट्रांसफार्मर का तार तोड़ा था, इसीलिए रमजानी ने दम तोड़ा था

## थाने पहुंचे सैंकड़ों लोगों ने भाई-बहनों पर मौहल्ले को परेशान करने का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हीमपुर दीपा।** ग्राम उमरी पीर के दो पक्षों में हुई कहासुनी गाली-गलौच और मारपीट में बदल गई। मारपीट में दोनों पक्ष के लोगों को चोट आई है। जिन्हें पुलिस द्वारा मेडिकल के लिए भेज दिया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम उमरी पीर की सैंकड़ों महिलाएं व पुरुष थाने पहुंचे। उन्होंने गांव के ही एक व्यक्ति पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि उसने अपनी बहनों के साथ मिलकर गांव का माहौल खराब किया हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि ये भाई-बहन मिलकर आए दिन पूरे मौहल्ले को गाली देते हैं। समझाने पर भी वह नहीं मानते। बीते दिनों गांव का विद्युत ट्रांसफार्मर खराब होने के बाद नया ट्रांसफार्मर रखवाया गया था। जिसके एक फेस में लाइट न आने के चलते भाई-बहनों के घर में लाइट नहीं आ रही थी। जबकि मौहल्ले के सभी के घरों में लाइट थी। इसी बात से नाराज युवक और उसकी बहनों ने पूरे मौहल्ले को गाली देनी शुरू कर दी और बाद में ट्रांसफार्मर पर डंडा बजा दिया और 11 हजार विद्युत लाइन का तार तोड़कर पूरे गांव की बत्ती गुल कर दी। बताया जाता है कि इसी विद्युत तार से उलझकर 65 वर्षीय ग्रामीण रमजानी की भी मौत हो गई थी।

उधर ग्रामीणों ने इन साजिश कर्ता भाई-बहनों के खिलाफ पुलिस द्वारा कोई खासा कार्रवाई न करने के चलते डाक द्वारा एसपी को प्रार्थना भिजवाया था। जिसकी भनक लगते ही आज सुबह फिर इन भाई-बहनों ने मौहल्लेवासियों को गाली देनी शुरू कर दी। जिसके बाद दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। थाने पहुंचने पर जहां खुली चोट वाले पक्ष को मेडिकल के लिए भेज दिया गया। वहीं दूसरे पक्ष के करीब आधा दर्जन लोगों को थाने में बैठा लिया गया।

ग्रामीणों का यह आरोप कि इनके द्वारा गांव में गलत काम कराकर गांव में गंदगी फैलाई जा रही है। पुलिस को तहकीकात करते हुए आरोप सही पाए जाने पर कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि गांव के छोटे और मासूम बच्चे ऐसे माहौल की जद में आने से बच सके। जब इस पूरे मामले विद्युत विभाग के एसई से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि मामला अभी बताने पर संज्ञान में आया है। इस मामले की अब जांच कराई जाएगी। यदि मामला सही पाया जाता है, तो किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा और उनके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई कराई जाएगी।

### क्या विद्युत विभाग दर्ज करायेगा रिपोर्ट ?

बीते दिनों हाईटेंशन लाइन का तार टूटने से 65 वर्षीय ग्रामीण रमजानी की मौत हो गई थी। वहीं विद्युत विभाग के कर्मचारियों और अधिकारियों को भी खूब खरी खोटी सुनने को मिली थी। हालांकि अब ग्रामीणों का यह आरोप कि हाईटेंशन लाइन का तार भाई-बहनों द्वारा तोड़ा गया था, जो सीधे सीधे सरकारी काम में बाधा, सरकारी सांपत्ति को नुकसान पहुंचाने सहित एक व्यक्ति की जान ले लेने की ओर इशारा करता है। जिसके बाद विद्युत विभाग अब क्या कार्रवाई करता है, यह भविष्य के गर्भ में छिपा है।

### 11 लोगों पर पूर्व में भी लगा चुकी है रेप का केस?

सूत्र बताते है कि घायल युवक की एक बहन का निकाह ग्राम मसीत में हुआ था जहां से अपना घर छोड़कर वह अब अपने भाई के साथ ही रहा रही है। बताया जाता है कि उक्त महिला द्वारा पूर्व में भी 11 लोगों पर रेप का मुकदमा लिखाया जा चुका है।

## एक नजर

### दो पक्षों में मारपीट, कई घायल

**नहटौर।** जामा मस्जिद के पास पचास रुपए को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। जिसमें दोनों पक्षों के आधा दर्जन लोग घायल हो गए। स्थानीय मौहल्ला ऊंचा निवासी शमशाद अहमद का कहना है कि उसके पुत्र रिहान ने मौहल्ला जिगर कॉलोनी निवासी आतिफ से 50 रुपए में मुर्गी के बच्चे लिए थे। उसका पुत्र जामा मस्जिद के निकट अपनी दुकान पर बैठा हुआ था। कुछ युवक उसके पुत्र से पैसे लेने आए थे। इसी बीच कहासुनी हो गई और वह उसके पुत्र का मोबाइल लेकर चले गए। जब उसने मोबाइल मांगा, तो रास्ते में उसके पुत्र रिहान के साथ मारपीट की। कुछ लोगों ने समझौता कर दिया था। इसके बाद कुछ लोग उसकी दुकान पर दोबारा से आए और मारपीट शुरू कर दी। इसके अलावा शकील पक्ष का कहना है कि उसका पौत्र मौहल्ला मौलवियान से होकर जा रहा था। शमशाद पक्ष ने उसके पौत्र को रोक कर गाली देने लगे और बदतमीजी करने लगे। जब उसने जाकर इस बारे में जानकारी की, तो कई लोगों ने उस पर हमला कर दिया और मारपीट की गई। मारपीट में कई लोग घायल होना बताए जा रहे हैं। पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

### भीषण गर्मी में शरबत पिलाया



**किरतपुर।** भीषण गर्मी और तेज धूप से लोगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से अंसारी मेडिकल स्टोर की ओर से ठंडे शरबत का वितरण किया गया। शिविर में सैकड़ों राहगीरों, यात्रियों एवं स्थानीय लोगों ने शरबत ग्रहण कर गर्मी से राहत महसूस की। इस अवसर पर आयोजकों ने कहा कि गर्मी के मौसम में प्यासे राहगीरों की सेवा करना एक नेक कार्य है। शिविर में लोगों को स्वच्छ एवं ठंडा शरबत वितरित किया गया, जिसकी सभी ने सराहना की। कार्यक्रम में मुस्लिम फंड शाखा भोजपुर के मैनेजर शिहाब अतहर खान उर्फ कल्लू खान, मतीन अहमद, सुहैल अहमद, शाद अंसारी, लियाकत, सलीम मलिक सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों ने इस जनसेवा कार्य को समाज के लिए प्रेरणादायक बताते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही।

### राहगीरों को शरबत का वितरण



**धामपुर।** भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान के बीच लोगों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से धामपुर के जैतरा फाटक के पास शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में राहग. ीरों, वाहन चालकों एवं स्थानीय लोगों को ठंडा शरबत वितरित किया गया। आयोजकों ने कहा कि गर्मी के मौसम में प्यासे राहगीरों को शरबत पिलाना एक पुण्य कार्य है और इससे लोगों को राहत मिलती है। शरबत वितरण के दौरान लोगों ने आयोजन की सराहना करते हुए आयोजकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे। इस अवसर पर डा. दिनेश कुमार, अमित कुमार, डा. राहुल, लाजपत राय मुखिया, राजीव कुमार सहित अन्य लोगों ने सक्रिय सहयोग किया। शरबत वितरण कार्यक्रम के दौरान सामाजिक एकता और सेवा भाव का संदेश भी दिया गया। आयोजकों ने भविष्य में भी ऐसे जनहित के कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया।

### महिलाओं पर गुलदार का हमला



**नहटौर।** ग्राम महमूदपुर बुजुर्ग निवासी नीता पत्नी टीकम व नाजमा पत्नी खुर्शीद आदि महिलाएं जंगल में चारा लेने के लिए गई थी। बताया जाता है कि नीता पर गुलदार ने हमला कर दिया। शोर शराबा होने पर गुलदार भाग गया। उससे करीब 300 मीटर दूरी पर ही जंगल में चारा काट रही नाजमा पर भी गुलदार ने हमला कर घायल कर दिया। जंगल में दो महिलाओं पर गुलदार हमला करने से दहशत का माहौल पैदा हो गया। सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। नीता को नहटौर सीएचसी में भर्ती कराया। उसकी हालत गंभीर होने पर मुरादाबाद रैफर किया गया है। सूचना पर वन विभाग के डिप्टी रेंजर हरदेव सिंह ने मौके पर पहुंच कर जानकारी ली। गुलदार को पकड़ने के लिए जंगल में पिंजरा लगाया गया है। दूसरी ओर नहटौर शादीपुर मार्ग पर गन्ना क्रेशर के पीछे भी गुलदार ने दो गौवंशों को मार डाला। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची है।

### आंधी-बारिश से पेड़ गिरे



**चांदपुर।** पिछले कई दिनों तेज धूप और लू के थपेड़ों से आज हल्की बारिश के बाद आमजन को थोड़ी राहत मिली। इस दौरान तेज हवाओं और आंधी बारिश के कारण बास्टा मार्ग पर ग्राम अकोंधा के पास यूकेलिप्टिस का विशालकाय पेड़ गिरने से मार्ग काफी देर तक बाधित रहा, हालांकि किसी जनहानि की कोई सूचना नहीं है। आज आंधी के बाद हुई हल्की बारिश से भीषण गर्मी में हर आम जन को एक बड़ी राहत मिलने से सभी ने ऊपर वाले का धन्यवाद किया है। नगर में हल्दौर रोड, स्याऊ बिजनौर रोड, नूरपुर रोड, धनोरा रोड पर भी तेज आंधी की वजह से रहा आवागमन बाधित रहा।

## रोटरी क्लब का अधिष्ठापन समारोह



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** रोटरी क्लब संपूर्ण के अधिष्ठापन समारोह एवं मंडलाध्यक्ष की आधिकारिक निरीक्षण सभा का आयोजन मुरादाबाद रोड स्थित प्रतिष्ठान में किया गया।

कार्यक्रम में रोटरी द्वारा किए जा रहे सामाजिक, शैक्षिक एवं मानवीय कार्यों की समीक्षा के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले समाजसेवियों अधिकारियों और मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। क्लब अध्यक्ष शोभित जैन की अध्यक्षता तथा जोनल एजी कांता प्रसाद पुष्पक के संच. ालन में आयोजित कार्यक्रम में मंडलाध्यक्ष नितिन अग्रवाल ने कहा कि रोटरी विश्व की ऐसी अग्रणी संस्था है, जो जाति, धर्म और भेदभाव से ऊपर उठकर केवल मानवता की सेवा को अपना उद्देश्य मानती है। उन्होंने कहा कि पोलियो उन्मूलन, कोविड काल में सेवा कार्य, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक उत्थान जैसे क्षेत्रों में रोटरी की भूमिका सदैव सराहनीय रही है। उन्होंने रोटरी क्लब स्योहारा द्वारा प्राप्त दो ग्रांट को क्लब की बड़ी उपलब्धि बताते हुए इसकी प्रशंसा की। कार्यक्रम में रोटरी क्लब के संरक्षक एवं प्रोजेक्ट चेयरमैन डा. मनोज कुमार वर्मा ने कहा कि समाजसेवा ही रोटरी की असली पहचान है। उन्होंने कहा कि क्लब के माध्यम से शिक्षा स्वास्थ्य पर्यावरण और जरुरतमंद लोगों की सहायता के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने रोटेरियनों से सेवा भाव को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आह्वान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मधुर मेमो. रियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत स्वागत गान से हुआ। मंडलाध्यक्ष नितिन अग्रवाल ने क्लब अध्यक्ष शोभित जैन एवं सचिव रोटेरियन समीर रस्तोगी को कॉलर पहनाकर उनके दायित्वों का औपचारिक निर्वहन कराया। इस मौके पर क्लब सचिव समीर रस्तोगी ने वर्षभर की गतिविधियों और आगामी योजनाओं की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि क्लब समाज के विभिन्न वर्गों तक सेवा कार्य पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

स्योहारा गौरव सम्मान 96 वर्षीय समाजसेवी सरदार प्रीतम सिंह को प्रदान किया गया। जबकि सर्वधर्म सेवा के लिए अरशद अहमद हक्की को सम्मानित किया गया। प्रशासनिक सेवाओं के लिए थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण में योगदान के लिए नगर पालिका ईओ विजेंद्र सिंह पाल तथा चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए सीएचसी प्रभारी डा. बीके स्नेही को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्रेस एवं मीडिया से जुड़े पत्रकारों को भी स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके अलावा हाईस्कूल इंटरमीडिएट एवं सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विभिन्न विद्यालयों के मेधावी विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। क्लब की ओर से मंडलाध्यक्ष नितिन अग्रवाल, सहायक मंडलाध्यक्ष राजीव कुमार, जिला इवेंट अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, रीजनल एवं जोनल समन्वयक सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। समारोह में रोटरी एवं इनर व्हील क्लब के पदाधिकारियों, विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्यों, अभिभावकों तथा गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

## रमा त्यागी को साहित्य रत्न सम्मान



**कोतवाली देहात।** ग्राम महुआ निवासी रमा त्यागी 'एकाकी' को संदल फाउंडेशन के वार्षिक उत्सव में साहित्य रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। संदल फाउंडेशन का दो दिवसीय वार्षिक उत्सव 27 व 28 को देहरादून में संपन्न हुआ। दो दिन चले इस उत्सव में रमा त्यागी 'एकाकी' की कविताओं को सराहा गया। इस अवसर पर आयोजित कवि सम्मेलन में लगभग 40 कवियों एवं कवियत्रियों ने काव्य पाठ किया। डा. सारंगा, डा.स्नेह सुधा द्वारा रमा त्यागी को साहित्य रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। रमा त्यागी को मिले सम्मान से गांव और क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

# मसौदा वापस लेने का स्वागत

### किसानों के हित में बताया



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** भाकियू अराजनैतिक ने केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित गन्ना (नियंत्रण) आद. ेश, 2026 का मसौदा वापस लेने का स्वागत किया है।

इस संबंध में भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के द्वारा प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें कहा गया कि केंद्र सरकार ने प्रस्तावित गन्ना (नियंत्रण) आदेश, 2026 का मसौदा वापस ले कर अच्छा काम किया है। यूनियन द्वारा इसे किसानों के हित में उचित फैसला बताया गया। प्रस्तावित आदेश के कुछ प्रावधानों के कारण गन्ना किसानों तथा गुड़ एवं खांडसारी इकाइयों के हितों को लेकर कई आशंकाएं जताई जा रही थीं। जिसको लेकर खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के समक्ष भाकियू अराजनैतिक ने गन्ना किसानों, गुड खंडसारी उद्योग के हितों को लेकर मजबूती से पक्ष रखा था। भारतीय किसान अराजनैतिक द्वारा हजारों लोगों ने ईमेल के माध्यम से अपने सुझाव भी दिये थे। एक जनपद बिजनौर से ही लगभग 2000 किसानों ने संगठन के माध्यम से अपने सुझाव भेजे थे। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के प्रतिनिधि मंडल केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी से मुलाकात कर इस सम्बंध में किसानों का पक्ष रखा था। केन्द्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने भी इससे जुड़ी चिंताओं को प्रधानमंत्री के समक्ष रखा था। खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के कार्यालय ज्ञाप के अनुसार निर्धारित अवधि के दौरान राज्य सरकारों तथा अन्य संबंधित पक्षों से बड़ी संख्या में सुझाव और टिप्पणियां प्राप्त हुईं। इन सुझावों की समीक्षा के बाद केंद्र सरकार ने महसूस किया कि प्रस्तावित आदेश में अधिक विचार-विमर्श तथा समीक्षा की आवश्यकता है। इसके चलते मसौदे को फिलहाल वापस लेने का फैसला किया गया। संगठन के युवा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दिगम्बर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री की किसानों के प्रति संवेदनशीलता के कारण ही यह सम्भव हुआ है। प्रदेश सरकार ने भी इस सम्बंध में अपने सुझाव भारत सरकार को दिए थे। जिसमें किसान हित को सर्वोपरि रखा था।

# समर कैंप में निखरी विद्यार्थियों की प्रतिभा

### रंगारंग समारोह से समापन




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** सेंट मैरी स्कूल में समर कैंप के माध्यम से विद्यार्थियों की प्रतिभाओं को निखारा गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार स्थानीय सेंट मैरी स्कूल में 18 मई से ग्रीष्मकालीन समर कैंप का आयोजन किया गया था। जिसका आज रंगारंग समापन समारोह आयोजित किया गया। इस समर कैंप में लगभग 150 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न खेल, सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से अपने कौशल का प्रदर्शन किया। समर कैंप के दौरान विद्यार्थियों को क्रिकेट, बैडमिंटन, योग, नृत्य, स्केटिंग तथा कराटे व मार्शल आर्ट का विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया। दुष्यंत शर्मा ने क्रिकेट, रवि दत्त ने बैडमिंटन, करिश्मा ने योग तथा सोनम ने नृत्य गतिविधियों का संचालन किया। वहीं विशेष प्रशिक्षकों के रूप में श्रेया ने स्केटिंग और आशुतोष ने कराटे एवं मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण दिया। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों के मनोरंजन एवं शारीरिक विकास के लिए टग ऑफ वॉर (रस्साकशी), रेन डांस और जुम्बा जैसी आकर्षक गतिविधियों का भी आयोजन किया गया, जिनमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

समारोह में प्रबंधक फादर शाजू, उप प्रधानाचार्या सिस्टर जैनी तथा के.जी. इंचार्ज जिल्सी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने समर कैंप के महत्व पर प्रकाश डाला और उन्हें निरंतर नई गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। प्रवक्ता आदित्य खन्ना ने बताया समारोह के दौरान सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। उत्साह, उमंग और सीख से भरपूर इस समर कैंप ने विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ उनके आत्मविश्वास और टीम भावना को भी मजबूत किया।

# निराश्रित पशुओं के लिए भूसा एकत्र करेंगे शिक्षक

### राष्ट्र निर्माता कहे जाने वाला अध्यापक बना बहुउद्देशीय कर्मी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** एक जमाना था जब खानदानी और शिकार के शौकीन लोग अपने किए हुए शिकार की खाल में भूसा भरवा कर अपने मेहमान खाने या फिर बैठक में रखवा दिया करते थे। ये उनकी शान ओ शौकत या अमीरी का रौब हुआ करती थी।

कुछ दिनों बाद इस शान-ओ-शौकत ने तंज यानी कटाक्ष का रूप ले लिया और जब कभी कोई जमीदार या अमीर या फिर ये ही खानदानी लोग अपने मजदूरों पर गुस्सा होते तो वो अक्सर ये कहते नजर आते थे, 'तेरी खाल खींचवा कर भूसा भरवा दूंगा।'

खाल खिंचवा कर भूसा भरवाने वाली बात का जिक्र यहां क्यों आया, तो आइए इस पर नजर डालते हैं।

हाल ही में उत्तर प्रदेश के बेसिक शिक्षा विभाग में एक ऐसा चौंका देने वाला आदेश सामने आया है, जिसकी चारों तरफ भर्त्सना हो रही है। आदेश में राष्ट्र निर्माता कहे जाने वाले शिक्षक व अध्यापकों से निराश्रित गौवंश हेतु भूसा एकत्र एवं दान करने की बात कही गई है। इस जिला स्तरीय आदेश में प्रत्येक खंड शिक्षा अधिकारी को निराश्रित पशुओं के लिए 100 कुंतल भूसा दान दिए जाने के आदेश दिए गए हैं। एक खंड शिक्षा अधिकारी ने डीएम के आदेशों का हवाला देते हुए लक्ष्य को पूरा कराने हेतु अपने अधीनस्थ कर्मचारियों एवं शिक्षकों में बराबर-बराबर विभाजित करते हुए प्रत्येक अध्यापक को 46 किलोग्राम भूसा दान में देने के लिए आदेश पारित कर दिए हैं जिससे संपूर्ण अध्यापक समाज रोष व्याप्त है। राष्ट्र निर्माता कहे जाने वाले अध्यापक एवं गुरुओं से अभी कुछ समय पहले उत्तर प्रदेश के कुछ जनपदों में कुत्ते गिनवाने तथा उन्हें पकड़वाने का काम भी लिया गया था।

बताते चले कि आदेश में यह भी चेतावनी भी गई है कि यदि एक हफ्ते के भीतर भूसा लक्ष्य पूरा नहीं किया गया, तो शिथिलता बरतने वाले अध्यापक के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही की संस्तुति जाएगी। इस आदेश की भाषा से तो खाल में भूसा भरवाने वाली बात प्रतीत हो रही है। किसी जमाने में शिक्षक सम्मान का प्रतीक हुआ करते थे और उनसे शिक्षा के अतिरिक्त कोई काम नहीं लिया जाता था, परंतु आज के दौर में अधिकतर सरकारी कार्य शिक्षक से लिए जा रहे हैं परंतु सम्मान के नाम पर उन्हें ठेंगा दिखाया जा रहा है। जानवरों की गड़ना कभी कुष्ठ रोगों की गड़ना कभी चुनाव तो कभी चुनाव पुनरीक्षण (SIR) ड्यूटी, तो कभी गहन पुनरीक्षण तथा हाल ही में जनगणना का कार्य चल ही रहा है। ऐसा लगता है शिक्षक अब शिक्षक न होकर बहुउद्देशीय कर्मचारी हो गया है। निरीह प्राणी भी कहा जा सकता है। आज के अध्यापक से काम भी सारे लिए जाते हैं और शोषण भी पूरा किया जाता है।

विभागीय कार्यवाही की बात को जानकर कुछ अध्यापकों के कहना है कि अभी तो सिर्फ अध्यापकों से भूसा दान किए जाने की बात कही गई है अभी कुछ दिन रुकिए लक्ष्य पूरा नहीं हुआ, तो ये ही भूसा इन अध्यापकों की खाल में न भरवा दिया जाय। अधिकारी अब जमींदार और राष्ट्र निर्माता कहे जाने वाला अध्यापक अब बंधवा मजदूर जैसे से प्रतीत होने लगा है।

प्रसिद्ध समाज सुधारक और संत कबीर दास जी अपने दोहों में गुरु को भगवान से भी ऊंचा दरजा दिया था मगर आज के दौर में ऐसी बाते सिर्फ किताबी और फिजूल प्रतीत होने लगीं हैं।

## एक नजर

### नांगल सोती में पुलिस की जन चौपाल



**नांगल सोती।** जन चौपाल लगाकर सीओ ने साइबर अपराध से बचने के लिए ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी। बीती देर शाम थाना अध्यक्ष अमर सिंह राठौर की मौजूदगी में सीओ अंजनी कुमार ने नांगल सोती में जन चौपाल लगाई। सीओ ने कहा कि साइबर अपराध लगातार बढ़ रहे हैं। जिससे सावधान रहने की जरूरत है। अपराध के प्रति अपने आप भी सतर्क रहें और दूसरों को भी सतर्कता बरतने की सलाह दें। ठगी का शिकार होने पर तत्काल 1930 पर कॉल करें। सीओ ने ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों को पुलिस के साथ रात्रि में गांव में गश्त करने के लिए कहा। किसी भी संदिग्ध व्यक्ति के गांव में घूमने और अपराध की सूचना तत्काल पुलिस को देने की ग्रामीणों से अपील की। चौपाल में वीरेंद्र शर्मा, राजवीर सिंह, शिवध्यान सिंह, धर्मवीर सिंह, मुकेश, आदि मौजूद रहे।

### चालान निरस्त करने की मांग

**कोतवाली देहात।** थाना क्षेत्र के ग्राम पीपलसाना निवासी हेमेंद्र कुमार की मोटर साइकिल का चालान कटने की सूचना उन्हें प्राप्त हुई। यह चालान मुरादाबाद में काटा गया है। हेमेंद्र कुमार का कहना है कि उनकी मोटर साइकिल कभी मुरादाबाद नहीं गई है। चालान पर मोटर साइकिल की जगह स्कूटी का फोटो लगा हुआ है। ग्राम पीपलसाना निवासी हमेंद्र कुमार के पास स्प्लेंडर मोटरसाइकिल है जिसका नंबर यूपी 20 सीवाई 0392 है। उन्हें रजिस्टर्ड मोबाइल पर चालान कटने की सूचना प्राप्त हुई। यह चालान दिनांक 22 मई को शाम 4:27 बजे पर मुरादाबाद में काटा गया है। चालान कटने का कारण चालक का हेलमेट नहीं पहने हुए होना बताया गया है। चालान पर मोटरसाइकिल के स्थान पर स्कूटी का फोटो लगा हुआ है। हेमेंद्र कुमार ने बताया कि उनकी मोटरसाइकिल उक्त तारीख में घर पर ही खड़ी थी। यह चालान गलत तरीके से काटा गया है। उन्होंने उच्च अधिकारियों से मामले की जांच कर चालान निरस्त करने की मांग की है।

### चौपाल में अपराधों के प्रति जागरूक किया




**स्योहारा।** पुलिस के द्वार कार्यक्रम के तहत ग्राम मंसूर सराय में आयोजित जन चौपाल में सीओ धामपुर एवं थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। सीओ धामपुर ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को जागरूक और सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, ओटीपी साझा करने के दुष्परिणाम बैंकिंग फ्रॉड तथा सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले अपराधों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। उन्होंने कहा कि पुलिस का उद्देश्य केवल अपराध नियंत्रण ही नहीं, बल्कि जनता के बीच विश्वास कायम करना और उनकी समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना भी है। जन चौपाल जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से पुलिस सीधे लोगों तक पहुंचकर उनकी समस्याओं को समझ रही है और उनके निराकरण के लिए प्रभावी कदम उठा रही है। इस मौके पर थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने ग्रामीणों से कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि पुलिस क्षेत्र में शांति सौहार्द और सुरक्षा का वातावरण बनाए रखने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। चौपाल के दौरान ग्रामीणों द्वारा उठाई गई। विभिन्न समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा कई शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। जबकि अन्य मामलों के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। ग्रामीणों ने पुलिस अधिकारियों द्वारा गांव में पहुंचकर सीधे संवाद स्थापित करने और उनकी समस्याओं को सुनने की पहल की सराहना की। उनका कहना था कि ऐसे कार्यक्रमों से पुलिस और जनता के बीच विश्वास मजबूत होता है तथा लोगों में सुरक्षा की भावना बढ़ती है। जन चौपाल के दौरान महिला सुरक्षा, साइबर हेल्पलाइन और आपातकालीन सेवाओं की जानकारी भी दी गई।

# चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा, सात गिरफ्तार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** सूरजपुर कोतवाली पुलिस ने चोरी-छिनतई करने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान उत्तराखंड के पिथौरागढ़ निवासी उत्तम (20), बुलंदशहर के दीपेश (19), गौरव (22) व सूरज (18), साकीपुर के दीपक भाटी (26) व रोहित भाटी उर्फ रैन्चो (22) और अलीगढ़ के रो. हित के रूप में हुई है। उनके कब्जे से तीन लाख की सोने की चेन, चार किलोग्राम तांबा और दो अवैध चाकू बरामद हुए हैं। आरोपियों के खिलाफ चोरी, लूट, हत्या के प्रयास और आर्म्स एक्ट के दर्जनों मामले दर्ज हैं।

डीसीपी, सेंट्रल नोएडा शैलेंद्र सिंह ने बताया कि ओमिक्रोन-3 सर्विस रोड और एलएंडटी सर्विस रोड, साकीपुर से अभियान के दौरान आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों ने हाल के दिनों में दो जगहों पर चोरी की थी। पहली घटना साकीपुर में 19 मई को हुई। आरोपियों ने एक महिला को विश्वास में लेकर उनके गले से सोने की चेन चोरी कर ली थी। आरोपी दीपक भाटी और रोहित भाटी के पीड़िता से पारिवारिक संबंध भी थे। इसी का फायदा उठाकर उन्होंने चेन गायब कर दी। महिला की शिकायत पर पुलिस ने दीपक, रोहित, सूरज और रोहित को गिरफ्तार किया। आरोपियों से पूछताछ में दूसरी चोरी का भी खुलासा हुआ। इसी गिरोह के सदस्य उत्तम, दीपेश और गौरव ने 30 जनवरी को जैतपुर स्थित इलेक्ट्रिक दुकान को निशाना बनाया था। आरोपियों ने रात के समय दुकान से बिजली के तार की चोरी की थी। तारों को जलाकर निकाले गए तांबे को बेचने की तैयारी चल रही थी। गिरफ्तारी के समय पुलिस ने करीब चार किला. ेग्राम तांबा बरामद किया है। गिरोह के कई सदस्य पिछले सात साल से अपराध की दुनिया में सक्रिय रहे हैं। अब तक 20 से अधिक वारदातों को अंजाम दे चुके है।

# 1.29 करोड़ के डिजिटल अरेस्ट में एक गिरफ्तार

**नोएडा।** नोएडा में बैंक खाते उपलब्ध कराने वाले 21 साल के कैब चालक आकाश कुमार को गिरफ्तार किया गया। डिजिटल अरेस्ट कर 1.29 करोड़ रुपए की साइबर ठगी मामले में साइबर क्राइम थाना पुलिस उसे खोज रही थी। आरोपी को दिल्ली के निहाल विहार स्थित उसके आवास से दबोचा गया। पुलिस के अनुसार आरोपी साइबर ठगी करने वाले संगठित गिरोह के लिए बैंक खाते उपलब्ध कराने का काम कर रहा था। ये मजदूरों और अन्य लोगों को पैसों का लालच देकर उनके खाते ठगों को देता था। साइबर क्राइम थाना पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जांच के दौरान डिजिटल अरेस्ट कर 1.29 करोड़ रुपए की ठगी से जुड़े वित्तीय लेन-देन की पड़ताल की जा रही थी। इसी क्रम में कुछ बैंक खातों में संदिग्ध ट्रांजैक्शन सामने आए।तकनीकी और बैंकिंग साक्ष्यों के आधार पर पुलिस आकाश कुमार तक पहुंची। जांच में पता चला कि आरोपी पेशे से कैब चालक है, लेकिन अतिरिक्त कमाई के लालच में उसने अपना बैंक खाता साइबर अपराधियों को उपलब्ध कराया और बाद में अन्य खातों की व्यवस्था कराने में भी उनकी मदद करने लगा।

**आर्थिक रूप से कमजोर थे टारगेट:** साइबर ठग अक्सर ऐसे लोगों को निशाना बनाते हैं जो आर्थिक रूप से कमजोर होते हैं या जल्दी पैसा कमाने की चाह रखते हैं। उन्हें कमीशन का लालच देकर बैंक खाते, एटीएम कार्ड, चेकबुक और इंटरनेट बैंकिंग की सुविधाएं हासिल कर ली जाती हैं।

# बारिश से कई सेक्टरों में बिजली गुल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** आंधी-बारिश से शनिवार को शहर के कई सेक्टरों में बिजली गुल हो गई। बिजली बाधित होने से काफी देर तक लोगों को परेशान होना पड़ा। बारिश थमने के बाद भी आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी। जगह-जगह बाधित बिजली को लेकर उपभोक्ताओं ने निगम के कंट्रोल रूम में शिकायत भी दर्ज कराई, फिर भी समाधान नहीं हो सका। इससे लोगों का विद्युत निगम के प्रति रोष बढ़ता जा रहा है। विद्युत निगम बिजली की मांग कम होने होने बाद भी उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति नहीं दे पा रहा है। शनिवार को बिजली की मांग 2450 मेगावाट वाट तक रही। जबकि पूर्व में बिजली की मांग 2880 मेगावाट तक पहुंच चुकी है। वहीं, शनिवार को बारिश से निगम को लोड में तो राहत मिली, लेकिन बिजली की लाइनें टूटने और खंभे आढ़े-तिरछे होने से परेशानी बढ़ गई है।

**बिजली की आपूर्ति में बाधा:** तेज आंधी के बीच बिजली की लाइनों पर पेड़ की टहनियां टूटकर गिर गईं। इससे काफी देर तक बिजली सुचारू नहीं हो सकी। कुछ देर के लिए पूरा शहर में आपूर्ति प्रभावित हो गई। बारिश का प्रभाव सेक्टर-11, 12, 15, 19, 20, 22, 27, 30, 31, 33, 34, 36, 37, 40, 49, 55, 56, 76, 71, 99, 110, 122,129, 145, 168 समेत शहर के अन्य हिस्सों में भी देखने को मिला। सेक्टर-100 निवासी अमरिश तिवारी ने बताया कि शनिवार को सेक्टर में लोगों को तीन से चार घंटे तक कटौती का समाना करना पड़ा। विद्युत निगम के कर्मी और अभियंताओं को शिकायत करते रहे, लेकिन संबंधित कर्मी और अभियंता कुछ देर में आपूर्ति शुरू होने का दावा करते रहे। लगातार तीन घंटे तक लोगों को कटौती का सामना करना पड़ा। हालत इतनी खराब हुई कि बारिश थमने के कई घंटों तक बिजली बहाल नहीं हो सकी।

**विद्युत निगम का बयान:** अधीक्षण अभियंता तकनीकी विवेक कुमार पटेल ने बताया कि एहतियात के रूप में आपूर्ति बंद की गई थी। स्थिति सामान्य होने के बाद आपूर्ति बहाल कर दी गई।

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना**

वरिष्ठ मण्डल संकेत एवं दूरसंचार अभि0/उत्तर रेलवे, मुरादाबाद, कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्यों के लिए खुली निविदा ई-टेंडरिंग प्रणाली के माध्यम से आमन्त्रित करते हैं।

| सं0 | निविदा संख्या और कार्य का विवरण | लगभग लागत रुपये | अग्रिम धन रुपये | निविदा फॉर्म की लागत रु. | निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए अंतिम तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 47-Tele-PAS-Kumbh-2027 हरिद्वार और आस-पास के स्थानों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम की व्यवस्था। | 107591138.55 | 2151800.00 | निल | 25.06.2026 15:00 |
| 2 | 35-Tele-CCTV-Kumbh-25-26 कुंभ मेला 2027 के लिए LRJ-HW और HW-RKSH के बीच सभी रेलवे स्टेशनों पर CCTV की व्यवस्था। | 214319362.69 | 4286400.00 | निल | 25.06.2026 15:00 |

नोटः- निविदा के पूरा विवरण www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। Tender Notice no.- 47-Tele-PAS-Kumbh-2027, 35-Tele-CCTV-Kumbh-25-26 Date: 29.05.2026 1827/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# सादकपुर गो संरक्षण केंद्र बनेगा मॉडल गोशाला 'गो कृपा अमृत' से बढ़ेगी जैविक खेती: डीएम

## जिलाधिकारी ने फाजलपुर और सादकपुर स्थित वृहद गो संरक्षण केंद्रों का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया ने सादकपुर स्थित वृहद गौ संरक्षण केंद्र को मॉडल गौशाला के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए हैं। यहां तैयार होने वाले गौ कृपा अमृत से जैविक खेती को बढ़ावा मिलेगा। जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया ने मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी एवं जॉइंट मजिस्ट्रेट शक्ति दुबे के साथ विकास खंड मुरादाबाद के ग्राम फाजलपुर तथा विकास खंड छजलैट के ग्राम सादकपुर स्थित वृहद गौ संरक्षण केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। वृहद गौ संरक्षण केंद्र सादकपुर के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि इस केंद्र को खेती की उर्वरा क्षमता बढ़ाने तथा जैविक खेती को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शगौ कृपा अमृतम्श तैयार करने हेतु एक मॉडल गौशाला के रूप में विकसित किया जाए। उन्होंने कहा कि इसके लिए विकास खंड क्षेत्र की अन्य गौशालाओं में संरक्षित देसी गौवंश को यहां एकत्रित किया जाए। देशी गौवंश के गोबर एवं गोमूत्र से तैयार होने वाला गौ कृपा अमृतम् किसानों के लिए प्राकृतिक एवं जैविक खेती को बढ़ावा देने में उपयोगी सिद्ध होगा। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने गौ कृपा अमृतम् तैयार करने वाली विशेषज्ञों की टीम के साथ स्थल का भ्रमण किया। उन्होंने गौवंश के लिए हरे चारे की समुचित एवं नियमित उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु गौशाला से संबद्ध भूमि क्षेत्र को बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही संबंधित लेखपाल को राजस्व अभिलेखों में दर्ज चारागाह भूमि को चिन्हित कर उसे अतिक्रमण मुक्त कराने तथा ग्राम पंचायत सचिव को उस भूमि पर हरा



चारा तैयार कराकर गौशालाओं को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। वृहद गौ संरक्षण केंद्र फाजलपुर के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वर्षा एवं बाढ़ के समय संभावित जलभराव की समस्या को गंभीरता से लेते हुए ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के जेई को कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गौशाला के चारों ओर सुदृढ़ और जलभराव को रोकने में सक्षम बाउंड्रीवाल का निर्माण कराया जाए तथा प्रवेश द्वार पर भी रैंप बनाया जाए जिससे अत्यधिक वर्षा अथवा बाढ़ की स्थिति में भी गोवंश को किसी प्रकार की कठिनाई न हो। जिलाधिकारी ने कहा कि गौ संरक्षण केंद्रों को केवल आश्रय स्थल के रूप में नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था, प्राकृतिक कृषि एवं पर्यावरण संरक्षण के सशक्त केंद्रों के रूप में विकसित किया जाना चाहिए। इसके लिए सभी संबंधित विभाग समन्वय स्थापित करते हुए निर्धारित समय सीमा में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।

निरीक्षण के दौरान मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील दत्त सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खंभों पर लगे अवैध होर्डिंग्स हटाने के लिए चला अभियान

**चन्दौसी।** जिलाधिकारी के निर्देश पर नगर पालिका परिषद ने शनिवार को खंभों पर लगे अवैध होर्डिंग्स, फ्लैक्सी और बैनरों को हटाने के लिए विशेष अभियान चलाया। अभियान के तहत हाइड्रोलिक मशीन की सहायता से विभिन्न स्थानों पर लगे प्रचार सामग्री को हटाया गया। अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम ने बताया कि विद्युत खंभों पर अवैध रूप से लगाए गए होर्डिंग्स और फ्लैक्सी न केवल शहर की सुंदरता को प्रभावित करते हैं, बल्कि विद्युत संचालन में भी बाधा उत्पन्न करते हैं।

तारों के बीच लगे बैनरों से दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है और आम लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि नगर पालिका द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत फुब्बारा चौक से रेलवे स्टेशन तक मार्ग पर लगे सभी अवैध होर्डिंग्स और फ्लैक्सी को हटाकर नगर पालिका कार्यालय में जमा कराया गया। साथ ही चेतावनी दी गई कि भविष्य में बिना अनुमति सार्वजनिक स्थलों और विद्युत खंभों पर होर्डिंग्स लगाने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर

### एक किलो चरस के साथ महिला गिरफ्तार किया चालान



**कांठ ( शाह टाइम्स )** पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर चरस बरामद करते हुए चालान किया है।

बताया गया कि एस आई मोहन सिंह देखरेख शांति व्यवस्था क्षेत्र में थे जैसे ही वह आशापुर कॉलोनी के निकट पहुंचे एक संदिग्ध महिला कब्रिस्तान की ओर जाती दिखाई दी शक होने पर उन्होंने महिला को रोक लिया बताया गया कि उसके पास से 1060 रुपए और एक किलो के करीब चरस बरामद की गई महिला का कहना था कि वह चरस बेचकर अपनी आजीविका चलाती है। पुलिस महिला को गिरफ्तार कर थाने ले आई और कानूनी कार्रवाई करते हुए चालान कर दिया।

### 12 वर्षीय शिष्य योगेश्वरनाथ कर रहे बाबा बजरंगबली की 44 दिन की सिद्धी, पांचवें दिन जारी रहा अनुष्ठान

कांठ( शाह टाइम्स) संत बाबा तेजराम उर्फ कमलनाथ के निर्देशन में 12 वर्ष का शिष्य बाबा बजरंगबली की सिद्धी का कार्य पांचवें दिन जारी रहा। गुलड़िया बहादरपुर स्थित श्री बालाजी दरबार एवं कमलनाथ आश्रम के संस्थापक संत बाबा तेजराम उर्फ कमलनाथ ने बताया कि शिष्य की लगन कहे या बाबा की कृपा से मोडा पट्टी के धर्मेन्द्र यादव के पुत्र योगेश्वरनाथ आयु 12 वर्ष, शिक्षा कक्षा छः, को मंगलवार से बाबा बजरंग. बली की सिद्धी कर रहा है। यह सिद्धी का कार्य 44 दिन तक जारी रहेगा,चौबीस घंटे में एक वक्त केवल फल और चार घंटे कठिन पूजा प्रति दिन का कार्य होता है, प्रातः और रात्रि को सुन्दरकाण्ड, श्री रामस्तुति, हनुमान चालीसा, बजरंगबाण सामूहिक रुप से किया जाता है । इस अवसर पर नगर के अलावा मिश्रीपुर, हीरापुर, मंझरा, गांवड़ी, मल्हीवाला, बहादरपुर आदि ग्रामीण क्षेत्र के सेवक मौजूद रहे।



### न्यायालय के निर्णय से शिक्षक संगठनों में छाई मायूसी प्राथमिक शिक्षक संघ ने लड़ाई जारी रखने को बनाई रणनीति



कांठ( शाह टाइम्स)सर्वोच्च न्यायालय ने टीईटी अनिवार्यता को लेकर एक सितंबर 2025 को दिए गए निर्णय के खिलाफ दायर पुनर्विचार याचिकाओं को खारिज करने और निर्णय में आंशिक संशोधन करते हुए टीईटी पास करने के वलिए एक वर्ष का अतिरिक्त समय देने के निर्णय पर शिक्षक संगठनों ने मायूसी जताई है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ इस मुद्दे को लेकर आंदोलन की रणनीति बना रहा है । संघ के जिला अध्यक्ष डॉक्टर नीरज शर्मा ने कहा कि देश भर के शिक्षक संगठनों, प्रतिनिधियों व विधिक विशेषज्ञों के साथ मंथन कर आगे की रणनीति तय की जाएगीस जिला उपाध्यक्ष एवं ब्लॉक छजलैट के अध्यक्ष डॉक्टर कपिल सिरोही ने कहा कि शिक्षक समाज ने हमेशा लोकतांत्रिक, संवैधानिक व शांतिपूर्ण तरीके से अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ी है, लेकिन बार-बार न्यायोचित मांगों की अनदेखी दुर्भाग्यपूर्ण है। यह मामला किसी एक संगठन, एक वर्ग या एक राज्य तक सीमित नहीं है, बल्कि देश के लगभग 25 लाख शिक्षकों के भविष्य से जुड़ा है। शिक्षक समाज अब अपने मुद्दों को किसी भी परिस्थिति में ठंडे बस्ते में नहीं जाने देगा। शिक्षक हितों की रक्षा के लिए निर्णायक लड़ाई लड़ेगा। देश का शिक्षक आज स्वयं को ठगा हुआ, उपेक्षित और निराश महसूस कर रहा है। शिक्षक समाज अब केवल आश्वासनों से संतुष्ट रहने वाला नहीं है। यदि शिक्षकों के मुद्दों के न्यायसंगत समाधान की ठोस पहल न हुई तो देशभर में एकजुट होकर व्यापक लोकतांत्रिक संघर्ष का बिगुल फूंका जाएगा।निर्णय को निराशाजनक बताते हुए कहा कि शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी लागू करना न्याय संगत नहीं है।

## तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक सवार छात्रों को मारी टक्कर, दो गंभीर रूप से घायल

**भोजपुर।** थाना डिलारी क्षेत्र में तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार दो छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर पर ट्रैक्टर चालक के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना डिलारी के गांव सदरपुर निवासी हरकेश सिंह पुत्र राजवीर सिंह की तहरीर के अनुसार 27 मई को उनका बेटा रवि कुमार अपने साथी हर्ष प्रताप सिंह के साथ बाइक से मुरादाबाद स्थित राजकीय आईटीआई में पढ़ने जा रहा था। तहरीर में बताया गया कि मुरादाबाद-धारक नंगला हाईवे पर गांव इस्लामनगर से कुछ पहले अनस पुत्र बुन्दु ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को काफी तेज रफ्तार से चलाते हुए उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में रवि कुमार और हर्ष प्रताप सिंह दोनों को गंभीर चोटें आईं। ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से दोनों छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने घायलों को तुरंत निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी ट्रैक्टर चालक अनस के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना डिलारी पुलिस का कहना है कि आरोपी की तलाश की जा रही है और जल्द ही आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## गर्मी बढ़ते ही उल्टी-दस्त और बुखार के मरीजों की संख्या में इजाफा: डॉ. राजपाल



**बिलारी।** मौसम में लगातार बढ़ रही गर्मी के साथ ही क्षेत्र में उल्टी-दस्त, बुखार और अन्य मौसमी बीमारियों के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलारी के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजपाल सिंह ने ओपीडी के दौरान बताया कि पिछले कुछ दिनों से अस्पताल में उल्टी-दस्त और बुखार से पीड़ित मरीजों की संख्या में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है।

उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में विशेष रूप से बच्चों और बुजुर्गों को अतिरिक्त सावधानी बरतने की आवश्यकता है। तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण लोग जल्दी बीमार हो रहे हैं। डॉ. राजपाल ने अभिभावकों से अपील की कि बच्चों को दोपहर के समय धूप में बाहर न निकलने दें तथा उन्हें पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पानी पिलाते रहें। उन्होंने सलाह दी कि बासी और खुले में रखा भोजन खाने से बचें। हमेशा ताजा एवं स्वच्छ भोजन का ही सेवन करें। बाहर मिलने वाले कटे फल, खुले पेय पदार्थ और अस्वच्छ खाद्य सामग्री से दूरी बनाए रखें। यदि किसी व्यक्ति को लगातार उल्टी, दस्त, तेज बुखार या कमजोरी महसूस हो तो तुरंत चिकित्सकीय परामर्श लें और स्वयं दवा लेने से बचें। चिकित्सा अधीक्षक ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सतर्क है और अस्पताल में मरीजों के उपचार की समुचित व्यवस्था की गई है। उन्होंने लोगों से गर्मी के मौसम में सावधानी बरतने और स्वास्थ्य संबंधी किसी भी समस्या होने पर तुरंत अस्पताल पहुंचने की अपील की।


## खानपुर-अमरपुर मार्ग पर दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत, युवक गंभीर घायल

**बिलारी।** बिलारी क्षेत्र के खानपुर-अमरपुर काशी रोड पर शनिवार को दो बाइकों के बीच हुई जोरदार टक्कर में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों ने तत्काल घायल को उपचार दिलाने की व्यवस्था कराई। जानकारी के अनुसार हाजीपुर निवासी फतेह सिंह पुत्र उमेश अपनी बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान खानपुर-अमरपुर काशी रोड पर सामने से आ रही दूसरी बाइक से उनकी जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि फतेह सिंह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही राहगीरों ने 108 एम्बुलेंस सेवा को फोन किया। सूचना पर अमरपुर काशी क्षेत्र में तैनात 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची। एम्बुलेंस कर्मियों ने घायल को प्राथमिक उपचार प्रदान किया। ईएमटी मोहम्मद शमीम एवं पायलट हरिओम यादव ने तत्परता दिखाते हुए फतेह सिंह को एम्बुलेंस में शिफ्ट कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बिलारी पहुंचाया।

सीएचसी बिलारी में चिकित्सकों ने घायल का परीक्षण किया। हालत गंभीर होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर मुरादाबाद रेफर कर दिया गया।

## भविष्यवाणी सही साबित आंधी और बारिश ने उड़ा दी क्षेत्र की बिजली

**कांठ ( शाह टाइम्स )** मौसम विभाग की भविष्यवाणी शाम सही साबित हुई तेज हवा के साथ नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बारिश पड़ने लगीस बारिश के कारण नगर में कई जगह सड़कों पर पानी भरने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा है। शनिवार की शाम करीब 5:00 बजे आसमान में काले बादल छाने के बाद तेज हवा और बारिश हुईस तेज हवा के कारण आम की फसल को नुकसान की खबर है स अनेक स्थान पर पेड़ गिरने की भी जानकारी प्राप्त हुई हैस नगर पंचायत की कुछ सड़कों पर जल भराव से लोगो को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। खबर लिखे जाने तक बारिश जारी थी।



## अन्तरवाहिनी पीएसी जुडो क्लस्टर प्रतियोगिता का हुआ समापन, 9वीं वाहिनी पीएसी का रहा शानदार प्रदर्शन

**मुरादाबाद।** 29वीं अन्तरवाहिनी पीएसी जुडो क्लस्टर प्रतियोगिता-2026 (जुडो, पेंचक सिलाट, कराटे, ताईक्वाडो एवं वुशु) का समापन समारोह उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में विभिन्न वाहिनियों के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।प्रतियोगिता के परिणामों में जुडो एवं पेंचक सिलाट स्पर्धा में 09वीं वाहिनी पीएसी मुरादाबाद ने विजेता बनने का गौरव हासिल किया।

जबकि जुडो में 15वीं वाहिनी आगरा और पेंचक सिलाट में 43वीं वाहिनी पीएसी एटा उपविजेता रही। कराटे प्रतियोगिता में 43वीं वाहिनी पीएसी एटा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा 15वीं वाहिनी आगरा उपविजेता रही। ताईक्वाडो स्पर्धा में 28वीं वाहिनी इटावा विजेता तथा 09वीं वाहिनी पीएसी मुरादाबाद उपविजेता रही। वहीं वुशु प्रतियोगिता में 47वीं वाहिनी पीएसी गाजियाबाद ने प्रथम स्थान प्राप्त



किया और 09वीं वाहिनी पीएसी मुरादाबाद उपविजेता रही।प्रतियोगिता के समापन पर सभी टीमों द्वारा आकर्षक मार्चपास्ट प्रस्तुत किया गया। आयोजन सचिव एवं उपसेनानायक श्री अनित कुमार, 09वीं वाहिनी पीएसी ने प्रतियोगिता की प्रशासनिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसके बाद मुख्य अतिथि रमेश प्रसाद गुप्ता, सेनानायक, 24वीं वाहिनी पीएसी मुरादाबाद ने विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किए।मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों को भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करते हुए खेल भावना को बनाए रखने का संदेश दिया। उपसेनानायक 09वीं वाहिनी ने मुख्य अतिथि, अधिकारियों, मीडिया प्रतिनिधियों एवं निर्णायक मंडल के सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।समापन समारोह में सहायक सेनानायक सीमा यादव, शिविरपाल मोहम्मद मुशीर अहमद, दलनायक निमेश कुमार, प्रभारी सूबेदार मेजर श्री दीपक सिंह सहित विभिन्न टीमों के मैनेजर एवं कप्तान उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संच. ालन श्री डब्बू शर्मा ने किया।

## शोहदों की हरकत का विरोध पड़ा भारी, युवक और चाचा पर धारदार हथियारों से किया हमला

**मुरादाबाद।** कटघर थाना क्षेत्र के देवापुर मिलक में शोहदों को टोकना एक परिवार को भारी पड़ गया। पुरानी रंजिश और विवाद के चलते कुछ युवकों ने घर में घुसकर एक युवक और उसके चाचा पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया। घटना में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि मौके पर मौजूद लोगों ने तीन आरोपियों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।पीड़ित गुलाम मोहम्मद के अनुसार, शुक्रवार शाम उनके बेटे सुहैल को फोन के माध्यम से जान से मारने की धमकी दी गई थी। आरोप है कि धमकी देने वाले युवकों ने पुरानी रंजिश का हवाला देते हुए गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी थी। इसके कुछ समय बाद करीब नौ युवक दो मोटरसाइकिलों और पैदल उनके घर पहुंच गए।आरोप है कि हमलावर गाली-गलौज करते हुए घर में घुस आए और सुहैल पर हमला बोल दिया। उनके पास लोहे की रॉड, सरिया, चाकू, छुरी और तमंचा जैसे हथियार थे। हमले में सुहैल के चेहरे और कंधे पर गंभीर चोटें आईं। बीच-बचाव करने पहुंचे उसके चाचा अकबर पर भी धारदार हथियार से हमला किया गया, जिससे वह भी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के दौरान शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। स्थानीय लोगों ने साहस दिखाते हुए तीन आरो. पियों को पकड़ लिया, जबकि अन्य मौके से फरार हो गए। सूचना पर पहुंची कटघर पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों को हिरासत में ले लिया और घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा।पीड़ित पक्ष ने मामले में नामजद आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।





पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। फरार आरोपियों की तलाश भी शुरू कर दी गई है। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है, हालांकि पुलिस स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

## कुत्तों और बंदरों के आतंक से बढ़ी चिंता

**चन्दौसी।** शहर में आवारा कुत्तों और बंदरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। स्थिति यह है कि संयुक्त चिकित्सालय में प्रतिदिन 150 से 170 लोग कुत्ते या बंदर के काटने के बाद एंटी रेबीज इंजेक्शन लगवाने पहुंच रहे हैं। मरीजों की बढ़ती संख्या के कारण अस्पताल में सुबह से ही लंबी कतारें लगना आम बात हो गई है। संयुक्त चिकित्सालय में कार्यरत डॉ. हरविंदर चौधरी ने बताया कि नगर में पिछले कुछ समय से कुत्तों और बंदरों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। आवारा कुत्तों के झुंड सुबह, दिन और रात के समय विभिन्न क्षेत्रों में घूमते दिखाई देते हैं। कई बार ये राहगीरों, बच्चों और दोपहिया वाहन चालकों पर अचानक हमला कर उन्हें घायल कर देते हैं।

शनिवार को भी अस्पताल में कुत्ते और बंदर के काटने से घायल लोगों की भारी भीड़ देखने को मिली। एंटी रेबीज इंजेक्शन लगवाने के लिए मरीजों को अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा।

## हिंदी पत्रकारिता दिवस बड़े ही हर्षोउल्लास के साथ मनाया

**भगतपुर।** हिन्दी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर शनिवार को अजीज ग्लोवल एकेडमी में पत्रकारों द्वारा एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक पत्रकारों ने एकत्र होकर हिन्दी पत्रका. रिता के गौरवशाली इतिहास, उसकी वर्तमान चुनौतियों तथा समाज के प्रति पत्रकारों की जिम्मेदारियों पर चर्चा की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जाबिर हुसैन ने उपस्थित पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तंभ हैं। पत्रकार समाज और प्रशासन के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी का कार्य करते हैं तथा निष्पक्ष और तथ्यात्मक समाचारों के माध्यम से जनता की आवाज को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता केवल एक पेशा नहीं बल्कि समाज सेवा का एक सशक्त माध्यम है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सतेंद्र प्रकाश सर्किल ऑफिसर एंव साइकोलॉजिस्ट रजनी चौहान द्वारा सभी उपस्थित पत्रकारों को पेन और डायरी भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने वाले पत्रकारों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम पत्रकारों का उत्साहवर्धन करते हैं और उन्हें अपने दायित्वों का निर्वहन और अधिक निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ करने की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम में हिन्दी पत्रका. रिता के जनक माने जाने वाले पंडित जुगल किशोर शुक्ल के चित्र पर दीप प्रज्वलित एंव माल्यार्पण कर उनके जीवन और आदर्शों को याद किया किया गया। वक्ताओं ने कहा कि हिन्दी पत्रकारिता ने देश की सामाजिक, सांस्कृतिक और लोकतांत्रिक चेतना को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कार्यक्रम का समापन पत्रकारों के बीच आपसी संवाद, विचार-विमर्श और हिन्दी पत्रकारिता को और अधिक सशक्त बनाने के संकल्प के साथ हुआ ओर सभी पत्रकारों ने निष्पक्ष, निर्भीक और जनहित की पत्रकारिता को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

इस दौरान एक्टिव प्रेस क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष सतीश चौधरी, अध्यक्ष अनिल शर्मा, पूर्व अध्यक्ष नईम राजा ,मिर्जा गालिब, वसीम अब्बासी, समशेर मलिक, नवीन सक्सेना, जियाउल हसन, सहादत अली, उपाध्यक्ष वसीम अहमद, साजिद चौधरी सपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता प्रधान बलजीत सिंह, भारी संख्या में प्रधान एवं पुलिस प्रशासन मौजूद रहा।

## दादा करम अली शाह दरगाह पर सीरत-ए-मुस्तफा कॉन्फ्रेंस आयोजित, उलमा ने दिया अमन और मोहब्बत का पैगाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर के मोहल्ला बाजार स्थित दादा करम अली शाह की दरगाह परिसर में शनिवार देर रात्रि सीरत-ए-मुस्तफा कॉन्फ्रेंस का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र सहित दूर-दराज से आए बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत की तथा मजार शरीफ पर चादरपोशी कर मुल्क, कौम और इंसानियत की खुशहाली के लिए दुआएं मांगीं। कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ मौलाना मुख्तार नईमी द्वारा तिलावत-ए-कलाम-ए-पाक से किया गया।

मुख्य वक्ता के रूप में सीकरी शरीफ से तशरीफ लाए हजरत मौलाना मोहम्मद उमर साहब ने सीरत-ए-मुस्तफा पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि हजरत मुहम्मद मुस्तफा की शिक्षाएं सम्पूर्ण मानवता के लिए मार्गदर्शक हैं। उनके जीवन आदर्शों को अपनाकर इंसान दुनिया और आखिरत दोनों में कामयाबी हासिल कर सकता है। उन्होंने कहा कि सूफी संतों की दरगाहें सदियों से अमन, भाईचारे, प्रेम और इंसानियत का संदेश देती रही हैं। यहां हर धर्म और वर्ग के लोग अपनी मुराद लेकर आते हैं तथा आध्यात्मिक सुकून और फैज हासिल करते हैं। बुजुर्गों से मोहब्बत और उनकी तालीमात पर अमल करने से इंसान के



जीवन में बरकत और कामयाबी आती है। कार्यक्रम में शायर-ए- इस्लाम मौलाना जाकिर रजा ने बारगाह-ए-रसूल में दिलकश नात-ए-पाक पेश कर समा बांध दिया। उनकी नातिया पेशकश को उपस्थित लोगों ने खूब सराहा और पूरे माहौल को इश्क-ए-रसूल की खुशबू से महका दिया। कॉन्फ्रेंस की सदारत मौलाना अख्लाक हुसैन ने की, जबकि निजामत की जिम्मेदारी मौलाना मुख्तार नईमी ने निभाई। इस अवसर पर मौलाना अख्लाक हुसैन, मौलाना जाकिर रजा, शमसुद्दीन रजा समेत अनेक उलमा-ए-किराम और गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में कमेटी के सेक्रेटरी सरफराज सैफी, मोहम्मद आलम उर्फ पप्पू, सूफी इकबाल अंसारी, कमर अली, मुशर्रफ अली, हाजी शाहिद हुसैन उर्फ बाबा, डॉ. सुहैल बिन असगर, गफ्फार अंसारी, वकील फारूखी, अशरफ सैफी, अख्तर फारूखी सहित अन्य सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कॉन्फ्रेंस के समापन पर देश में अमन-चौन, आपसी भाईचारे, तरक्की और इंसानियत की भलाई के लिए विशेष दुआ कराई गई।

# नगर की उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा में लगी आग, लाखों के नुकसान की आशंका

## फर्नीचर, कंप्यूटर और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जलकर राख

ठाकुरद्वारा। नगर के बुध बाजार स्थित उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की शाखा में शनिवार तड़के आग लगने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। बैंक भवन की पहली मंजिल से धुआं उठता देख स्थानीय लोगों ने पुलिस और अग्निशमन विभाग को सूचना दी। मौके पर पहुंची दमकल टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

प्रारंभिक तौर पर बैंक में रखे कंप्यूटर, फर्नीचर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के जलने से लाखों रुपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुबह करीब छह बजे बैंक भवन से धुआं निकलता दिखाई दिया। देखते ही देखते आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए। बैंक परिसर में आग लगने की सूचना फैलते ही क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलने पर पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीमें तत्काल मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने करीब एक घंटे तक चले राहत एवं बचाव अभियान के बाद आग पर नियंत्रण पाया। अधिकारियों का कहना है कि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो नुकसान और अधिक हो सकता था। प्रारंभिक जांच में बैंक के भीतर रखे कंप्यूटर, कुर्सियां, फर्नीचर, विद्युत उपकरण तथा अन्य सामग्री के क्षतिग्रस्त होने की जानकारी मिली है। हालांकि वास्तविक नुकसान का आकलन बीमा कंपनी के सर्वे के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। बैंक प्रबंधन ने भी क्षतिग्रस्त सामान और अभिलेखों का विवरण जुटाना शुरू कर दिया है। आग लगने के कारणों की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन शुरुआती जांच में शॉर्ट सर्किट की आशंका व्यक्त की जा रही है। फायर विभाग और पुलिस संयुक्त रूप से मामले की जांच कर रहे हैं। गनीमत रही कि घटना बैंक खुलने से पहले हुई, जिससे किसी कर्मचारी या ग्राहक को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। आग की घटना के बाद बैंक परिसर के आसपास सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। साथ ही बैंक की सेवाओं को शीघ्र सामान्य करने और प्रभावित रिकॉर्ड को सुरक्षित रखने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

● उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक ठाकुरद्वारा मे आग लगने की सूचना मिलते ही शाखा प्रबंधक और बैंक स्टाफ मौके पर पहुंच गया था। तब तक दमकल विभाग की टीम आग पर काबू पा चुकी थी। उन्होंने बताया कि बैंक में रखे कंप्यूटर, फर्नीचर, कुर्सियां और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण क्षतिग्रस्त हुए हैं। नुकसान का सही आकलन बीमा कंपनी की जांच रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा।

उन्होंने कहा कि सभी खाताधारकों का डाटा और खाते पूरी तरह सुरक्षित हैं। ग्राहकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए बुध बाजार में वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। इसके अलावा ठाकुरद्वारा-शरीफनगर मार्ग स्थित रामनगर खागूवाला शाखा में भी लेन-देन की सुविधा उपलब्ध करा दी गई है, जहां खाताधारक अपने बैंकिंग कार्य सामान्य रूप से कर सकते हैं। **प्रदीप मोहन दीक्षित रीजनल मैनेजर उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक ठाकुरद्वारा।**



## सब्जी के पैसे मांगने पर हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा।** सब्जी के पैसे मांगने को लेकर हुए मारपीट और जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने एक आरा. `पी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक डंडा भी बरामद किया गया है। कोतवाली क्षेत्र केगांव फरीदनगर निवासी शबिस्ता पत्नी अब्दुल सलाम ने पुलिस को दी तहरीर में कहा था कि 18 मई को उसके पति अब्दुल सलाम द्वारा सब्जी के बकाया रुपये मांगने पर इब्रा. हिम, रईस और अय्यूब ने लाठी-डंडों व छुरियों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। जिससे वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़े। वहीं वादिनी के देवर नूर हसन पर भी छुरी से हमला किया गया, जिससे उन्हें चोटें आईं।

घटना के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए थे। महिला की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमादर्ज कर जांचशुरू कर दी थी कोतवाली प्रभारी मनोज परमार ने बताया कि जांच में सही मामला आने पर पुलिस ने आरोपी इब्राहिम पुत्र बुन्दू निवासी ग्राम फरीदनगर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक डंडा भी बरामद किया है।मामले में अन्य नामजद आरोपियों की तलाश जारी है।

## एक नजर

### प्रोन्नत होने पर एसडीएम को दी विदाई

**बिलारी ( शाह टाइम्स संवाददाता )।** उप जिलाधिकारी विनय कुमार सिंह को प्रोन्नत करके प्रयागराज का सिटी मजिस्ट्रेट बनाया गया है। उन्हें तहसील स्टाफ और बार पदाधिकारियों ने समारोह पूर्वक विदाई दी। मालाएं पहनाने के अलावा उपहार देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सभी ने उनके कार्य प्रणाली को अच्छा बताया एवं अन्य अधिकारी कर्मचारियों से सीख लेने को कहा। कार्यक्रम में तहसीलदार आदित्य कुमार, खंड विकास अधिकारी नरेश पाल सिंह, बार अध्यक्ष चौधरी विनय कुमार सिंह, सुनील कुमार, आफाक हुसैन, अजयपाल सिंह, नवाब हुसैन, लेखपाल संघ और अमीन संघ के अध्यक्ष, रजिस्ट्रार कानूनगो यशपाल गिरी, नोमान जमाल आदि अनेक लोग शामिल रहे।



### तेज रफ्तार कार चालक ने बाइक सवारो को रोदा, मां-बेटे की मौके पर मौत



**ठाकुरद्वारा।** अपनी रिश्तेदारी में ईद की मिलाई करने जा रहे एक बाइक से माता-पिता पुत्र व एक छोटी के साथ बीती देर रात्रि जैसे ही बाइक ठाकुरद्वारा करनपुर मार्ग पर स्थित रानी नांगल पुलिस चौकी क्षेत्र के गांव मोहद्दीनपुर चौराहे के निकट पहुंची बस को ओवरटेक करने के दौरान सामने से तेज रफ्तार कार चालक ने उनकी बाइक को रौद दिया। इसमें बाइक सवार 45 वर्षीय मां निशा मैं 25 वर्षीय बेटे सानिव की मौके पर मौत हो गई। जबकि 50 वर्षीय पिता तसव्वुर मृतक सानिव की 4 वर्षीय बेटी घायल हो गई। घटना के बाद कार चालक कार लेकर फरार हो गया। मौके पर भीड भी जुट गई। सूचना पर रानी नागल पुलिस ने तत्काल चारों लोगों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जिसमें चिकित्सकों ने मां बेटे को मृतक घोषित कर दिया। जबकि तस व्वुर की हालत गंभीर बताते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। 4 वर्षीय बच्ची के मामूली चोटे आयी। सूचना पर भारी संख्या में रिश्तेदार व परिजन सरकारी अस्पताल पहुंचे। सूचना मिलते ही पूर्व विधायक विजय यादव व समाजवादी पार्टी के विधायक नवाब जान खाँ अस्पताल पहुंचे। दोनों ने परिजनों व उनके रिशेदारों का ढाढस बधाया और हर संभव सहायता दिलाने का भरोसा दिया। पुलिस ने दोनों शब को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एक साथ एक ही परिवार के दो लोगों की मौत पर गांव का माहौल गमगीन हो गया। इस घटना से परिजनों का रोते बिलखते बुरा हाल था।

### पत्रकारिता दिवस पर गणेश शंकर विद्यार्थी को श्रद्धापूर्वक किया गया याद



**ठाकुरद्वारा।** पत्रकारिता दिवस के अवसर पर शनिवार को एक्टिव प्रेस क्लब के कैंप कार्यालय पर महान स्वतंत्रता सेनानी, निर्भीक पत्रकार एवं समाजसेवी गणेश शंकर विद्यार्थी की जयंतीध्स्मृति में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उनके चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की गई तथा उनके जीवन और आदर्शों को याद किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एक्टिव प्रेस क्लब ठाकुरद्वारा अध्यक्ष अनिल शर्मा ने की। इस अवसर पर एक्टिव प्रेस क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष सतीश चौधरी ने कहा कि गणेश शंकर विद्यार्थी ने पत्रकारिता को जनसेवा का माध्यम बनाया और सत्य, न्याय तथा समाजहित के लिए आजीवन संघर्ष किया। उनके जीवन से प्रेरणा लेते हुए पत्रकारों एवं समाज के लोगों से उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया गया। एक्टिव प्रेस क्लब की ईकाई ठाकुरद्वारा के अध्यक्ष अनिल शर्मा ने कहा कि गणेश शंकर विद्यार्थी के सपनों को साकार करने के लिए निष्पक्ष, निर्भीक और जनहितकारी पत्रकारिता को आगे बढ़ाना आवश्यक है। उन्होंने पत्रकारिता जगत से जुड़े लोगों से समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन ईमानदारी से करने की अपील की। कार्यक्रम में नवीन सक्सेना, पूर्व अध्यक्ष नईम खान, राजा,शमशेर मलिक, दीपेश उर्फ मोनू शर्मा, डॉ. आफताब हाशमी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### तेज आंधी और बारिश से बदला मौसम का मिजाज, भीषण गर्मी से मिली राहत

ठाकुरद्वारा। पिछले कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी और उमस से जनजीवन प्रभावित था। शनिवार को शाम करीब 5 बजे अचानक तेज हवा के साथ हुई बारिश ने मौसम का मिजाज बदल दिया और लोगों को गर्मी से राहत मिली। तेज बारिश और आंधी के कारण सड़कों पर वाहनों की रफ्तार थम गई तथा कई स्थानों पर लोगों को सुरक्षित स्थानों की शरण लेनी पड़ी। बारिश से बचने के लिए लोग दुकानों, मकानों और सड़क किनारे खड़े पेड़ों के नीचे खड़े नजर आए। लगभग एक घंटे तक हुई बारिश के दौरान सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। मौसम सुहाना होने पर बच्चों और युवाओं ने बारिश का जमकर आनंद लिया। कई बच्चे घरों से निकलकर बारिश में नहाते दिखाई दिए, जबकि बाइक सवार भी बारिश का आनंद लेते नजर आए। लगातार हुई वर्षा से तापमान में गिरावट दर्ज की गई, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली।

बारिश किसानों के लिए भी किसी वरदान से कम नहीं रही। लंबे समय से पड़ रही गर्मी के कारण खेतों में खड़ी गन्ने की फसल, पशुओं के लिए हरा चारा तथा धान की नर्सरी प्रभावित हो रही थी। वर्षा होने से खेतों में नमी बढ़ी है और धान की पौध तैयार करने तथा रोपाई की तैयारियों को गति मिलेगी। इससे किसानों को सिंचाई पर होने वाले खर्च से भी राहत मिलेगी। किसान पवन यादव ने बताया कि यह बारिश किसानों के लिए अमृत के समान है। उन्होंने कहा कि लगातार पड़ रही गर्मी के कारण गन्ना और पशुओं के चारे की फसल प्रभावित हो रही थी, लेकिन इस बारिश से फसलों को नया जीवन मिला है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के किसानों को इससे लाखों रुपये का लाभ होगा। बारिश के बाद क्षेत्र में मौसम सुहावना हो गया और लोगों ने भीषण गर्मी से राहत महसूस की।

## मुख्य बाजार में सार्वजनिक शौचालय न होने से व्यापारियों को पड़ रही परेशानी

**कांठ( शाह टाइम्स )** शासन के स्वच्छता अभियान के अंतर्गत नगर पंचायत ने नागरिकों की सुविधा के लिए अनेक सार्वजनिक स्थानों पर शौचालय बनवाए हैं लेकिन नगर में मुख्य बाजार में वैश्य धर्मशाला से लेकर सैनी धर्मशाला तक कोई भी सार्वजनिक शौचालय नहीं है जिसकी वजह से व्यापारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैस सार्वजनिक शौचालय ना होने के कारण व्यापारी मोहल्ले की गलियों में नालियों पर एवं खाली पड़े प्लाट पर लघु शंका के लिए विवश है स व्यापारियों ने मुख्य बाजार में सार्वजनिक शौचालय शीघ्र बनवाने की मांग की हैस व्यापारियों का कहना है कि खुले में लघु शंका करने से उन्हें काफी शर्मिंदगी उठानी पड़ती है लेकिन कोई सुलभ शौचालय न होने के कारण उन्हें मजबूरन ये करना पड़ता है व्यापारियों का कहना था कि वह काफी समय से यहां शौचालय बनवाने की मांग कर रहे हैं लेकिन अभी तक उनकी इस मांग पर कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। व्यापारियों ने एक बार फिर मुख्य बाजार में सुलभ शौचालय निर्माण कराए जाने की मांग की है।

## सहकारी संघ ठाकुरद्वारा में अविश्वास प्रस्ताव पर 11 जून को होगी विशेष बैठक

**ठाकुरद्वारा।** सहकारी संघ ठाकुरद्वारा के सभापतिध्अध्यक्ष के विरुद्ध लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर विचार के लिए आगामी 11 जून को विशेष बैठक आयोजित की जाएगी। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी उमाशंकर मुद गल द्वारा आदेश जारी कर बैठक की तिथि निर्धारित कर दी गई है। जारी पत्र के अनुसार, जिलाधिकारी मुरादाबाद के निर्देशों के अनुपालन में सहकारी संघ ठाकुरद्वारा के संचालक मंडल द्वारा सभापतिध्अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित कराने के लिए प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया था। इसी के क्रम में 11 जून 2026 को प्रातः 11 बजे सहकारी संघ ठाकुरद्वारा परिसर में विशेष बैठक बुलाई गई है। बैठक में अविश्वास प्रस्ताव पर नियमानुसार विचार-विमर्श और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। सचिवध्प्रभारी को निर्देश दिए गए हैं कि वह समय से बैठक की सभी औपचारिकताएं पूरी कराएं तथा बैठक का एजेंडा संचालक मंडल के सभी सदस्यों तक पहुंचाकर उसकी प्राप्ति रसीद भी उपलब्ध कराएं। प्रशासन ने बैठक को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक जिम्मेदारियां सौंपी हैं। सहायक विकास अधिकारी (सहकारिता) को बैठक स्थल पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने ,वहीं थाना प्रभारी ठाकुरद्वारा को बैठक के दौरान पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था करने को कहा गया है। सहकारी संघ की इस बैठक को लेकर क्षेत्र में चर्चा तेज हो गई है, क्योंकि इसके परिणाम का असर संघ के नेतृत्व और भविष्य की कार्यप्रणाली पर पड़ सकता।


**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम नासिर (NASIR) है जबकि मेरा सही नाम नासिर हुसैन (NASIR HUSAIN) है। भविष्य में मुझे नासिर हुसैन **(NASIR HUSAIN)** के नाम से ही जाना पहचाना जाए।
**नासिर हुसैन पुत्र श्री जाहिद हुसैन निवासी मंगूपुरा थाना मझौला, जिला मुरादाबाद, ( उ.प्र. )।**

**संबंध विच्छेद सूचना**

मैने अपने पुत्र जिशान अली से गलत संगत में पड़ने और आए दिन मारपीट पर उतारू होने पर अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिये है। जिशान अली के किसी भी कृत्य की मेरी व मेरे परिवार के अन्य किसी भी सदस्यों की कोई जिम्मेदारी नही होगी। वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा।
**शफी अहमद पुत्र अब्दुल रशीद निवासी मोहल्ला बहेड़ावाला वार्ड- 07 ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**

मैंने अपने पुत्र अहसन उर्फ मुन्ना व पुत्रवधु जैनब पत्नी मुन्ना को गलत आचरण/गलत संगत व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर सामाजिक व पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमे बाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा। **अच्छन बेग पुत्र रईस बेग निवासी बरवारा मझरा, सिद्दीक कॉलोनी थाना कटघर तहसील व जिला मुरादाबाद।**

**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरा नाम रूबी देवी पत्नी कैलाश सिंह निवासी पता पोस्ट जमना खास ग्राम डहकवाडा जिला अमरोहा उत्तर प्रदेश की स्थाई निवासी हूं। मैं रिलायंस इंश्योरेंस अमरोहा की पॉलिसी संख्या 51144595 है जिसमें मेरा नाम रूबी दर्ज है, जो कि गलत है मेरा सभी दस्तावेजो में रूबी देवी है।
**रूबी देवी (RUVI DEVI) पत्नी कैलाश सिंह यह मेरा सही नाम है, और भविष्य में भी इसी नाम से जाना व पहचाना जाएं।**



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।


## विद्यार्थियों की परीक्षा समस्याओं को लेकर विद्यार्थी सेना ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया प्रदर्शन, दिया ज्ञापन

**मुरादाबाद।** शिवसेना से सम्बद्ध विद्यार्थी सेना की महानगर इकाई ने विद्यार्थियों की विभिन्न परीक्षा संबंधी समस्याओं को लेकर शनिवार को जोरदार प्रदर्शन किया। संगठन के कार्यकर्ताओं और विद्यार्थियों ने अंबेडकर पार्क से कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च निकालकर अपनी मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की। प्रदर्शन के दौरान प्रतिभागियों ने हाथों पर और बाजुओं पर काली पट्टियां बांधकर विरोध दर्ज कराया।विद्यार्थी सेना के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि विभिन्न प्रतियोगी एवं शैक्षणिक परीक्षाओं में विद्यार्थियों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने परीक्षा प्रक्रिया में पारदर्शिता, समयबद्ध परिणाम घोषित करने, परीक्षा केंद्रों पर बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा विद्यार्थियों के हितों की रक्षा के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की।कलेक्ट्रेट पहुंचने पर प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों को प्रमुखता से उठाया। इसके बाद संगठन के प्रति. निधिमंडल ने प्रधानमंत्री के नाम संबोधित एक ज्ञापन सक्षम अधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में परीक्षा व्यवस्था में सुधार, युवाओं के भविष्य से जुड़े मुद्दों के समाधान और विद्यार्थियों की समस्याओं के शीघ्र निस्तारण की मांग की गई।

विद्यार्थी सेना के नेताओं ने कहा कि यदि विद्यार्थियों की समस्याओं का समाधान जल्द नहीं किया गया तो संगठन आगे भी लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन जारी रखेगा। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में विद्यार्थी सेना के कार्यकर्ता और छात्र मौजूद रहे। प्रशासन ने ज्ञापन प्राप्त कर संबंधित स्तर पर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## सचिव की बढ़ीं मुश्किलें, अशोभनीय टिप्पणी के मामले में गिरफ्तारी

**चन्दौसी।** ग्राम पंचायत अधिकारी (सचिव) संजय यादव के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। मामला एक व्यक्ति द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर दर्ज किया गया है, जिसमें सचिव पर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने, अपमानित करने तथा अशोभनीय टिप्पणियां करने के आरोप लगाए गए हैं।

पुलिस को दी गई शिकायत में अकबरपुर चितौरी निवासी वादी ने आरोप लगाया कि संजय यादव जो वर्तमान में विकासखंड पंवासा में तैनात हैं और पूर्व में विकासखंड बनियाखेड़ा में कार्यरत रह चुके हैं, उनकी बहनों के संबंध में आपत्तिजनक एवं अश्लील टिप्पणियां करते थे। शिकायतकर्ता का कहना है कि 16 मई 2026 को उन्हें इस संबंध में जानकारी मिली तथा कथित ऑडियो रिकॉर्डिंग भी उपलब्ध होने की बात कही गई है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, आरोपी को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया है कि आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी एक आपराधिक मामला दर्ज हो चुका है। साथ ही उनके कार्यकाल से जुड़े कुछ प्रशासनिक एवं वित्तीय मामलों का भी उल्लेख शिकायत में किया गया है। हालांकि इन आरोपों की सत्यता की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। पुलिस का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। आरोपी पक्ष की ओर से समाचार लिखे जाने तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई थी।

## भगतपुर में पत्रकारिता दिवस पर गणेश शंकर विद्यार्थी को किया याद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगतपुर।** शनिवार को मन्नत गार्डन भगतपुर में पत्रकारिता दिवस के अवसर पर महान स्वतंत्रता सेनानी, निर्भीक पत्रकार एवं समाजसेवी गणेश शंकर विद्यार्थी की जयंती/स्मृति में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उनके चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की गई तथा उनके जीवन और आदर्शों को याद किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी सलाउद्दीन एक्टिव ने की। इस अवसर पर एक्टिव प्रेस क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष सतीश चौधरी ने कहा कि गणेश शंकर विद्यार्थी ने पत्रकारिता को जनसेवा का माध्यम बनाया और सत्य, न्याय तथा समाजहित के लिए आजीवन संघर्ष किया। उनके जीवन से प्रेरणा लेते हुए पत्रकारों एवं समाज के लोगों से उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया गया। जिला पंचायत सदस्य सुंदर गिरी महाराज ने कहा कि गणेश शंकर विद्यार्थी के सपनों को साकार करने के लिए निष्पक्ष, निर्भीक और जनहितकारी पत्रकारिता को आगे बढ़ाना आवश्यक है। उन्होंने पत्रकारिता जगत से जुड़े लोगों से समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन ईमानदारी से करने की अपील की। कार्यक्रम में नवीन सक्सेना, पूर्व अध्यक्ष नईम खान, राजा,शमशेर सिंह,सावन चौधरी खिलाफत मलिक, थानाध्यक्ष भगतपुर राजीव कुमार शर्मा, सन्तोष कुमार मीना,मो अली, प्रिंस चौधरी,लो. केश कुमार,जाबिर हुसैन सहित काफी संख्या में पत्रकार एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।




## जिला बार एसोसिएशन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिला बार एसोसिएशन के सभागार में नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं और बार काउंसिल के पदाधिकारियों ने भाग लिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति हरवीर सिंह ने अपने संबोधन में कहा, ष्गर्मी का मौसम है। यदि आप गर्मी को बर्दाश्त करना सीखेंगे तो वह आपके लिए फलदायी होगी, और यदि आप गर्मी दिखाएंगे तो वह हितकारी नहीं होगी। मेरे छोटे भाई डॉ. अजय ने भी देखा है कि यहां के अधिवक्ता बहुत मेहनत करते हैं और अपने केस को प्रस्तुत करने के लिए लयबद्ध तरीके से अपने कथन न्यायालय के समक्ष रखते हैं। इसी से मुझे न्यायमूर्ति बनने की प्रेरणा मिली।ष्दूसरे मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति डॉ. अजय कुमार ने कहा, ष्जब मैं मुरादाबाद में जिला जज था, तब मैंने इस जिला बार की तन-मन-धन से मदद की। बार के सदस्यों ने उस मदद को उत्थान के लिए प्रेरणा स्रोत के रूप में लिया और उसे साकार किया।ष्विशिष्ट अतिथि, बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के पूर्व चेयरमैन एवं सदस्य शीरिष मेहरोत्रा ने कहा कि बार काउंसिल की अधिकांश शक्तियां बार काउंसिल ऑफ इंडिया से मिल चुकी हैं। शेष शक्तियों का प्रयोग भी आने वाली कार्यकारिणी के हित में अवश्य किया जाएगा। उन्होंने कहा, ष्आप लोगों का आशीर्वाद मेरे साथ है और मैं सदैव आपके साथ हूं।जिला जज सैय्यद माउज बिन आसीम ने नई कार्यकारिणी और बेंच के बीच मधुर संबंध बनाए रखने की अपेक्षा जताते हुए नई टीम को शुभकामनाएं दीं।अध्यक्ष अनिल पाल सिंह, महासचिव गोपाल कृष्ण, कोषाध्यक्ष पूनम पाल, उपाध्यक्ष ध्रुव कुमार सक्सेना, अभिषेक भारद्वाज, नीरज कुमार पाठक, संयुक्त सचिव हर स्वरूप, गुंजन सक्सेना, दीपांकर शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य अरुण कुमार सक्सेना, लक्ष्मण सिंह प्रजापति, रवि कुमार वर्मा, सत्यपाल सिंह, ज्योति गुप्ता, जूनियर कार्यकारिणी सदस्य वीरेंद्र कुमार सिंह चौहान, आबिद हुसैन, धर्मेंद्र कुमार, गुलअफशा, रविता चौधरी, अनुराधा सिंह ने मुख्य अतिथियों एवं ऐल्डर कमेटी के सदस्यों से पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। इस अवसर पर स्मृति चिन्ह भी भेंट किए गए।




समारोह में जिला जज जैगम उद्दीन, एमएसीटी के जिला जज संजय प्रसाद, अनिल कुमार, केके सिंह, सीजेएम श्वेता चौधरी सहित अन्य न्यायिक अधिकारी मौजूद रहे। अजय गुप्ता डीजीसी सिविल, फारूक अहमद निजामी, ललित अरोड़ा, सोमपाल सिंह, रामाशंकर टंडन, सत्यप्रकाश भटनागर, जयवीर सिंह, शेर सिंह बौद्ध, भीकम सिंह सैनी, सोमनाथ पुरी, संध्या दीक्षित, गुरप्रीत सिंह, रागिनी ठाकुर, लखविंदर सिंह, नीलम वर्मा, अशोक सक्सेना, आदेश श्रीवास्तव, आनंद मोहन गुप्ता, अभिषेक भटनागर, प्रमोद प्रत्येकी, नितिन गुप्ता, संजीव अग्रवाल, आनंद पाल, सुकृति त्यागी, संजीव सक्सेना, चौतन्य पाल सिंह आदि ने संबोधित किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता हर प्रसाद व अनिल पाल सिंह ने की और संचालन महामंत्री सरदार प्रकाश वीर सिंह ने किया।

# एक्सपायर्ड कोल्ड ड्रिंक्स का जखीरा पकड़ा, खाद्य विभाग की छापेमारी में लाखों का माल बरामद

**मुरादाबाद।** जनपद में खाद्य सुरक्षा विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लाखों रुपये मूल्य की एक्सपायर्ड कोल्ड ड्रिंक्स बरामद की हैं। यह कार्रवाई भोजपुर थाना क्षेत्र के लालूवाला गांव में की गई, जहां संदिग्ध परिस्थितियों में कोल्ड ड्रिंक्स का भंडारण किए जाने की सूचना मिली थी।जानकारी के अनुसार पुलिस को एक वाहन से बड़ी मात्रा में कोल्ड ड्रिंक्स उतारे जाने की सूचना प्राप्त हुई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए इसकी जानकारी खाद्य सुरक्षा विभाग को दी गई। सूचना के आधार पर अगले दिन खाद्य सुरक्षा अधिकारियों और पुलिस की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की।

जांच के दौरान विभिन्न ब्रांडों की भारी मात्रा में एक्सपायर्ड कोल्ड ड्रिंक्स बरामद हुईं, जिनकी बाजार कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है।खाद्य सुरक्षा विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित परिसर को सील कर दिया। साथ ही बरामद कोल्ड ड्रिंक्स के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिए गए हैं। अधिकारियों का कहना है कि प्रयोगशाला रिपोर्ट आने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई



की जाएगी।खाद्य सुरक्षा अधिकारी इंद्र बहादुर ने बताया कि उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

यदि जांच में खाद्य सुरक्षा मानकों के उल्लंघन की पुष्टि होती है तो संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। विभाग का कहना है कि जनपद में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए ऐसे अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे, ताकि लोगों तक सुरक्षित और मानक अनुरूप खाद्य एवं पेय पदार्थ पहुंच सकें।

# अहिल्याबाई होल्कर की जयंती की पूर्व संध्या पर विद्यार्थियों ने बनाया भव्य चित्र

**मुरादाबाद।** चित्रगुप्त इंटर कॉलेज में लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती की पूर्व संध्या पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने उनका भव्य चित्र बनाकर उनके आदर्शों और विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से अहिल्याबाई होल्कर का विशाल चित्र तैयार किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक डॉ. नवनीत गोस्वामी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि अहिल्याबाई होल्कर का जीवन त्याग, सेवा, सुशासन और जनकल्याण की प्रेरणादायक मिसाल है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को उनके जीवन संघर्ष, कार्यों और आदर्शों का अध्ययन करना चाहिए तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब युवा पीढ़ी महान व्यक्तित्वों के आदर्शों को अपनाएगी, तभी समाज और देश की वास्तविक



उन्नति संभव हो सकेगी।भव्य चित्र निर्माण में रुद्राक्ष, समृद्धि, देवांश गोस्वामी, जिनिशा सिंह, अदम्या सिंह, आशी सिंह, अतिशा सिंह, पावनी सिंह, ध्रुव, प्रिंस एवं सिद्धार्थ सहित कई छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक योगदान दिया। विद्यार्थियों ने चित्र के माध्यम से अहिल्याबाई होल्कर के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की और उनके जीवन मूल्यों को अपनाने का संकल्प दोहराया।कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विद्यार्थियों द्वारा तैयार किया गया पोस्टर रहा, जिसका निर्माण डॉ. नवनीत गोस्वामी के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र निर्माण में महान विभूतियों के योगदान को स्मरण करने और उनके आदर्शों को जीवन में उतारने के संकल्प के साथ हुआ।

## एक नजर

### GNRF ने ईदुल अजहा के मौके पर प्रशासन को किया सम्मानित

**कुंदरकी।** ईदुल अजहा की नमाज सकुशल संपन्न कराने पर जी



एन आर एफ की टीम ने ईदगाह पर कुंदरकी थाना प्रभारी व चौकी प्रभारी को शील्ड देकर सम्मानित किया और भीषण गर्मी में ईदगाह आने वाले लौगो को ठंडे पानी के पाउच वितरित कर नमाजीयों की प्यास बुझाई इस अवसर पर गरीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन के क्षेत्रीय अध्यक्ष अरकान कादरी हाजी साजिद अत्तारी फरहान अकरम मुहम्मद अली गुलाम मुस्तफा अत्तारी आदि मौजूद रहे।

### जहरीला पदार्थ खाने से ग्रामीण की मौत

**कुंदरकी।** थाना क्षेत्र के गांव इमरतपुर सिरसी में शुक्रवार को एक अधेड़ व्यक्ति की जहरीला पदार्थ सेवन करने से मौत हो गई। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां से चिकित्सकों ने गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार गांव निवासी दयाराम (56) पुत्र रामशुक्ल ने शुक्रवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया। कुछ देर बाद उनकी तबीयत बिगड़ने लगी, जिस पर परिजन उन्हें उपचार के



लिए अस्पताल ले गए। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान दयाराम ने दम तोड़ दिया। मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। देर शाम परिजनों ने मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की सूचना मिलने पर शव का पंचनामा भरकर आवश्यक कार्रवाई की गई है तथा पूरे मामले की जांच की जा रही है।

### थाना मैनाठेर पुलिस को बड़ी सफलता: शातिर चोर गिरफ्तार, जेवरात, वैगनआर कार और तमंचा बरामद

**मुरादाबाद।** थाना मैनाठेर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने घरों में चोरी करने वाले एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी के जेवरात, एक वैगनआर कार और अवैध तमंचा बरामद किया है। पुलिस के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत वाहन चेकिंग के दौरान डींगरपुर रोड के पास ग्राम रसूलपुर अड्डे से आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से अवैध तमंचा, कारतूस तथा चोरी की घटनाओं में प्रयुक्त वैगनआर कार बरामद हुई। पूछताछ और बरामदगी के आधार पर



पुलिस ने कई चोरी की घटनाओं का खुलासा किया है। बरामद सामान में सोने-चांदी के आभूषण, पाजेब, झुमकी, नथ, हार, अंगूठियां और अन्य कीमती जेवर शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जनपद में अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और चोरी जैसी घटनाओं में शामिल बदमाशों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एसएसपी ने पुलिस टीम के इस गुडवर्क की सराहना की है।

### आज मनाई जाएगी देवऋषि नारद जयंती

**मुरादाबाद।** विश्व संवाद केंद्र, मुरादाबाद इकाई द्वारा आज 31 मई को देवऋषि नारद जयंती एवं हिंदी पत्रकारिता के 200वें वर्ष के उपलक्ष्य में एक विशेष गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। गोष्ठी का विषय षडिजिटल मीडिया के युग में पत्रकारिताष रखा गया है। कार्यक्रम का आयोजन अपराह्न 3:00 बजे से अमर वाटिका, बुद्धि विहार, मुरादाबाद में होगा। गोष्ठी में पत्रकारिता, संवाद, सामाजिक दायित्व तथा डिजिटल युग में मीडिया की भूमिका एवं चुनौतियों पर व्यापक विचार-विमर्श किया जाएगा। विश्व संवाद केंद्र के विभाग प्रचार प्रमुख डॉ. पवन कुमार जैन ने बताया कि कार्यक्रम में राष्ट्रदेव मासिक के संपादक श्री सुरेंद्र सिंह मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार रखेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. विशेष गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश बाल संरक्षण आयोग होंगे, जबकि अध्यक्षता डॉ. राजेश शुक्ला, विभागाध्यक्ष, जनसंचार विभाग, आईएफटीएम विश्वविद्यालय द्वारा की जाएगी। डॉ. जैन ने बताया कि देवऋषि नारद को भारतीय परंपरा में सृष्टि का प्रथम संवादवाहक एवं आदर्श पत्रकार माना गया है।

लोकमंगल की भावना से प्रेरित उनकी संवाद शैली आज भी पत्रकारिता के लिए प्रेरणास्रोत है। उल्लेखनीय है कि विश्व संवाद केंद्र, मुरादाबाद द्वारा पिछले चौदह वर्षों से निरंतर नारद जयंती उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर नगर के प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं डिजिटल मीडिया से जुड़े पत्रकार, मीडिया इन्फ्लुएंसर्स तथा विभिन्न क्षेत्रों के प्रबुद्धजन एकत्र होकर समसामयिक विषयों पर चिंतन-मंथन करते हैं। आयोजकों ने सभी पत्रकार बंधुओं एवं प्रबुद्ध नागरिकों से कार्यक्रम में सहभागिता का आग्रह किया है।

# टीएमयू डेंटल स्टूडेंट्स ने ली शपथ: 'न तंबाकू का उपयोग करेंगे, न किसी को करने देंगे'

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर की ओर से विश्व तंबा. कू निषेध दिवस-2026 की पूर्व संध्या पर डेंटल स्टूडेंट्स और फैकल्टीज ने तंबाकू के उपयोग न करने और न करने देने की शपथ ली। तंबाकू परामर्श केंद्र में पेशेंट्स की साइटोलॉजी स्मीयर जांच और स्मोक एनालाइजर उपकरण के जरिए परीक्षण भी किया गया। टीएमयू डेंटल कॉलेज के टोबेको काउंसलिंग सेंटर- टीसीसी में साइटोलॉजिकल स्मीयर टेस्ट के जरिए कैंसर होने के जोखिमों की जांच की गई। इस टेस्ट में मुंह के अंदर बने छालों के सैंपल लेकर स्लाइड बनाकर तत्काल कैंसर की जांच की जाती है। इसमें बड़ी संख्या में मरीजों ने स्क्रीनिंग एवं परामर्श सेवाओं का लाभ लिया। विश्व तंबा. कू निषेध दिवस की थीम श्अनमास्किंग द अपील- काउंट्रिंग निकोटीन एंड टोबेको एडिक्शनश रही। इस मौके पर डेंटल कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. प्रदीप तांगड़े, उप-प्राचार्य डॉ. अंकिता जैन, प्रो.





विकास सिंह, डॉ. स्मृति सक्सेना, ओरल पैथोलॉजी एवं माइक्रोबायोलॉजी विभाग के डॉ. जैनुल आबिदीन की गरिमामयी उपस्थिति रही। टीएमयू डेंटल कॉलेज के इंटर्न्स स्टूडेंट्स- साक्षी झा, साक्षी जयसवाल, ऋचा रानी, रिषभ गुप्ता, शुभम पांडे, शिवांश जोशी एवं बीडीएस फाइनल ईयर के स्टूडेंट्स- खुश जैन, शिवम पुंडीर, कनक शर्मा आदि ने ओपीडी परिसर में नुक्कड़ नाटक के जरिए तंबाकू सेवन से होने वाले गंभीर स्वास्थ्य जोखिमों को बताते हुए लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। नुक्कड़ नाटक में स्टूडेंट्स ने तम्बाकू और धूम्रपान से होने वाली समस्याएं और तम्बाकू की लत को छोड़ने के तरीकों को विस्तार से बताया। विशेष सेल्फी प्वाइंट पर स्टूडेंट्स ने सेल्फी लेकर तंबाकू विरोधी संदेश को बढ़ावा दिया। एमडीएस की डॉ. तुलिका सक्सेना और डॉ. ईशा सक्सेना ने तंबाकू के हानिकारक प्रभावों और इसकी रोकथाम एवं त्याग के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। इंटर्न्स और बीडीएस स्टूडेंट्स की ओर से तंबा. कू जागरूकता और तंबाकू त्याग पर पोस्टर भी प्रस्तुत किए गए।

# रक्तदान, नेत्रदान देहदान की प्रेरणा के लिए लगेंगे स्लोगन

**मुरादाबाद।** सी एल गुप्ता आई बैंक की बैठक सी एल गुप्ता आई अस्पताल में ज्ञानेंद्र गांधी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में चिंतन किया गया कि आकस्मिक स्थिति में किसी व्यक्ति का जीवन रक्त के अभाव में काल कवलित न हो तथा देश से अंधता दूर करने के संकल्प को पूरा करने में सी एल गुप्ता आई बैंक द्वारा चलाए जा रहे अभियान को पूरा करने के लिए महानगर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों, पार्को, चिकित्सालयों, प्रमुख संस्थाओं के द्वारो पर, बैंकों में स्कूल -कालेजों के प्रमुख स्थानों , धार्मिक स्थलो पर ष्जीते -जीते रक्तदान, जाते - जाते नेत्रदान और यदि हो सके तो देहदानष के स्लोगन लगायें जायेंगे ताकि समाज में इनके प्रति जागरूकता आये।

बैठक में सरदार गुरुविंदर सिंह, डा आशी खुराना, डा नवनी गर्ग,निर्मल मेहता,गरीमा सिंह रवि टंडन, संजीव वर्मा, रमेश सिंह आर्य एडवोकेट, संदीप खन्ना एडवोकेट, राजकुमार,आभा रस्तोगी, विशाल आनंद, श्रद्धा शर्मा,दीपक कुमार आदि उपस्थित रहे।



# आईएफटीएम के संस्थापक की 19वीं पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी, शिक्षाविद् एवं आईएफ टीएम के संस्थापक स्व. ओंकार सरन कोठीवाल की 19वीं पुण्यतिथि के अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में स्थापित उनकी प्रतिमा पर पुष्प व माल्यार्पण कर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति राजीव कोठीवाल ने स्व. ओंकार सरन कोठीवाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा अर्जित की गई समस्त उपलब्धियों का श्रेय स्व. ओंकार सरन कोठीवाल को देते हुए सभी उपलब्धियों को उनकी दूरदर्शिता का ही परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि यह संस्थान शिक्षा के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बनाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने अपने सम्बोधन में 90 के दशक में शिक्षा की अलख जगाने वाले स्व. ओंकार सरन कोठीवाल के उत्कृष्ट योगदान और सभी के प्रति उनके



अपार स्नेह को उपस्थित लोगों के साथ साझा किया।

कुलपति प्रो. पाण्डेय एवं सभी उपस्थितों ने स्व. ओंकार सरन कोठीवाल की अपेक्षाओं पर खरा उतरने हेतु उनके द्वारा प्रदीप्त इस ज्योति को सदैव आलोकित करने का संकल्प लिया। प्रो. पाण्डेय ने कहा कि हम सभी के प्रयास से विश्वविद्यालय को वैश्विक पहचान मिलेगी।

इस दौरान विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल, प्रतिकुलपति एक्सटर्नल अफेयर्स डॉ. राहुल कुमार मिश्रा, प्रतिकुलपति एकेडेमिक्स एंड एडमिनिस्ट्रेशन डॉ. वैभव त्रिवेदी, प्रतिकुलपति रिसर्च एंड डेवलपमेंट डॉ. नवनीत वर्मा, वित्त अधिकारी डॉ. कुशल पाल सिंह, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अनुज श्रीवास्तव, स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट की निदेशिका डॉ. निशा अग्रवाल, स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी के निदेशक डॉ. मनोज कुमार, स्कूल ऑफ साइंसेज के निदेशक डॉ. बी.के. सिंह, स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एण्ड इंजीनियरिंग के निदेशक डॉ. वीरेन्द्र सिंह, स्कूल ऑफ एजुकेशन एंड ह्यूमैनिटीज के निदेशक डॉ. मोहन लाल 'आर्य', आईक्यूएसी के निद. ेशक डॉ. आर.के. यादव, चीफ कैम्पस इंजीनियर चन्द्रशेखर नागिला समेत कई अन्य शिक्षक गणों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने भी स्व. ओंकार सरन कोठीवाल की प्रतिमा पर पुष्प व माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### पुरुषोत्तम मास में महिला मंडल ने किया सुंदरकांड पाठ

**चन्दौसी।** सीता रोड स्थित गीता सत्संग भवन में शनिवार को गीता सत्संग महिला मंडल की ओर से पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। श्रद्धा और भक्ति के माहौल में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर भगवान श्रीराम और हनुमान जी का स्मरण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना से हुआ। इसके बाद भगवान श्रीराम, माता सीता एवं हनुमान जी का ध्यान एवं स्तुति कर सुंदरकांड पाठ आरंभ किया गया।

पूरे पाठ के दौरान भक्तिमय वातावरण बना रहा और महिलाओं ने श्रद्धा भाव से पाठ में सहभागिता की। ग्रुप संयोजिका इंदु अग्रवाल ने बताया कि सुंदरकांड पाठ मुख्य रूप से संकटों से मुक्ति, मानसिक शांति तथा मनोक. ामना पूर्ति के लिए किया जाता है। इस अवसर पर संयोजिका इंदु अग्रवाल, अध्यक्ष मंजू अग्रवाल, वित्त मंत्री रानी अग्रवाल, उपाध्यक्ष मीरा अग्रवाल, मंत्री सीमा अग्रवाल, नीरा एरन, आशा रस्तोगी, प्रतिमा अग्रवाल, प्रतिभा अग्रवाल, निशा, शोभा, नीलम, रेनू, शशि वाला, रीता, रेखा, प्रीति, सुनीता चीनी सहित महिला मंडल की अनेक सदस्याएं उपस्थित रहीं।

# आजादी के आंदोलन में हिंदी अखबारों की प्रमुख भूमिका थी: नरेश भारद्वाज

## वर्तमान युग मे राष्ट्रवाद व जनहित की पत्रकारिता को नई दिशा देनी होगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर जनर्लिस्ट एसोसिएशन पश्चिमांचल रजि.(उ प्र) के तत्वावधान में एक विचार गोष्ठी का आयोजन पाकबड़ा



स्थित एक बैंकट हाल में किया गया,जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुनील शर्मा ने तथा संचालन जिला महासचिव दीपक कपूर ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर व साथी पत्रकारों का सम्मान मुख्य अतिथि नरेश भारद्वाज व प्रांतीय कोषाध्यक्ष विनय गुप्ता के द्वारा सयुक्त रूप से किया गया। इस कार्यक्रम में पत्रकारिता,राष्ट्रहित और संवाद की शक्ति पर जोरदार मंथन किया गया जिले भर के पत्रकारों ने पत्रकारिता के बदलते स्वरूप,उसकी जिम्मेदारियों और समाज पर उसके प्रभाव को लेकर चर्चा का दौर चलता रहा। विचार गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष नरेश भारद्वाज ने अपने उद्बोधन में हिंदी पत्रकारिता के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 30 मई 1826 को कलकत्ता से हिंदी का पहला समाचार पत्र उदन्त मार्त्तण्ड का प्रकाशन हुआ था इसलिये 30 मई को हिंदी पत्रकारिता दिवस मनाया जाता है उन्होंने कहा कि आजादी के आंदोलन के दौरान देश के विभिन्न विभिन्न हिस्सों से प्रकाशित होने बाले समाचार पत्रों ने भी प्रमुख रूप से अपनी भूमिका निभाते हुए हमेशा राष्ट्रवाद और जनहित की पत्रकारिता को नई दिशा दी थी उन्होंने पत्रकारों से आह्वान करते हुए कहा कि पत्रकारिता केवल खबर देने का माध्यम नही,बल्कि समाज को जागरूक और सकारात्मक दिशा देने का सशक्त दायित्व भी है उन्होंने अपील की बह अपने दायित्वो का जिम्मेदारी से निर्वहन करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष सुनील शर्मा ने पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए कहा कि देवर्षि नारद सृष्टि के प्रथम पत्रकार थे नारद मुनि केवल सन्देश वाहक ही नही बल्कि नीति युद्ध कला और समाज को दिशा देने बाले महान संचालक थे उन्होंने कहा कि असज पत्रकारों को राष्ट्र हित व समाज सुधार की भावना के साथ आगे बढ़ना होगा। कार्यक्रम का सफल संचालन करते हुए जिला महासचिव दीपक कपूर ने अपने सम्बोधन में पत्रकारों से कहा कि आज पत्रकारिता का स्तर गिरता जा रहा है आप लोगो को आगे बढ़कर पत्रकारिता का मस्तक ऊंचा करना होगा बर्तमान में निष्पक्ष और जिम्मेदार पत्रकारिता ही लोकतंत्र की असली ताकत है,आज की आधुनिक पत्रकारिता जहाँ पत्रकारों के लिये बड़ा आकर्षक का केंद्र है बही इस क्षेत्र में जोखिम व खतरे भी बहुत है व सुविधाएं न के बराबर है। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष अनुज विश्नोई,आकाश विश्नोई,कोषाध्यक्ष सुनील गुप्ता,मिडिया प्रभारी सुनील तोमर,मोहीत गुप्ता पूनम सागर, नरेश सागर, जसवीर सिंह, संजीव सिंह,इफ्तिकार अर्शी,संदीप वर्मा,गुलशन गुप्ता इसके अलावा प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य सतीश अग्रवाल एवं विधिक सलाहकार मोहित शर्मा मौजूद रहे।

# शराब के लिए रुपये न देने पर देवर ने भाभी से की मारपीट

**चन्दौसी।** कैथल गांव में शराब के लिए रुपये मांगने को लेकर देवर और भाभी के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि रुपये न देने पर देवर ने अपनी भाभी के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की, जिससे महिला को चोटें आईं। पीडिघ्ता ने मामले की शिकायत कोतवाली में करते हुए कार्रवाई की मांग की है। महिला का आरोप है कि उसका देवर शराब पीने का आदी है और अक्सर शराब के लिए उससे रुपये मांगता रहता है। रुपये न मिलने पर वह विवाद करने के साथ गाली-गलौज भी करता है। कुछ दिन पूर्व भी वह शराब के नशे में घर पहुंचा और रुपये मांगने लगा। मना करने पर उसने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए मारपीट कर दी। पीडिघ्ता का कहना है कि मारपीट के दौरान उसे कई स्थानों पर चोटें आईं। साथ ही झगड़े के दौरान उसके कान का एक टॉप्स भी कहीं गिर गया। घटना के बाद महिला अपने पुत्र कार्तिकेय के साथ कोतवाली पहुंची और आरोपी देवर के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।



## एनजीओ के सहयोग से वितरित किए जाएंगे हेल्मेट

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के अन्तर्गत अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग सुनील प्रकाश द्वारा पूर्व में की गयी सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जिलाधिकारी द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में उनके अनुपालन के विषय में अवगत कराया। चेक पोस्ट तथा 05 अन्य चेक पोस्ट के निर्माण के संबंध में खनन निरीक्षक से जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जल निगम ग्रामीण के संबंधित अधिकारी को जल निगम द्वारा पेयजल पाईपलाइन के लिए जिन सड़कों को तोडा गया उनको गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित तरीके से दूरस्त कराने के लिए निर्देश दिए। जल निगम ग्रामीण के संबंधित अधिकारी को जल निगम द्वारा पेयजल पाईपलाइन के लिए जिन सड़कों को तोडा गया उनको गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित तरीके से दूरस्त कराने के लिए निर्देश दिए। जनपद में प्रत्येक थाने के सामने रोड़ पर पुलिस विभाग/ परिवहन विभाग के द्वारा एनजीओ के सहयोग से दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट लगाये जाने तथा आवश्कतानुसार हेलमेट उपलब्ध कराने की व्यवस्था के बिन्दु पर चर्चा की गयी।



सम्भल। झटका मशीनों पर रोक की मांग को डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन देते समिति के लोग।

## झटका मशीनों के उपयोग ओर बिक्री पर लगे रोक

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहजोई।** गौ सेवा संस्थान एवं समाज हित संरक्षण समिति के नेतृत्व में पदाधिकारियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर झटका मशीनों की बिक्री एवं उपयोग पर रोक लगाने की मांग की।

ज्ञापन में कहा गया कि खेतों, छतों और अन्य स्थानों पर लगाए गए झटका मशीन के तारों में प्रवाहित करंट से पशुओं और लोगों की सुरक्षा को खतरा बना हुआ है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि इन तारों की चपेट में आने से गौवंश, बंदर समेत अन्य पशु घायल हो जाते हैं तथा कई बार बेहोश भी हो जाते हैं। साथ ही कम ऊंचाई पर लगे तार बच्चों के लिए भी दुर्घटना का कारण बन सकते

**0गोसेवा संस्थान व समाज हित संरक्षण समिति ने सौंपा डीएम को ज्ञापन**

हैं। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि कुछ लोग खेतों की सुरक्षा के नाम पर झटका मशीनों के तारों में घरेलू विद्युत करंट प्रवाहित कर रहे हैं, जिससे गंभीर हादसे हो रहे हैं। संगठन के पदाधिकारियों ने दावा किया कि हाल के महीनों में ऐसे मामलों में जनहानि की घटनाएं सामने आई हैं। उन्होंने प्रशासन से जिले में लगी झटका मशीनों और करंट युक्त तारों की जांच कर कार्रवाई करने की मांग की। ज्ञापन सौंपने वालों में धर्म जागरण प्रमुख राजेश स्वरूप अश्वनी महाराज, शिवभक्त शर्मा रजपुरावाले, नितिन नागर, नवीन सर्राफ (सभासद), ठाकुर प्रीताम्बर सिंह, जवाहर यादव भगत जी तथा हनुमान मंदिर के पुजारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे। संगठनों ने प्रशासन से जनहित और पशु सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए झटका मशीनों की बिक्री पर रोक लगाने तथा पहले से लगाए गए खतरनाक तारों को हटवाने की मांग की है।

## भ्रष्टाचार के आरोपी पांच सचिव ओर ग्राम प्रधान पर कार्रवाई शुरू

**0जांच रिपोर्ट में ग्राम प्रधान और सचिवों को माना गया जिम्मेदार**

**0जांच में सामने आया 5.23 लाख रुपये के दुरुपयोग का मामला**

**0विकास कार्यों के नाम पर सरकारी धन के दुरुपयोग और योजनाओं का पात्रों को लाभ नहीं पहुंचने के आरोप**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** सरकारी योजनाओं में हुए भृष्टाचार व वित्तीय अनियमित्ताओं पर जिलाधिकारी के निर्देश पर पूर्व ग्राम प्रधान समेत पॉच ग्राम पंचायत सदस्यों पर गाज गिर गयी है। जबकि संबंधित दोषी सचिवों के विरुद्व नियुक्ति प्राधिकारी के स्तर से निलंबित किए जाने एवं अनियमित भुगतानित/ दुरुपयोगित शासकीय धनराशि की वसूली की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

विकासखण्ड पवांसा के ग्राम ऐंचोली में वित्तीय वर्ष 2021-22 से 2023-24 तक ओडीएफ प्लस, ग्राम निधि एवं मनरेगा के अंतर्गत अवमुक्त की गई धनराशि का दुरुपयोग किए जाने एवं शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ पात्रों को नहीं दिए जाने आदि आरोपित बिंदुओं पर प्रारंभिक जांच की गई थी तथा अंतिम जांच जांच अधिकारी कृषि उपनिदेशक सम्भल तथा अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग सम्भल द्वारा एवं जिला लेखा परीक्षा अधिकारी सहकारी समितियां एवं पंचायतें सम्भल द्वारा की गई। उपनिदेशक कृषि द्वारा दी गई जांच आख्या 25 मार्च 2026 को प्रस्तुत की गई। उक्त जांच आख्या के अनुसार ग्राम पंचायत द्वारा कराए गए कार्यों में अंकन 523195 .00 की शासकीय धनराशि की दुरुपयोग/ वित्तीय अनियमित कारित किए जाने के लिए ग्राम पंचायत को दोषी पाते हुए उक्त धनराशि की वसूली योग्य पाया जाना निष्कर्षित किया गया था। जिलाधिकारी कार्यालय द्वारा 1 अप्रैल 2026 को जारी किए गए पत्र द्वारा उत्तर प्रदेश पंचायत राज अधिनियम 1947 की धारा 51 (1) छ के अंतर्गत ग्राम प्रधान को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया तथा एक पक्ष की समय अवधि में उत्तर प्रस्तुत किए जाने हेतु निर्देशित किया गया था। इसयके अलावा ग्राम पंचायत सचिवों को भी कारण बताओं नोटिस और उत्तर प्रस्तुत करने के लिए संबंधित अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया। ग्राम प्रधान एवं ग्राम सचिव द्वारा प्रस्तुत उत्तर संतोषजनक नहीं पाए जाने तथा जांच में शासकीय कार्यों के सापेक्ष निष्कर्षित उक्त शासकीय क्षति/निष्कर्षित वसूली योग्य धनराशि के लिए ग्राम प्रधान तथा संबंधित तत्कालीन ग्राम सचिव समान रूप से उत्तरदाई पाए गए प्रख्यात वसूली धनराशि अंकन 523195.00 का आधा भाग की धनराशि अंकन रुपए 261 597. 50 ग्राम प्रधान तथा आधा भाग की धनराशि 261597.50 की धनराशि संबंधित तत्कालीन ग्राम सचिवों से वसूल किए जाने की जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए। जिला पंचायत राज अधिकारी चेतेन्द्र पाल सिंह द्वारा सुग्रीव सिंह ग्राम पंचायत अधिकारी विकासखंड रजपुरा तत्कालीन ग्राम पंचायत सचिव ग्राम ऐंचोली विकासखंड पवांसा को अपने दायित्वों का ठीक प्रकार से निर्वहन न करने तथा अनियमित भुगतानित/दुरुपयोगित शासकीय धनराशि का दोषी पाए जाने पर निलंबित किया गया तथा अनुशासनिक/विभागीय कार्यवाही में जांच हेतु सहायक विकास अधिकारी पंचायत विकासखंड असमोली को जांच अधिकारी नामित किया गया। जिला विकास अधिकारी राम आशीष द्वारा ग्राम विकास अधिकारी अबरार अहमद ग्राम विकास अधिकारी विकासखंड रजपुरा तत्कालीन ग्राम पंचायत सचिव ग्राम पंचायत ऐंचोली एवं ग्राम विकास अधिकारी अजीत कुमार ग्राम विकास अधिकारी तत्कालीन ग्राम पंचायत सचिव ऐंचोली विकासखंड पवांसा तथा नवनीत मिश्रा ग्राम विकास अधिकारी विकासखंड पावसा तत्कालीन ग्राम पंचायत सचिव एंचोली एवं गौरव कुमार कनौजिया ग्राम विकास अधिकारी विकासखंड बहजोई तत्कालीन ग्राम पंचायत सचिव ग्राम पंचायत ऐंचोली विकासखंड पवांसा को निलंबित किया गया। अबरार अहमद के विरुद्ध अनुशासनिक/विभागीय कार्यवाही में जांच हेतु खण्ड विकास अधिकारी जुनावई को जांच अधिकारी नामित किया गया तथा अजीत कुमार के विरुद्व अनुशासनिक/विभागीय कार्यवाही में जांच हेतु खण्ड विकास अधिकारी सम्भल तथा नवनीत मिश्रा के विरुद्व अनुशासनिकध विभागीय कार्यवाही में जांच हेतु खण्ड विकास अधिकारी गुन्नौर तथा गौरव कुमार कन्नौजिया के विरुद्व अनुशासनिक/ विभागीय कार्यवाही की जांच हेतु खण्ड विकास अधिकारी बनियाखेड़ा को जांच अधिकारी नामित किया गया।

## श्रीकल्कि पधारो धरती पर श्रृंखला का इक्कीस कुंडीय यज्ञ सम्पन्न

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** श्रीकल्कि पधारो धरती पर श्रृंखला के तहत माया पुरुषोत्तम श्रीकल्कि के निमित चले आ रहे यज्ञ, महायज्ञ, योग, महाजाप, सेवा, सत्कर्म, ध्यान, दान, अभिषेक और तर्पण, की श्रृंखला में श्रीकल्कि पधारो धरती पर श्रृंखला का विषेश शुद्व सात्विक पदार्थो से आहुत पांच सौ इक्यावन बां इक्कीस कुण्डी यज्ञ साधक साधिकाओ द्वारा वृह्म महुर्त मे भगवान श्रीगोरक्षनाथ जी माँदुर्गा व महादेव की दया महर कृपा से सम्पन्न किया गया। जबकि माँदुर्गा स्तवन का मासिक यज्ञ दिनेश मोहन श्रीमाली द्वारा आदि शक्ति माँदुर्गा को दस हजार आठ सौ आहुतियाँ प्रदान करके भारत राष्ट्र की समृद्वि विश्व शान्ति व श्रीकल्कि प्राकटय को प्रार्थना की गयी।



सम्भल- श्रृंखला के समापन पर हवन करते साधक-साधिकायें।

अध्यात्मिक गुरू पं. राधेश्याम श्रीमाली के निर्देशन में इस अवसर पर डा. योगी नागेन्द्र मोहन श्रीमाली ने कहा कि हमारे जीवन का यह अत्यंत महत्वपूर्ण हर्षित पल है जो हम पांच सौ इक्यावन वां यह इक्कीस कुण्डी, इक्कीस साधक साधिकाओ द्वारा यज्ञ भगवान श्रीकल्कि को समर्पित कर रहे हैं। उन्होंने कहा हालांकि आज इस मिशन श्रीकल्कि को उसके दिव्य स्वरुप में स्थापित करने वाले पं रामभरोसे लाल श्रीमाली जी सहित कयी सारे साधक साधिका हमारे बीच न होकर प्रभु श्रीकल्कि के चरणों में स्थान पाकर प्रसन्न होगे और हर्षित होकर शायद देख भी रहे होगे कि उनके द्वारा स्थापित मिशन श्रीकल्कि आज एक विशाल और विराट रुप में विकसित होकर निरंतर आगे बढ रहा है। आनंद सैनी ने कहा की इस बार यह बढ़े हर्ष का विषय है कि ज्येष्ठ माह दो बार पड रहा रहा है। और प्रभु ने हमे दो बार तपस्या करने का शुभावसर दिया है। इसलिए सीमित साधक साधिकाओ ने बडे हर्ष और उत्साह से सोलह जून मंगलवार से चौबीस जून बुद्ववार तक पुन: तपस्या करने का निर्णय लिया। आनंद कुमार ने कहा कि हमारे जीवन का वास्तविक लक्ष्य ही प्रभु श्रीकल्कि को धरती पर लाना है। इसके लिए चाहे जितने भी जन्म क्यो न लेने पडे क्योंकि 'जिंदगी भर हम तेरा नाम तो ले लेगे,किन्तु अफसोस रहेगा कि उम्र थोडी थी। इस मौके पर लाला भूकन सरन यशवर्धान मनोज श्रीमाली रुद्रांश श्रीमाली सूर्याश श्रीमाली अश्विनी श्रीमाली कैलाश चन्द्र शर्मा कृष्णा मोहन जितेन्द्र गुप्ता हर्ष वर्धन तनिष्क श्रीमाली सहित समिति की सभी इकाईयो के पदाधिकारी व महिला मंडल रुकमनी देवी सुनिता देवी नीरज श्रीमाली लक्ष्मी, आरती आदि मौजूद रहे।

## ज्येष्ठ पूर्णिमा पर राजघाट पर हुआ स्नान

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** ज्येष्ठ पूर्णिमा का पर्व आस्था और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। गंगा घाटों पर स्नान कर पूजा अर्चना की जा रही है। इसके साथ ही दान पूण्य कर लोग पुण्य लाभ कमा रहे हैं। पर्व 30 व 31 को मनाया जा रहा है। रविवार को भी स्नान होगा। घाट पर किसी तरह की घटना न हो और शांति की व्यवस्था के बीच गंगा स्नान हो इसको लेकर पुलिस प्रशासन चौकन्ना है। गोताखोरों से लेकर अफसर तक गंगा घाट से लेकर मुख्य मार्ग तक लगे हुए हैं। शनिवार को ब्रह्म मुहूर्त से ज्येष्ठ पूर्णिमा पर गंगा स्नान और हवन पूजन आदि शुरू किए गए जो लगातार जारी है। राजघाट गंगाघाट के अलावा नरौरा घाट सहित गंगा घाटों पर गंगा स्नान चल रहा है।काफी संख्या में श्रद्वालुओं ने पहुंचकर आस्था की डुबकी लगायी। जबकि शनिवार को भी हर-हर गंगे हर हर महादेव का जय घोष से माहौल भक्ति में हो गया है। गंगा घाट पर गुन्नौर क्षेत्र के अलावा आसपास के डिबाई, चन्दौसी, बहजोई आदि से लोग पहुंच रहे हैं। बस और ट्रेन एवं निजी वाहनों के माध्यम से गंगा स्नान के लिए पहुंचे श्रद्वालुओं की भारी भीड़ देखी जा रही है। श्रद्वालुओं की को किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो इसको लेकर गंगा घाट से लेकर हाइवे तक पुलिस फोर्स को लगाया गया है और ट्रैफिक कर्मी भी लगाए गए हैं जिससे जाम की व्यवस्था न बन सके। वही पार्किंग सिस्टम लागू करके वाहनों को पार्किंग में रोका जा रहा है। गंगा घाट पर जनमानस को समस्याओं से राहत दी जा रही है। इधर गंगा घाट पर जगह-जगह भंडारे चल रहे हैं और लोग दानपूण्य कर पुण्य लाभ कमा रहे हैं। बबराला थानाध्यक्ष सौरभ त्यागी ने बताया कि गंगा घाट पर पुलिस फोर्स के अलावा गोताखोरों को सक्रिय कर दिया गया है जिससे किसी भी प्रकार की कोई घटना न हो सके।

**0रविवार को भी आयेंगी बड़ी संख्या में श्रद्वालु**

## एमओआईसी, स्वास्थ्य कर्मी दायित्वों का अपेक्षा के अनुरूप कार्य करें

**0रा. स्वा. मिशन के तहत स्वास्थ्य समिति की मासिक समीक्षा बैठक में डीएम ने दिए निर्देश**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की मासिक बैठक में समीक्षा की गई।

कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जिला कार्यक्रम प्रबंधक (डीपीएम) द्वारा जनपद में स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों (सीएचसी), प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों (पीएचसी), कार्यरत चिकित्सकों, अन्य कार्मिकों तथा संचालित स्वास्थ्य इकाइयों का संक्षिप्त परिचय कराया। जबकि पूर्व बैठक में जिलाधिकारी द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में की गई कार्यवाही की आख्या भी पेश की। बैठक में जनपद में प्रस्तावित 34 नवीन उपकेन्द्र भवनों के निर्माण हेतु भूमि उपलब्धता की समीक्षा की गई। अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत ने बताया कि 10 उपकेन्द्रों हेतु अभी भूमि उपलब्ध नहीं हो सकी है। जिलाधिकारी ने संबंधित 10 उपकेन्द्रों की सूची तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जबकि ट्रॉमा सेंटर को लेकर भी मुख्य चिकित्सा अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में आयुष्मान कार्ड निर्माण की समीक्षा के दौरान उन्होंने सीएचसी रजपुरा के अन्तर्गत बनाए गए कार्डों की संख्या के संबंध में एमओआईसी से जानकारी लेकर कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक के दौरान डीपीएम को समीक्षा पुस्तिका में सभी महत्वपूर्ण आंकड़े सम्मिलित शामिल करने और राज्य स्तर पर जनपद की रैंकिंग एवं अन्य जनपदों की रैंकिंग के तुलनात्मक आंकड़ों को भी शामिल करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक एमओआईसी एवं स्वास्थ्य कार्मिक अपने दायित्वों एवं अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य सुनिश्चित करें। जननी सुरक्षा योजना की उपलब्धियों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को विभिन्न स्तरों पर लगने वाले समय का स्पष्ट फ्लो-चार्ट तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रत्येक पीएचसी पर चिकित्सकों की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित करने पर भी बल दिया। बैठक में ओरल कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर तथा सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम एवं जागरूकता संबंधी गतिविधियों की समीक्षा की गई। सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु एचपीवी टीकाकरण अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। आभा आईडी निर्माण की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने शिविरों के आयोजन की जानकारी प्राप्त की तथा निर्देशित किया कि आभा आईडी सहित अन्य जन कल्याणकारी स्वास्थ्य सेवाओं के लिए संयुक्त शिविर आयोजित किए जाएं। आरसीएच फीडिंग की समीक्षा के दौरान बीपीएम को डेटा फीडिंग पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए।ई-संजीवनी ओपीडी की ब्लॉकवार समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने प्रत्येक ब्लॉक को न्यूनतम 10 परामर्श प्रतिदिन का लक्ष्य निर्धारित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा एनक्यूएएस, एचआईवी टेस्टिंग, लिंकेज लॉस, साईं कृपा सेवा संस्थान तथा रेड रिबन क्लब की गतिविधियों की भी समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

## अफवाहों पर ध्यान न दें प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का करें पालन

**0मौसम को लेकर आपदा प्रबंध ने फिर जारी की एडवाइजरी**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** मौसम के लगातार हो रहे लगातार बदलाव पर जिलाधिकारी ने एक बार फिर एडवाइजरी जारी की है। जिसके तहत जिला आपदा प्रबंधन की ओर से अपील करते हुए कहा है कि आम जनमानस से, मौसम विभाग, के अनुसार जनपद संभल में अगले 03 घंटों में जनपद के अलग-अलग स्थानों पर बिजली कड़कने के साथ मध्यम दर्जे का तूफान (हवा की गति 40-60 किमी/घंटा, जो बढ़कर 80 किमी/घंटा तक पहुँच सकती है) आने की बहुत अधिक संभावना के दृष्टिगत ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, द्वारा जनपद वासियों से खराब मौसम के दौरान सतर्क एवं सुरक्षित रहें तथा निम्न सावधानियों का पालन अवश्य करने की भी अपील की है। रेडियो, टेलीविजन एवं सोशल मीडिया के माध्यम से मौसम संबंधी जानकारी निरंतर प्राप्त करते रहें। पुराने एवं जर्जर भवनों तथा कच्ची दीवारों से दूर रहें। अत्यंत आवश्यक कार्य होने पर ही घर से बाहर निकलें। धातु की डंडी वाले छाते का उपयोग न करें। विद्युत तारों एवं विद्युत पोलों के नीचे अथवा आसपास खड़े न हों। खेतों में पहले से कटी हुई फसल को सुरक्षित स्थान पर ढककर रखें। कृषकगण भारी वर्षा एवं ओलावृष्टि के दौरान खेतों पर जाने से बचें।

## जनेटा शरीफ में अकीदत के साथ सम्पन्न हुआ रूहानी जलसा

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** खानकाह सय्यद मुजामिया नौशाहिया, दरगाह जनेटा शरीफ में महाना ग्यारहवीं शरीफ का रूहानी जलसा अकीदत के साथ सम्पन्न हो गया। कार्यक्रम की शुरुआत कारी लईक ने बारगाह- ए इलाही में हम्द ए तआला पेश कर की, जिससे पूरा माहौल रूहानियत और नूरानियत से सराबोर हो गया। इसके साथ ही कारी लईक ने महफिल की बेहतरीन निजामत भी अंजाम दी। नमाज-ए-मगरिब के बाद महफिल ए-मीलाद का आयोजन किया गया, जिसमें आशिकान ए-रसूल ने पूरे जोश ओ खरोश के साथ शिरकत की। इस दौरान कारी महबूब, ताहिर भाई व दीगर नात-ख्वान ने अपने दिलकश अंदाज में नात-ए-रसूल-ए-पाक पेश कर महफिल को नूरानी बना दिया। जबकि बादनमाज-ए-इशा हल्का ए जिक्र हुआ, जहाँ अल्लाह की याद में दिलों को सुकून और रूह को ताजगी हासिल हुई। मुफ्ती-ए-कारी अलाउद्दीन ने खिताब किया। उन्होंने दीन-ओ-दुनिया की भलाई, अमन-ओ-सुकून और इंसानी अखघ्लाकध् के अहम पैगाम पेश किए। अंत में पीरो-मुर्शिद अलहाज डा. सय्यद शाहिद मियां ने रब्बुल इज्जत की बारगाह में दुआ फरमाई। उन्होंने खास तौर पर मुल्क व कौम की बेहतरी, अमन-ओ-सुकून और तरक्की के लिए खुसूसी दुआएँ कीं।इस मौके पर उनके साथ शहजादगान डा. सय्यद अजमल अलीगढ़ी, सय्यद आमिर मियां, नायब सज्जादा नशीं इंजीनियर सय्यद अफजल उर्फ सामी मियां भी मौजूद रहे। महफिल में दूर-दराज से आए मुरीदीन व अकीदतमंदों में हाजी इमामुद्दीन, गफार भाई, मुशाहिद भाई (दिल्ली) समेत बड़ी तादाद में जायरीन शरीक हुए।



सम्भल- जनेटा शरीफ में ग्यारहवीं शरीफ के जलसे में समापन पर दुआ मांगते।

## गुन्नौर तहसील परिसर से बाइक हुइ चोरी, मचा हड़कम्प

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** तहसील गुन्नौर परिसर से बाइक चोरी हो गयी।थाना में तहरीर दी है।

ग्रामीण जुगलकिशोर पुत्र नत्थू निवासी न्योरा थाना रजपुरा की बाइक तहसील गुन्नौर में एस.डी.एम. कोर्ट के पीछे खड़ी की गई थी कुछ समय बाद वापस आने पर देखा कि बाइक वहां पर नहीं थी। आस पास काफी खोजबीन की गई लेकिन बाइक का कोई पता नहीं चल सका। किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बाइक चोरी कर ली गई है। जिसका सीसीटीवी फुटेज गुन्नौर तहसील परिसर में लगे कैमरा में आ रहा है। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही कर बाइक वरामद करें। गुन्नौर पुलिस ने बताया की टीम गठित कर दी गई है।सीसीटीवी फुटेज चेक कर रहे हैं।

## एक नज़र इधर भी

### टेम्पू ई-रिक्शा की भिड़ंत में पांच घायल

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** टेंपो और ई रिक्शा की भिड़ंत मे पाच लोग घायल हो गये। हादसे मे ई रिक्शा सवार पांच लोग घायल हो गए।

आगरा मुरादाबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर थाना बबराला क्षेत्र के गांव सिंहदलनपुर निवासी दुष्यंत पुत्र राम बसंत बबराला क्षेत्र से अपनी बेटी व बच्चों को छोड़ने बेटी की ससुराल गांव बिचपुरी सैलाब थाना गुन्नौर को जा रहे थे। तभी रास्ते में गुन्नौर के अफसर नगर पर टेंपो ने ई रिक्शा में मारी टक्कर मार दी। जिससे बेटी यशोदा पत्नी चंद्रकेश, काव्या, डोली, लक्ष्मी पुत्री चंद्रकेश निवासी बिचपुरी सैलाब थाना गुन्नौर पांचों लोगों को एंबुलेंस से समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर लाया गया जहां डाक्टर ने उपचार देकर तीन लोगों को घर भेज दिया और दो दुष्यंत व काव्या को हायर सेंटर रेफर कर दिया। मौके पर पहुंचे गुन्नौर थाना प्रभारी संजय कुमार ने घायलों की जानकारी ली। टेंपो और ई रिक्शा को पुलिस ने कब्जे में ले लिया। तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

### प्लास्टिक मुक्त अभियान व वृक्षारोपण कार्यों की समीक्षा

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल की अध्यक्षता में जिला पर्यावरणीय समिति, जिला वृक्षारोपण समिति एवं जिला गंगा समिति की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान प्रभागीय वनाधिकारी प्रीति यादव द्वारा विभिन्न एजेंडा बिंदुओं की जानकारी प्रस्तुत की गई। बैठक में ठोस अपशिष्ट (सॉलिड वेस्ट) एवं प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन की समीक्षा की गई। प्लास्टिक मुक्त अभियान के अंतर्गत नगर पालिका एवं नगर पंचायतवार प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बायो-मेडिकल वेस्ट प्रबंधान की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों से अस्पतालों में किए गए निरीक्षणों की जानकारी ली। उन्होंने कॉमन बायो-मेडिकल वेस्ट ट्रीटमेंट एंड डिस्पोजल फैसिलिटी (साझा उपचार एवं निस्तारण केंद्र) के नियमित निरीक्षण के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए। ई-वेस्ट प्रबंधन की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने समस्त नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारियों को ई-वेस्ट संग्रहण हेतु विशेष अभियान संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आगामी बैठक में प्रदूषण नियंत्रण विभाग के क्षेत्रीय अधिकारी (आरओ) की उपस्थिति सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दिए। बैठक में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) से निकलने वाले ठोस अपशिष्ट के सुरक्षित निस्तारण पर भी चर्चा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। वृक्षारोपण कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान प्रभागीय वनाधिकारी ने अवगत कराया कि वर्ष 2026-27 हेतु जनपद को 22 लाख पौधारोपण का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इस पर जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को वृक्षारोपण हेतु स्थलों का समयबद्ध चिन्हीकरण करने तथा आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रीन चौपाल का आयोजन प्रत्येक शुक्रवार को नियमित रूप से सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दिए।जिला गंगा समिति की बैठक में नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत गंगा तटवर्ती ओडीएफ ग्रामों की स्थिति की समीक्षा की गई। प्राकृतिक एवं जैविक खेती के संबंध में उप कृषि निदेशक द्वारा बताया गया कि गंगा किनारे स्थित ग्रामों में जैविक खेती को बढ़ावा देने हेतु कार्य किया जा रहा है। उन्होंने ओमेगा ब्रांड एवं सम्भल कल्कि जैविक उत्पाद के संबंध में भी जानकारी दी।

## बच्चों ने अपने कौशल का किया प्रदर्शन

**0समर कैम्प का हुआ समापन**

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** नगर स्थित विद्याकुंज इंटरनेशनल स्कूल में दस दिवसीय समर कैंप का समापन किया गया। इस अवसर पर गर्वित गोयल बच्चों का उत्साहवर्धन किया। बच्चों ने समर कैंप में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

समर कैंप में सर्वप्रथम बच्चों को योग करवाया गया। तपश्चायत नृत्य, लाइफ स्केल, आर्ट एंड क्राफ्ट, मेहंदी, कुकिंग विदाउट फायर, घुड़सवारी, मार्शल आर्ट तीरंदाजी, योग इत्यादि कलाओं को बच्चों को सिखाया गया। समापन दिवस पर सभी होनहार बच्चों ने कुशल शिक्षकों द्वारा सिखाई गई कलाओं का प्रदर्शन करके दिखाया। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों को उनकी कला कौशल के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक सोनल शर्मा, विनीता अग्रवाल सीमा, मीनाक्षी मिनोचा ,समीक्षा, वर्तिका, नेहा, कुमकुम, खदीजा, नाज, खुशी, मीनल, रेखा अपूर्वा, अंजलि, श्वेता, अमित आदि उपस्थित रहे।



बबराला- विद्याकुंज में बच्चों को प्रशस्ति पत्र वितरित करते।

## गुन्नौर के डुमायल में 77 बीघा तालाब की भूमि कब्ज़ामुक्त

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** जिले में तालाब, पोखरों और सार्वजनिक एवं सरकारी भूमियों को कबज़ा मुक्त कराने के चल रहे अभियान में उप जिलाधिकारी गुन्नौर के नेतृत्व में राजस्व विभाग की उनकी टीम ने 77 बीघा तालाब की भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया।

जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल द्वारा जिले में चक मार्गों एवं तालाबों पर से अवैध कब्जे हटाने के निर्देशों पर गुन्नौर तहसील के अन्तर्गत गुन्नौर तहसील के गांव डुमायल की गाटा संख्या 646/0.961,645/1. 745/644 1.34, 643/1.050 642 0.645, 6/0.43 636/0. 253,638/0.038 कुल 6.463 हेक्टेयर भूमि को उपजिलाधिकारी विकास चंद ने तालाब की भूमि को अवैध कब्जा मुक्त कराया।



उपजिलाधिकारी गुन्नौर एवं राजस्व निरीक्षक रणवीर सिंह, बृजमोहन मौर्य, लेखपाल शाकिर, जसवंत आदि द्वारा पुलिस बल के साथ संयुक्त रूप से ग्राम डुमायल में 77 बीघा तालाब भूमि जिस पर अस्थायी रूप से कब्जा हुआ पाया गया के अवैधा कब्जा को कब्जा मुक्त कराया। उप जिलाधिकारी विकासचन्द्र ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशानुसार यह अभियान लगातार जारी रहेगा जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में तालाबों एवं चक मार्गों पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा सभी संबंधित अधिकारियों को नियमित रूप से निरीक्षण कर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। तालाबों का संरक्षण जल संरक्षण एवं पर्यावरण संतुलन की दृष्टि से अत्यंत आवश्यक है इसलिए इनके चिन्हीकरण एवं संरक्षण की कार्यवाही प्राथमिकता पर की जा रही है।



# श्रद्धा कपूर का माइकल जैक्सन के गाने पर फनी डांस

## कथित बॉयफ्रेंड को टैग कर लिखाः कोई ऐसा ढूंढो जो आपका ऐसा डांस निकाल पाए

**दावा किया गया था कि श्रद्धा अपने कथित बायफ्रेंड राहुल मोदी के साथ जल्द ही शादी के बंधन में बंध सकती हैं। दरअसल, एक पोस्ट में दावा किया गया था कि श्रद्धा और राहुल की शादी राजस्थान के उदयपुर में हो सकती है।**

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपना एक फनी डांस वीडियो शेयर किया। वीडियो में वह पजामा पहनकर डांस करती नजर आईं। श्रद्धा ने माइकल जैक्सन के गाने बैड पर डांस किया।

जिसमें उनके मजेदार और एनर्जेटिक मूव्स दिख रहे हैं। हालांकि, वीडियो के साथ-साथ उनके कैप्शन ने लोगों का ध्यान खींचा। अपने कथित बायफ्रेंड राहुल मोदी को टैग करते हुए उन्होंने लिखा, 'कोई ऐसा ढूंढो जो आपका ऐसा डांस निकाल पाए।' जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि यह वीडियो राहुल मोदी ने रिकार्ड किया है। श्रद्धा और राहुल के रिश्ते की चर्चा पहली बार 2024 की शुरुआत में तब हुई, जब दोनों को मुंबई में एक डिनर डेट के बाद साथ देखा गया था। हालांकि, दोनों ने अपने रिश्ते को सार्वजनिक रूप से कभी स्वीकार नहीं किया है, लेकिन उन्हें अक्सर साथ स्पाट किया गया है। वहीं, इसी साल जनवरी के महीने में सोशल मीडिया पर श्रद्धा की शादी की चर्चाएं तेज हुई थीं। दावा किया गया था कि श्रद्धा अपने कथित बायफ्रेंड राहुल मोदी के साथ जल्द ही शादी के बंधन में बंध सकती हैं। दरअसल, एक पोस्ट में दावा किया गया था कि श्रद्धा और राहुल की शादी राजस्थान के उदयपुर में हो सकती है। जिसके बाद इन दावों पर श्रद्धा के भाई और एक्टर सिद्धांत कपूर ने मजेदार अंदाज में प्रतिक्रिया दी थी। सिद्धांत ने इंस्टाग्राम पर वायरल हो रही एक पोस्ट के कमेंट सेक्शन में हैरानी और हंसी वाले इमा. `जी के साथ लिखा था, 'ये तो मेरे लिए भी न्यूज है।

# बंदर के किरदार से है बॉबी देओल का गहरा कनेक्शन



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता बॉबी देओल ने अपनी आगामी फिल्म बंदर में निभाए जा रहे किरदार को लेकर अपने अनुभव साझा किए हैं। फिल्म का ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ है, जिसके बाद इसे लेकर दर्शकों में उत्साह बढ़ गया है।फिल्म का निर्देशन अनुराग कश्यप ने किया है और इसे निखिल द्विवेदी के सैफरन मैजिकवर्क्स तथा जी स्टूडियोस के सहयोग से बनाया गया है। बॉबी देओल ने कहा कि वह जिस माहौल में बड़े हुए हैं, वहां उन्होंने हमेशा अपने परिवार, विशेषकर बहनों की सुरक्षा और उनके भविष्य को लेकर चिंता महसूस की। उन्होंने बताया कि पुरुष-प्रधान समाज में पले-बढ़े होने के कारण उनके भीतर एक अलग तरह की संवेदनशीलता विकसित हुई है, जो उनके इस किरदार में भी दिखाई देती है। फिल्म में बॉबी देओल समीर मेहरा का किरदार निभा रहे हैं, जो एक ढलता हुआ पॉप स्टार है और यौन शोषण के आरोपों के बाद कोर्टरूम ड्रामा और मीडिया ट्रायल का सामना करता है। कहानी एक जटिल कानूनी और सामाजिक संघर्ष को दर्शाती है, जिसमें वह खुद को निर्दोष साबित करने की कोशिश करता है। 'बंदर' को सुदीप शर्मा और अभिषेक बनर्जी ने लिखा है, जो 'पाताल लोक', 'कोहरा' और 'उड़ता पंजाब' जैसी सराही गई कहानियों के पीछे की मशहूर जोड़ी हैं।

# पारुल गुलाटी ने सूफी बिस्मिल के साथ मनवा मेरा में एक नया म्यूजिक वीडियो जारी किया



**मुंबई।** अभिनेत्री और उद्यमी पारुल गुलाटी ने मशहूर भारतीय सूफी सिंगर बिस्मिल के साथ रिलीज हुए नए म्यूजकि वीडियो 'मनवा मेरा' में अपनी दमदार मौजूदगी से दर्शकों का दिल जीत लिया है। 29 मई को रिलीज हुए इस गाने ने सोशल मीडिया पर आते ही चर्चा बटोरनी शुरू कर दी है। फैंस इस भावनात्मक जुड़ाव और म्यूजकि वीडियो की शानदार विजुअल स्टोरीटेलिग की जमकर तारीफ कर रहे हैं। मनवा मेरा एक रोमांटिक म्यूजकिल अनुभव है, जिसमें प्यार, जलन, तड़प और पजे. सिवनेस जैसी भावनाओं को खूबसूरती से दिखाया गया है। बिस्मिल की सूफियाना आवाज और शानदार विजुअल्स मिलकर इस गाने को बेहद इमोशनल और इंटेंस बनाते हैं। इस म्यूजकि वीडियो की सबसे बड़ी खासियत पारुल गुलाटी का अलग-अलग लुक्स और शेड्स में नजर आना है, जो उनके किरदार के कई पहलुओं को सामने लाता है। यह पारुल गुलाटी और बिस्मिल का पहला साथ काम करने वाला प्रोजेक्ट है, जिसमें दो अलग-अलग क्रिएटिव दुनिया के कलाकार एक साथ आए हैं। जहां बिस्मिल की सूफी गायकी गाने को गहराई देती है, वहीं पारुल की स्क्रीन प्रेजेंस और स्टाइलिग वीडियो को और भी खास बनाती है।

# होम्बले फिल्मस ने किया एलो का नाय पहला वार का ऐलान

**मुंबई।** मशहूर प्रोडक्शन हाउस 'होम्बले फिल्म्स' ने आधिकारिक तौर पर अपनी पहली हिप-हॉप म्यूजिकल स्टोरी 'एतो का नाय' का एलान कर दिया है।

अलग-अलग संस्कृतियों और भाषाओं में अपनी कहानियों का दायरा बढ़ाते हुए, प्रोडक्शन हाउस ने इस फिल्म के हिंदी वर्जन एतो का नाय-पहला वार की भी घोषणा की है। यह युवाओं के कल्चर, रिदम, इमोशन और असलियत से सजी एक बेहद फ्रेश और एनर्जेटिक म्यूजिकल जर्नी की शुरुआत है, जिसकी पूरी कहानी सपनों के शहर मुंबई के बैकड्रॉप पर आधारित है। अलग-अलग फिल्म इंडस्ट्रीज में लगातार सफलता का परचम लहराने वाले 'होम्बले फिल्म्स' ने भारत के अग्रणी कंटेंट-ड्रिवन प्रोडक्शन बैनर्स में अपनी एक मजबूत जगह बनाई है। यह बैनर क्षेत्रीय कहानियों को उनके इमोशनल और सांस्कृतिक वजूद को बरकरार रखते हुए एक बड़े सिनेमाई स्तर पर लाने के लिए जाना जाता है।

# शादी और उम्र पर ट्रोल करने पर भड़कीं शमिता

**मुंबई।** शिल्पा शेट्टी की बहन और एक्ट्रेस शमिता शेट्टी ने सोशल मीडिया पर अपनी उम्र और शादी को लेकर कमेंट करने वाले ट्रोलर्स को कड़ा जवाब दिया है। इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक स्क्रीनशाट शेयर करते हुए शमिता ने उन लोगों पर निशाना साधा जो सिंगल महिलाओं को ऐज-शेम करते हैं। 47 वर्षीय शमिता ने कहा कि वे शादी करने की किसी जल्दबाजी में नहीं हैं और अपनी जिंदगी में बेहद फिट और खुश हैं। उन्होंने ट्रोलर्स की पुरुष-प्रधान और पिछड़ी सोच पर आपत्ति जताते हुए उन्हें तुरंत अनफालो करने की सलाह दी है। शमिता शेट्टी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक ट्रोलर की पोस्ट का स्क्रीनशाट शेयर किया। इसमें यूजर ने लिखा था कि आपकी उम्र हो गई है और अब पहले वाली बात नहीं रही। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए शमिता ने लिखा, श्हां, मैं अब अलग दिखूंगी। समय के साथ चीजें बदलती हैं और यह जीवन का प्राकृतिक नियम है। शारीरिक बनावट सहित कुछ भी हमेशा के लिए एक जैसा नहीं रहता। लेकिन अपनी उम्र के हिसाब से मैं पूरी तरह स्वस्थ, फिट और खुश हूं। मेरे लिए सिर्फ यही मायने रखता है। यूजर ने शमिता की शादी को लेकर भी टिप्पणी की थी कि अगर समय पर शादी कर लेतीं तो आज बच्चे बड़े हो गए होते।

# मैं ओपन रिलेशनशिप में हूं: शहाना गोस्वामी

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस शहाना गोस्वामी ने हाल ही में बताया कि वह बिना किसी प्राइमरी पार्टनर के ओपन रिलेशनशिप में हैं। सिद्धार्थ कन्नन को दिए इंटरव्यू में शहाना ने कहा कि फिलहाल मेरी जिंदगी में ऐसा कोई एक खास पार्टनर नहीं है। मेरी जिंदगी में कई लोग हैं, जिनसे मेरा लंबे समय से जुड़ाव है, लेकिन ये रिश्ते कैजुअल नहीं हैं। मेरे लिए कोई भी रिश्ता हल्का या टाइमपास नहीं होता।'

उन्होंने आगे कहा कि मेरे लिए ओपननेस का मतलब यह है कि किसी एक इंसान के साथ तय रिश्ता जरूरी नहीं है, लेकिन लोगों के साथ जुड़ाव और अपना. पन बना रहता है। कभी वह सिर्फ दोस्ती होती है, कभी रिश्ता थोड़ा और गहरा भी हो सकता है। हर चीज को किसी एक नाम या दिशा में बांधना जरूरी नहीं है।



# कंगना रनौत ने आम इंसान को बताया असली भारत भाग्य विधाता

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने आम इंसान को असली 'भारत भाग्य विधाता' बताया है। कंगना रनौत इन दिनों अपनी नई फिल्म भारत भाग्य विधाता को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। इस बीच उन्होंने फिल्म के विषय और संदेश पर खुलकर बात की और कई महत्वपूर्ण बातें साझा कीं। फिल्म के बारे में बात करते हुए कंगना ने कहा कि यदि एक दिन के लिए अस्पतालों में नर्सें काम पर न आएं, स्कूलों में स्टाफ न पहुंचे, रेलवे का संचालन ठप हो जाए, शहर की सफाई व्यवस्था बंद हो जाए और सिनेमाघरों का स्टाफ भी छुट्टी पर चला जाए, तो पूरा सिस्टम पूरी तरह रुक सकता है। उन्होंने कहा कि ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह है कि जिन लोगों पर पूरा सिस्टम चलता है, उन्हें हम 'आम आदमी' क्यों कहते हैं। कंगना के अनुसार, यही लोग प्रतिदिन अपने कार्यों से देश और समाज को चलाते हैं, और वास्तविकता में वही देश की असली ताकत हैं, जिन्हें 'भारत भाग्य विधाता' कहा जाना चाहिए। निर्माण पेन स्टूडियो, मणिकर्णिका फिल्म्स, परमहंस क्रिएशन्स, यूनोइया फिल्म्स एलएलपी और फ्लोटिंग रॉक्स एंटरटेनमेंट के सहयोग से किया गया है।



यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108


# माधुरी दीक्षित का फेक वीडियो वायरल

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में एक्ट्रेस एक रिवीलिंग ब्लैक ड्रेस में दिख रही हैं, जिसे देखकर कई लोगों ने उनके पहनावे पर कमेंट करने शुरू कर दिए। हालांकि, वीडियो को लेकर पत्रकार जयदीप पांडेय ने दावा किया कि यह वीडियो फेक एआई वीडियो है। जयदीप ने एक यूजर को रिप्लाई करते हुए लिखा, श्यह माधुरी दीक्षित का एआई से बनाया गया फर्जी वीडियो है। कृपया ऐसी कोई भी चीज पोस्ट या शेयर करने से पहले उसकी सच्चाई की जांच जरूर कर लें। वायरल वीडियो में माधुरी दीक्षित जिस तरह की ड्रेस में दिख रही हैं, वैसी ही ड्रेस उन्होंने 2026 में न्यूज 18 के अवार्ड शो में पहनी थी। कई यूजर्स ने इस वीडियो को शेयर किया। वहीं, एक यूजर की पोस्ट पर कम्यूनिटी नोट जारी कर एक्स (पूर्व में ट्विटर) ने कहा कि वीडियो पूरी तरह से एआई की मदद से तैयार किया गया है।

# 'रामायणम्' के सीन्स कोरियोग्राफ करेंगे हॉलीवुड के दिग्गज

**मुंबई।** फिल्म 'रामायणम्' के मेकर्स ने अपने इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट को बड़े पैमाने पर और अंतर्राष्ट्रीय स्तर का सिनेमाई अनुभव देने के लिए हॉलीवुड के प्रसिद्ध एक्शन कोरियोग्राफर्स को भी टीम से जोड़ लिया है। 'रामायणम्' भारतीय सिनेमा के अब तक के सबसे भव्य और महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट्स में से एक के रूप में उभर रही है। दो भागों की इस महागाथा का उद्देश्य भारतीय महाकाव्य 'रामायण' को एक नए और वैश्विक सिनेमाई स्तर पर प्रस्तुत करना है, जिसमें दमदार कहानी और वर्ल्ड-क्लास विजुअल्स का शानदार संगम देखने को मिलेगा। रणबीर कपूर, यश, साई पल्लवी और सनी देओल जैसे बड़े सितारों से सजी फिल्म को लेकर दर्शकों में पहले ही जबरदस्त उत्सुकता है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर के स्टंट और एक्शन आर्टिस्ट्स में टेरी नोटरी और गाय नॉरिस जैसे नाम शामिल हैं। टेरी नोटरी ने 'प्लैनेट ऑफ द एप्स' और 'द एवेंजर्स' जैसी फिल्मों में काम किया है, जबकि गाय नॉरिस 'मैड मैक्सः फ्यूरी रोड', फ्युरिओसाः ए मैड मैक्स सागा और 'द सुसाइड स्क्वाड' जैसी फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। इनका जुड़ना फिल्म के भव्य विजन को और अधिक वैश्विक आयाम देता है।